राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...

गाजियाबाद, बुधवार 15 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 314, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12




11 ▶ सनी लियोनी को लगता है भगवान...



सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल... ◀ 12

## न्यूज डायरी

### दिल्ली विधानसभा चुनाव : नामांकन से पहले सीएम आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर आचार संहिता के उल्लंघन में एफआईआर दर्ज की गई है। कोड ऑफ कंडक्ट के आरोप में रिटर्निंग अफसर ने सीएम आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। इसके साथ ही आतिशी पर यह भी आरोप लगा है कि



उन्होंने निजी कार्यालय के लिए सरकारी व्हीकल का प्रयोग किया। दर्ज करवाई गई शिकायत में कहा गया है कि चुनाव के ऐलान के बाद 7 जनवरी को करीब 02.30 बजे पीडब्ल्यूडी के सरकारी वाहन, निजी चुनाव कार्यालय पर चुनाव से जुड़े काम के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा। आतिशी की विधानसभा सीट कालकाजी के रहने वाले केएस दुग्गल ने गोविंदपुरी एसएचओ को भी शिकायत दी। कालकाजी से विधायक आतिशी को इस हाई-प्रोफाइल सीट से फिर से टिकट दिया गया है। बीजेपी ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को कालकाजी से मैदान में उतारा है। बता दें दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 5 फरवरी को मतदान होगा, जबकि 8 फरवरी को नतीजे आएंगे।

### पटरी से उतरी पैसेंजर ट्रेन, यात्रियों की अटकी सांसें, लोको पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**चेन्नई (आरएनएस)।** विल्लुपुरम रेलवे स्टेशन के पास आज मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा होते-होते रह गया। यहां यात्रियों को लेकर जा रही एक पैसेंजर ट्रेन अचानक पटरी से उतर गई। मिली जानकारी के मुताबिक पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे रेलवे की पटरी ने उतर गए। हालांकि आनन-फानन में आवाज सुनकर ट्रेन को रोक दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस हादसे के बाद अन्य ट्रेनों के लिए रास्ते को साफ किया गया। वहीं ट्रेन में बैठे अन्य यात्रियों को



सुरक्षित निकाल लिया गया है। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि विल्लुपुरम से पुडुचेरी जा रही पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे विल्लुपुरम रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। तेज आवाज सुनकर ट्रेन को तुरंत रोक दिया गया। ट्रेन रुकने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन रोकने के बाद सभी यात्रियों को ट्रेन से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेलवे कर्मचारी और इंजीनियर घटनास्थल पर पहुंचे और पटरी से उतरी ट्रेन की मरम्मत के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। रेलवे कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद अन्य ट्रेनों के लिए मार्ग साफ किया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई थी या नहीं। वहीं विल्लुपुरम रेलवे पुलिस ने भी मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

### अमृतसर में एक घर में हुआ धमाका, इलाके में मची अफरा-तफरी, पुलिस जांच में जुटी

**अमृतसर (आरएनएस)।** पंजाब के अमृतसर में एयरपोर्ट रोड पर जुझार सिंह एवेन्यू में एक घर में तेज धमाका हुआ। धमाके इतना तेज था कि आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी गई है। जानकरी के अनुसार, धमाका एक घर के अंदर हुआ, धमाके की वजहों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने घर में जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी है। जांच के दौरान मीडियाकर्मियों को भी घटनास्थल के करीब जाने से रोका जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट की डीसीपी विजय आलम ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, किसी तरह की असामान्य गतिविधि या आतंकी पहलू को लेकर भी जांच की जा रही है।




# मकर संक्रांति पर शुरू हुआ अखाड़ों का अमृत स्नान, संगम तट पर दिखा अद्भुत नजारा

**महाकुंभनगर (आरएनएस)।** तीर्थराज में महाकुंभ के महास्नान को उमड़ा देश-दुनिया का जन ज्वार-जीवनदायिनी गंगा, श्यामल यमुना व पौराणिक सरस्वती के पावन संगम में महाकुंभ के प्रथम अमृत स्नान पर्व पर पुण्य की डुबकी लगाने के लिए देश-दुनिया का जन समुद्र उमड़ पड़ा है। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व के बाद अब मंगलवार को महाकुंभ का महास्नान शुरू हो चुका है। महानिवार्णी अखाड़े के अमृत साधु-संत स्नान के लिए जा रहे हैं। नियमों का अनुशरण करते हुए सनातन धर्म के 13 अखाड़ों को अमृत स्नान में स्नान क्रम भी जारी किया गया है।



मकर संक्रांति पर श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी ने सबसे पहले अमृत स्नान किया। जिसके साथ श्रीशंभू पंचायती अटल अखाड़ा ने अमृत स्नान किया। दूसरे स्थान पर श्रीतपोनिधि पंचायती श्रीनिरंजनी अखाड़ा एवं श्रीपंचायती अखाड़ा आनंद अमृत स्नान किया। तीन संन्यासी अखाड़े अमृत स्नान करेंगे, जिसमें श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा एवं श्रीपंच दशनाम आवाहन अखाड़ा तथा श्रीपंचाग्नि अखाड़ा शामिल हैं।
पंचायती निवार्णी अखाड़े के नागा साधुओं ने भाला, त्रिशूल और तलवारों के साथ अपने शाही स्वरूप में अमृत स्नान किया। साधु-संत घोड़े और रथों पर सवार होकर शोभायात्रा में शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया। उनके साथ चल रही भजन मंडलियों और श्रद्धालुओं के जयघोष ने माहौल को और दिव्य बना दिया। 12 किलोमीटर क्षेत्र में फैले स्नान घाटों पर हर हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष सुनाई दिए। साधुओं के अमृत स्नान के साथ ही आम श्रद्धालुओं ने भी अपनी आस्था की डुबकी लगाई।
संगम के आसपास गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ चारों ओर से देखी गई। इस दौरान सभी ने हर हर महादेव और जय श्री राम के नारों से संगम क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। सोमवार शाम से ही महाकुंभ नगर में जन ज्वार आने लगा था, जिसका क्रम देर रात तक चलता रहा। सोमवार को हुए पौष पूर्णिमा पर डुबकी लगाने वाले ज्यादातर श्रद्धालु भी अमृत स्नान करने रुक गए।

महाकुंभ मेला 2025 के दौरान मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं पर एक हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की गई



प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अमृत स्नान के लिए धार्मिक जुलूस के दौरान नागा साधु संगम घाट की ओर बढ़ते हुए



### अब बांग्लादेश को सबक सिखाने की तैयारी, भारत ने डिप्टी हाई कमिश्नर को किया तलब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग का विवाद गहरा गया है। भारत ने आज बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया है। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाई कमिश्नर को समन किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाईकमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर बीएसएफ की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था।



बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बॉर्डर पर फेंसिंग को अवैध कोशिश बताया था। हालांकि, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है। भारत और बांग्लादेश के बीच 4,156 किलोमीटर का बॉर्डर है। इसमें से 3271 किलोमीटर एरिया में भारत ने फेंसिंग कर दी है। 885 किलोमीटर बॉर्डर पर अभी फेंसिंग का काम चल रहा है। ढाका ने पहले आरोप लगाया था कि भारत भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है, जो द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रांति और महाकुम्भ 2025 की बधाई दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति पर्व और महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पर्व और त्योहार समाज और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने का संदेश देते हैं और हमें पावन परंपराओं की मयार्दा का पालन करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।मुख्यमंत्री ने श्री गोरक्षनाथ मन्दिर, गोरखपुर में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मकर संक्रांति भारत के पावन पर्वों की श्रृंखला का हिस्सा है, जो सूर्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर देता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस पर्व को देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, जैसे बंगाल में तिलवा संक्रांति, उत्तर भारत में खिचड़ी संक्रांति। मुख्यमंत्री ने गोरक्षनाथ मन्दिर में दर्शन-पूजन के बाद पावन खिचड़ी चढ़ाई और कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें बाबा के चरणों में खिचड़ी चढ़ाने का अवसर मिला। उन्होंने यह भी बताया कि लाखों श्रद्धालु इस पर्व पर गोरक्षनाथ मन्दिर में खिचड़ी चढ़ा रहे हैं और सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से चल रही हैं।इसके बाद, मुख्यमंत्री ने



महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान की शुरूआत की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान में देश-विदेश से श्रद्धालु भाग ले रहे हैं और लगभग पौने दो करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। उन्होंने कहा कि आज महाकुम्भ का द्वितीय स्नान, लेकिन पहला अमृत स्नान है, जिसमें अखाड़ों की शोभायात्रा और सवारियां भी निकलेंगी। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पवित्र स्थानों को स्वच्छ बनाए रखें और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। उन्होंने यह भी कहा कि शासन-प्रशासन पूरी तत्परता से श्रद्धालुओं की सेवा में जुटा है और स्वयंसेवी संगठन भी इस कार्य में सक्रिय हैं।

**मौसम** 50 से ज्यादा ट्रेनें और 70 फ्लाइटें हुई लेट; एक्यूआई 250 से नीचे पहुंचा

## दिल्ली-एनसीआर में कोहरे का कहर जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर में तीन दिन पहले हुई बारिश से सर्दी और ज्यादा बढ़ गई है। उधर, कोहरा होने से ट्रेनों और उड़ानों पर भी असर पड़ा है। दिल्ली में मंगलवार सुबह कोहरा छाया, जिससे वाहनों को अपना गाड़ी की लाइट जलाकर ही चलना पड़ा। वहीं, अगर बात प्रदूषण की करें तो आज थोड़ी राहत मिली है। दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में मंगलवार को एक्यूआई 250 से नीचे ही दर्ज किया गया है। इहीं, मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण शाम या रात को रुक-रुक कर बहुत हल्की वर्षा हो सकती है।
कोहरे के कारण मंगलवार को ट्रेनों की आवाजाही बाधित रही। दिल्ली आने



वाली लंबी दूरी की 50 से अधिक ट्रेनें देरी से चल रही हैं। अधिकांश लोकल ट्रेनें भी विलंब से चलने के कारण दैनिक यात्रियों की परेशानी हो रही है। देरी से गंतव्य पर पहुंचने के कारण कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ रहा है। इस साल की शुरूआत से ही गुरुग्राम में ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। एक दो दिन को छोड़ दिया जाए तो अधिकतर दिनों में बादल छाए रहे। सोमवार को भी रविवार जैसे हालात रहे। लोगों को दोपहर एक बजे तक सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। एक बजे के बाद धूप निकलने से लोगों को हल्की राहत मिली। वहीं इससे पारा जरूर एक डिग्री कम हो गया। शीतलहर से गलन बढ़ी हुई है। गुरुग्राम का न्यूनतम तापमान सोमवार को आठ डिग्री सेल्सियस रहा और अधिकतम 18.2 डिग्री दर्ज किया गया। बीते दिन रविवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस था। शीतलहर और धूप न निकलने से पारे में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि सोमवार को घना कोहरा तो नहीं रहा, लेकिन धुंध की हल्की चादर छाई रही। दोपहर एक बजे धूप खिलने से लोगों को राहत मिली। वहीं शाम को फिर से हवा चलने से गलन बढ़ गई। गुरुग्राम में शीतलहर के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है।

### तिरुपति मंदिर में फिर हादसा, लड्डू वितरण केंद्र के पास लगी आग; मची अफरा-तफरी

**तिरुपति (आरएनएस)।** तिरुमाला के प्रसिद्ध तिरुपति तिरुमला देवस्थानम मंदिर में एक बार फिर हादसा हो गया। लड्डू वितरण केंद्र के पास आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। यह घटना उस समय हुई जब काउंटर पर भारी भीड़ मौजूद थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब मंदिर में 10 दिवसीय बैकुंठ द्वार दर्शनम उत्सव चल रहा है और देश भर से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे हुए हैं। यह चिंताजनक घटना 8 जनवरी को मंदिर में हुई भगदड़ के बाद हुई है, जिसमें 6 लोगों की जान चली गई थी और 40 से अधिक लोग घायल हो गए थे। वह भगदड़ बैरागी पट्टेदा के पास हुई थी, जहाँ श्रद्धालु बैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने की कोशिश कर रहे थे। उस दुखद घटना के बाद से ही मंदिर प्रशासन हाई अलर्ट पर था और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। इसके बावजूद, लड्डू वितरण केंद्र के पास आग लगने की इस नई घटना ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं से श्रद्धालुओं में चिंता और भय का माहौल है।

## मकर संक्रांति मना बाटी खिचड़ी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** मंगलवार को मकरसंक्रांति के अवसर पर



डॉ.सुमित प्रताप सिंह यूनिट हेड जेपी अस्पताल चिट्टा और थाना अध्यक्ष सलेमपुर अतुल चौहान ने आम जनता को प्रसाद वितरण की शुरूआत की। जेपी चिट्टा के डॉक्टरों की टीम द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया।

# 68 मुकदमों से सम्बन्धित लगभग 1854 लीटर अवैध शराब को किया नष्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा निर्णयशुदा 68 मुकदमों से सम्बन्धित लगभग 1854 लीटर अवैध शराब को नष्ट कराया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद पूर्णिमा सिंह, अभियोजन अधिकारी कविता रानी, आबकारी निरीक्षक शालिनी, प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद रवि रतन सिंह मौजूद रहे।







## सोहम ताऊ समाधी पर मत्था टेक मांगी मनौतियां, उचय गंगास्नान करके किया दान-पुण्य

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** परम संत सोहम ताऊ के निर्माण दिवस पर वैदिक रीति से यज्ञ का आयोजन करके अनुयायियों ने बाबा की समाधि पर मत्था टेककर मनौतियां मांगी। इस अवसर पर दूर दराज से सैकडों गंगा स्नानार्थियों ने गंगास्नान करके गरीबों को दानंपुण्य किये। मंदिरों, देवालयों व आध्यात्मिक गुरूजनों के आश्रम में मत्था टेक कर मनौतियां मानी गई। परम संत सोहम ताऊ के निर्वाण दिवस पर समाधी आश्रम में वैदिक रीति से गद्दी नसीन संत कमलानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित भव्य यज्ञ

### उचय गरीबों को किया कपडा-खिचडी का वितरण

में बडी संख्या में दूर-दराज से आये अनुयाईयों व संत समाज ने आहुतियां देकर मंगल कामनायें की गई। इस अवसर पर आश्रम में आयोजित भंडारें हजारों ने प्रसाद ग्रहण करके स्वामी कमलानन्द जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## छिनैती की घटना करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन, अवैध असलहा कारतूस व घटना मे प्रयुक्त बाइक बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान ग्राम उटरावली के बम्बा किनारे के पास से मोबाइल छीनने वाले एक शातिर अभियुक्त को छीने गये मोबाइल फोन, अवैध असलहा कारतूस व घटना मे प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 28/25 धारा 317 (2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं बरामदगी का विवरण 1- 01 तमंचा 315 बोर मय जिन्दा कारतूस 2- 01 ओप्पो मोबाइल फोन 3-01 मोटर साइकिल स्पलैण्डर नं0 वढ- 13उऊ1389 (घटना में प्रयुक्त)



गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 10-01-2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत डीएवी फ्लाईओवर के नीचे से मोबाइल फोन छीनने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 47/25 धारा 304 बीएनएस पंजीकृत है।

## मकर संक्रांति: धार्मिक अनुष्ठान कर रेवड़ी, गजक व चावल दान कर बुर्जुगों को किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** मकर संक्रांति पर्व के चलते क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने साल के पहले त्योहार पर श्रद्धा पूर्वक सूर्य

> ▶▶ सूर्य देव से मांगी सुख शांति, भंडारे में लोगों को बांटा गया खिचड़ी का प्रसाद
>
> ▶▶ धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का त्यौहार

उपासना कर खिचड़ी वितरण किया। वहीं तिल गुड पकौड़ी का भी वितरण किया गया। नगर में साल का पहला पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।इस पर भक्तों के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने खिचड़ी तिल गुड व पकौड़ी का वितरण कर पर्व मनाया। वही नगर में जगह-जगह भंडारे





आयोजित किए गए। घरों में खिचड़ी बनी और उसका वितरण भी किया गया। मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। भगवान सूर्य के दक्षिण से उत्तरायण मैं प्रवेश करने के उपलक्ष में मनाए जाने वाला पर्व मकर संक्रांति त्योहार मंगलवार को धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जगह-जगह खिचड़ी के प्रसाद का भी वितरण किया गया। मंगलवार की सुबह श्रद्धालुओं ने प्रात काल नगर के मंदिरों में पहुंचकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। वहीं नगर में जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए। घरों में खिचड़ी बनी उसका वितरण भी किया गया। महिलाओं और लोगों ने गरीब लोगों को वस्त्र इत्यादि का दान भी किया। बुजुर्ग महिलाओं का कहना है कि इस दिन अपनों से रूठो को मनाया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए महिलाओं ने अपने रूठे संबंधियों को मनाया। घर आने वाले बच्चों को रेवड़ी ,मूंगफली, गजक, सूखी खिचड़ी, चप्पल, मोजे, जूते, कंबल, आदि सहित धनराशि आदि का दान किया गया।

## नगदी के साथ 15 साल की लड़की घर से हुई फरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** कोतवाली नगर के मौहल्ला निवासी 15 साल की लड़की अपने घर से 70,000 हजार रुपए की नगदी लेकर फरार



हो गई। शिकारपुर कोतवाल ने बताया की भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए तलाश की जा रही है। साथ ही पुलिस के द्वारा दावा किया जा रहा है कि जल्द ही लड़की को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का त्यौहार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** दिन मंगलवार को सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर में मकर संक्रांति का भव्य कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह एवं मुख्य वक्ता सामाजिक विभाग के आचार्य बृजेश कुमार तिवारी तथा कार्यक्रम के संयोजक हरकेश कुमार मीणा रहे' मुख्य वक्ता ने बताया कि यह पर्व भारतवर्ष में ही नहीं अब तो संसार की कई जगहों पर यह कार्यक्रम बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है तथा हर वर्ष की भांति विद्यालय में मनाया है। मकर संक्रांति पर्व को कही-कही उत्तरायण भी कहते हैं। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी के बाद सूर्य उत्तर दिशा की ओर अग्रसर होता है ।इसी



कारण इस पर्व को उत्तरायण भी कहते हैं। वैज्ञानिक तौर पर इसका मुख्य कारण पृथ्वी का निरंतर 6 महीने की समय अवधि के उपरांत उत्तर से दक्षिण की ओर वलन कर लेना होता है। मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा स्नान एवं गंगा तट पर दान को अत्यंत शुभ माना गया है ।इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगासागर में स्नान को महा स्नान की संज्ञा दी गई है। सामान्यतः सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं। किंतु कर्क में मकर राशि में सूर्य का प्रवेश धार्मिक दृष्टि से अत्यंत फल दायक है ।यह प्रवेश अथवा संक्रमण क्रिया 6-6 माह के अंतराल पर होती है' भारत देश उत्तरी गोलार्ध में स्थित है। सामान्यतः भारतीय पंचांग पद्धति की समस्त तिथियां चंद्रमा की गति को आधार मानकर निर्धारित की जाती है। किंतु मकर संक्रांति को सूर्य की गति से निर्धारित किया जाता है। हमारे पवित्र वेद भागवत गीता तथा पूर्ण परमात्मा का संविधान यह कहता है ।कि यदि हम पूर्ण संत से नाम दीक्षा लेकर एक पूर्ण परमात्मा की भक्ति करें तो वह इस धरती को स्वर्ग बना देगा ।और आप की इच्छा को पूर्ण करेगा ।इस दिन तिल के मिष्ठान बनाई जाते हैं और ब्राह्मणों में पूज्य व्यक्तियों को दान किए जाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष विजेंद्र दत्त शर्मा, प्रबंधक अनिल कुमार मित्तल, उप प्रधानाचार्य योगेशचंद्र गुप्ता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## नगर में धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व,जमकर चले भंडारे व खिचड़ी प्रसाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व। मकर संक्रांति पर जमकर



चले भंडारे व खिचड़ी प्रसाद। 14 जनवरी देशभर में धूमधाम से मनाया जाने वाला मकर संक्रांति पर्व नगर में बड़े हर्षोउल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने जमकर खिचड़ी का वितरण किया व भंडारों का आयोजन कर प्रसाद भी बांटा। नगर के चाँदोक दोराहे स्थित हनुमान मंदिर पर पंकज गर्ग चोकड़ात के सहयोग से आयोजित भंडारें पर हजारों लोगों ने भंडारे के प्रसाद का लुफ्त उठाया, तो वहीं लोगों ने अपने-अपने घरों से गरीबों को खिचड़ी व अन्य सामान का वितरण का पुण्य लाभ अर्जित किया। इसी के साथ नगर के छतरी वाला कुंआ, शीशे वाला मंदिर, बालाजी मंदिर आदि स्थानों पर भी खिचड़ी वितरण किया गया।

## विधायक ने ग्राम बैलाना में पुस्तकालय के निर्माण का उद्घाटन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकन्द्राबाद।** विधानसभा के ग्राम बैलाना में पुस्तकालय के निर्माण का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने किया और बताया कि पुस्तकालय की स्थापना गांव के युवाओं के लिए की गई है। जोकि एक अच्छे और बौद्धिक समाज की पहचान है।

शिक्षा के अभाव में सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। पुस्तकालय में अच्छे समाज के निर्माण की नींव तैयार होती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी विषयों व पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य




से आधुनिक निशुल्क पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। इस अवसर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष भाटी मंडल अध्यक्ष काकोड ललित भाटी विकास धनौरा अमित प्रधान रविंद्र ठेकेदार सोनु शर्मा अरुण प्रजापति गौरव भाटिया अभिषेक सम्राट आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

## व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारियों ने दा बार एसोसिएशन अध्यक्ष व नगर मंडल अध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर व भेंट स्वरूप उपहार देकर किया सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** सरगम साहनी के प्रतिष्ठान पर तहसील दा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट राजवीर सिंह व नवनियुक्त डिबाई नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक वार्ष्णेय बब्लू दिवाकर,नील भारद्वाज संदीप गुरु वार्ष्णेय का व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर व गिफ्ट भेंट स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का संचालन मुकेश वार्ष्णेय ने किया। नवनिर्वाचित दा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट राजवीर सिंह ने कहा कि व्यापारियों की




समस्त समस्याओं को लेकर निःसंकोच होकर बतायें निस्वार्थ भाव से आपकी समस्याओं का निस्तारण कराया जायेगा वहीं भाजपा सरकार में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मयंक वार्ष्णेय ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने नगर मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है उसका निर्वाहन पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाकर पार्टी को मजबूत बनाने में जी-जान से जुट कर मेहनत करके अपना कर्तव्य पूरा करुंगा। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान नगर डिबाई के जिला महामंत्री गोपाल वार्ष्णेय,तहसील अध्यक्ष सरगम साहनी, नगर अध्यक्ष सन्नी सिंघल, महामंत्री रचित वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष पुनीत कंसल, संरक्षक मुकेश वार्ष्णेय, दीपक अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, नरेश सिंघल,सीटू भंडारी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सनी कंसल, जीतू वार्ष्णेय, अंशुल वार्ष्णेय, राजीव अग्रवाल,शिवम गोयल, भोला सर्राफ, जितिन साहनी, वंश, चीनू ,हिमांशु बैलोन एवं सोशल मीडिया प्रभारी केपीसिंह चौहान, हरिओम अग्रवाल, आशीष वार्ष्णेय एवं किराना व्यापारी खाद्यय संघ के नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महामंत्री महेंद्र कुमार, टीटू, दीपक भसीन, राहुल गर्ग, अंशुल वार्ष्णेय, प्रमोद कृष्ण, सुनील कुमार,राजू अरोरा,अंशुल वार्ष्णेय और सैकड़ो व्यापारी साथ आईटी सेल प्रभारी नील भारद्वाज भारी संख्या में मौजूद रहे।

**गिरफ्तारी** — मुठभेड़ में भाग रहा एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया

# पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली, दो गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू।** थाना क्षेत्र में गांव जाटोला के जंगलों में पुलिस तथा स्वाट टीम की बदमाशों से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ लिया जबकि एक बदमाश भागने में कामयाब रहा। सोमवार रात्रि को चेकिंग के दौरान जटोला नहर पुल के पास पुलिस ने एक मिनी ट्रक को रोका तो उसमें बैठे बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया पुलिस तथा बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में भाग रहा एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

पुलिस ने पीछा करते हुए दो बदमाशों को दबोच लिया। इस बीच एक अन्य बदमाश भागने में कामयाब रहा। घायल बदमाश की





पहचान आकिब पुत्र वसीम निवासी सरसौल थाना अरनिया बुलंदशहर के रूप में हुई। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अन्य पकड़े बदमाश आबिद और अकील हैं। तीनो बदमाशों पर जनपद अलीगढ़ तथा बुलंदशहर के कई थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। क्षेत्र में भैंस चोरों की पकड़ धर के अभियान में पुलिस स्वाट टीम के साथ पहासू क्षेत्र की जटोला नहर के पुल के पास चेकिंग कर रही थी। सोमवार रात्रि को पुलिस ने संदिग्ध टाटा पिकअप को रोका तो उसमें बैठे बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस द्वारा किये क्रॉस फायर में एक बदमाश के दाएं पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल बदमाश तथा उसके अन्य दो साथियों को दबोच लिया। घायल बदमास आकिब तथा उसके साथियों पर अलीगढ़ जनपद के जवां, गभाना तथा बुलंदशहर के अरनिया, अहमदगढ़, तथा छतारी थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। बदमाश अतरौली क्षेत से चोरी की गई दो भैसे कहीं बेचने की फिराक में थे।

----पुलिस तथा बदमाशों के बीच हुए मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल है,जबकि दो अन्य बदमाश पुलिस गिरफ्त में हैं। उनके पास से एक तमंचा,कारतूस,दो चोरी की गई भैंस ,एक टाटा पिकअप गाड़ी तथा 35000 बरामद हुए हैं।

## प्रधान पुत्र का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका मिला शव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के सिद्ध बाबा गंगा घाट के किनारे जंगल में एक पेड़ की शाखा पर गांव औरंगाबाद ताहारपुर के प्रधान के पुत्र का शव संदिग्ध हालात में सुबह लटका हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों



ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उम्र करीब 30 साल बताई गई है। और शादी शुदा बताया गया है। मृतक का नाम दान सिंह उर्फ भूरा था। पुलिस को परिजनों और ससुराल वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार करने से लिखित में दिया गया है। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। दो तीन दिन से मृतक मानसिक तनाव में था।

# लायंस क्लब मोदीनगर सेंट्रल द्वारा धूमधाम से मनाया गया अधिष्ठापन समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** लायंस क्लब मोदीनगर सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान जोनल चेयरमेन लायन डॉ मनीष गर्ग के नेतृत्व में आयोजित अधिष्ठापन समारोह बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। हाईवे स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित अधिष्ठापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला गवर्नर पीएमजेएफ लायन एके मित्तल, इंस्टॉलेशन इंचार्ज वीडीजीआई पीएमजेएफ लायन विनय सिसोदिया, इंडक्शन इंचार्ज वीडीजीआई पीएमजेएफ लायन आदित्य गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित, ध्वज वंदना तथा राष्ट्रगान के साथ किया गया। पूर्व अध्यक्ष लायन डॉ मनीष गर्ग ने विगत वर्ष में की गई गतिविधियों के बारे में बताया। और सभी ड्यूज चुकता किये जाने के बारे में कोषाध्यक्ष लायन देवीशरण गर्ग ने बताया। जिला गवर्नर पीएमजेएफ लायन एके मित्तल ने कहा कि हम सब मिलकर समाज सेवा क्षेत्र में असंभव कार्यों को संभव बना सकते हैं। इस दौरान क्लब के संरक्षक लायन डॉ विनय मित्तल को एमजीएफ बनाया गया। साथ ही क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए नगद धनराशि भी क्लब को दी। इससे पूर्व सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान क्लब के अनेक पदाधिकारी ने अपनी अनेक रंगारंग प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरी। संचालन डॉ विनय मित्तल द्वारा किया गया।




इस अवसर पर अध्यक्ष लायन राजेश अरोड़ा, महासचिव लायन डॉ जीएस सचदेवा, जोनल चेयरमेन लायन संजीव, लायन अभिषेक, लायन मोहित अग्रवाल, लायन डॉ साहिल गर्ग, लायन सतीश अग्रवाल, लायन अमित गोयल, लायन दीपक शर्मा, लायन अंकुर सक्सेना, लायन डॉ सचित गोयल, लायन संजीव चौधरी, लायन डॉ अनुपम गर्ग, लायन हिमाशु कंसल, लायन डॉ तुषार त्यागी, लायन डॉ अभिषेक चौधरी, ,लायन सीए आलोक गोयल आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

# किसान की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने कोल्हू संचालक के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** पांच दिन पूर्व गांव रावली कलां में हुई किसान की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर कोल्हू संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करदी है। क्षेत्र के गांव रावली कलां में किसान सतपाल सिंह परिवार सहित रहता था। सतपाल सिंह ने रावली कलां निवासी कोल्हू संचालक अय्युब को एक वर्ष पूर्व दस लाख रुपए उधार दिए थे। सतपाल सिंह काफी समय से उधार दिए रुपए का ताकादा कर रहा था, लेकिन अय्यूब सतपाल सिंह के रुपए लौटाने में आनाकानी कर रहे था। आरोप है कि 9 जनवरी की रात को सतपाल सिंह कोल्हू संचालक अय्यूब से उधार दिए रुपए की मांग करने गया था।

वहां पर कोल्हू संचालक अय्युब ने तमंचा दिखाकर पैसे मांगने पर सतपाल सिंह को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद सतपाल सिंह अपने घर आ गया और चारपाई की लेट गया। 10 जनवरी की सुबह सतपाल सिंह का शव चारपाई पर पड़ा मिला था। ग्रामीणों ने कोल्हू संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा भी किया था। इस संबंध में मृतक की पत्नी रामवीरी ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मसूरी सर्किल सिद्घार्थ गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर कोल्हू संचालक अय्युब निवासी गांव रावली कलां के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 316(2), 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में गरीबों और संतों को बांटे कम्बल और भंडारे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर ।** कस्बा के सलारपुर रोड स्थित शिव मंदिर पर मंगलवार को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान करीब एक हजार लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। साथ ही सन्तों द्वारा हवन यज्ञ भी किया गया।शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत नागर में बताया कि भंडारे के बाद गरीबों और सन्तों को 150 ई अधिक कम्बलों का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर पर प्रत्येक वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के काफी लोग पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी चंद्रदास महंत ने बताया कि मंदिर सेवा समिति समय समय पर गरीबों की सहायता करती है। प्रत्येक वर्ष सर्दी के मौसम में गरीबों को कम्बलों का वितरण किया जाता है। उनका कहना है कि जन मानस की सेवा करना बड़े पुण्यों में से एक है। इस दौरान मवासी सरपंच, इंद्रजीत नागर, सहदेव मलिक, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक सिंह, नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष अजय कुमार भाटी, जितेंद नागर, वीरेंद्र नागर, धर्म सिंह, जिले प्रधान, सोरन प्रधान, कलुआ पंडित, संतराम नागर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



# डॉ.अमित कुमार ने तूलिका व रंगों के माध्यम से ड्यूटी पर तैनात सेना के जवान का चित्र बना कर दी थल सेना को बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** श्री हंस इंटर कॉलेज के कला अध्यापक डॉ अमित कुमार ने थल सेना दिवस पर अपनी तूलिका व रंगों के माध्यम से एक सुंदर चित्र बनाकर भारतीय थल सेना को बधाई दी। चित्र में सैनिकों की कर्तव्य परायणता, निष्ठा, जोश व देश पर मर मिटने का जज्बा कठिन व विषम परिस्थितियों में अपनी ड्यूटी को अंजाम देने आदि को चित्रित किया गया है। चित्र में एक भारतीय जवान को ड्यूटी पर तैनाती के रूप में दशार्या गया है।आसपास आग व तेज गर्मी को प्रतीक के रूप में चित्रित किया गया है। कटीले तार बॉर्डर के प्रतीक के रूप में चित्रित किए गए हैं तथा पत्थरों व पहाड़ों के बीच ड्यूटी करना भारतीय सैनिक के जोश व समर्पण भाव को दशार्ता है। शीर्ष पर तिरंगा देश की जीत व शान का प्रतीक है। सूखे पेड़ युद्ध के समय को दर्शा रहे हैं। डॉ अमित कुमार इससे पूर्व भी चौंक, चावल, सरसों, चने के दाने, राजमा आदि पर भी चित्र बना चुके हैं। तथा अपनी अनोखी कला के द्वारा विभिन्न संस्थाओं के द्वारा सम्मानित हो चुके हैं।चित्रकला के क्षेत्र में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा चुके डॉक्टर अमित कुमार श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में कला अध्यापक व एनसीसी ऑफिसर के पद पर रहकर छात्र छात्राओं को कला की बारीकियां सिखाकर भविष्य के कलाकारों को तैयार करने में प्रयासरत है। साथ ही एनसीसी कैडेट में एकता, अनुशासन, समाज सेवा व राष्ट्र सेवा के गुण को विकसित करने में लगे हुए हैं।





# पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन मे सीएमडी के पूर्व छात्रों ने साझा किये अपने अनुभव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सेंटर फॉर मैनेजमेंट डेव्लपमेंट कॉलेज में PGDM के वर्ष 1990-92 के छात्रों के लिए रियूनियन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें सम्मिलित हुए पूर्व छात्रों ने अपने अनुभवों को साझा किया। इस बैच के छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। रियूनियन प्रोग्राम में पहुंचे पूर्व छात्रों ने कॉलेज से निकलने के बाद करीब 32 वर्ष तक अर्जित किए गए अपने ज्ञान और अनुभव को एक दूसरे के साथ बांटा और 32 वर्ष पुरानी अपने कॉलेज समय की यादों को याद करते हुए सभी भावुक भी हो गए। कोई सरकारी विभागों में, तो कोई कारपोरेट जगत में उच्च पदों पर आसीन हैं। तो वहीं कई पूर्व छात्र उद्यम क्षेत्र में सफलता हासिल कर उद्यमी बन गए हैं। और अनेक छात्र विदेशों में बड़े-बड़े पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। रियूनियन प्रोग्राम में जुटे सभी पूर्व छात्रों में से किसी ने अपनी सफलता की कहानी बताई तो किसी ने अपने आसमान छूने के किस्से सुनाये। इससे पूर्व संस्थान के चेयरमेन प्रो डॉ डीके मोदी ने सभी पूर्व छात्रों को आशिर्वाद देते हुए स्मृति चिन्ह भेट किए। कार्यक्रम का संचालन इवैंट कोर्डिनेटर दिव्या वत्स एवं डॉ पल्लवी त्यागी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के उप चेयरमेन कैप्टन राजीव सक्सेना, कार्यकारी निदेशक डॉ दीपांकर शर्मा, संस्थान के निदेशक डॉ रवीन्द्र आर्य, प्लेसमेंट अधिकारी अजय, एड्मिशन हैड सुधांशु सहित सभी शिक्षकगण मौजूद थे।



# उप्र ओबीसी सूची में छिपी के साथ रुहेला शब्द भी शामिल किया जाए: कृष्णा रुहेला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव कृष्णा रुहेला ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के साथ हुई भेंटवार्ता के दौरान कई बिंदु पर चर्चा की। इस दौरान कृष्णा रुहेला ने प्रो रामगोपाल यादव कौ शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव व अखिल भारतीय रूहेला क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सांई संतपुरा कॉलोनी निवासी कृष्णा रुहेला ने बताया कि वे सपा के वरिष्ठ नेता रमेश प्रजापति के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद प्रो रामगोपाल यादव से मुलाकात करने के लिए नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर पहुंचे। इस भेंट वार्ता के दौरान उन्होंने प्रो रामगोपाल यादव को बताया कि छिपी और रुहेला एक ही समाज है। लेकिन राज्य सरकार की ओबीसी सूची में केवल छिपी ही अंकित है। कृष्णा रुहेला ने मांग की कि इस गजट में छिपी के साथ ही रुहेला शब्द भी शामिल किया जाए। कृष्णा रुहेला ने बताया कि जिसके बाद प्रो रामगोपाल यादव ने रुहेला (छिपी) समाज का समस्त ब्यौरा उनसे मांगते हुए गजट में शामिल कराए जाने का आश्वासन दिया है। कृष्णा रुहेला ने बताया कि साथ ही प्रो रामगोपाल यादव ने पार्टी को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने की बात भी कही है।

**सपा राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव से की मांग**



# दीपक वत्स ने साथियों संग किया प्रसाद वितरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्व सभासद भाजपा नेता दीपक वत्स ने अपने साथियों के साथ सीकरी फाटक के निकट स्थित गौरीशंकर मंदिर पर सैकड़ो श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर मौजूद गौरीशंकर मंदिर के महंत अभिनव शास्त्री ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व जप, तप, दान, स्नान आदि धार्मिक क्रियाकलापों का पर्व है। और माना गया है कि मकर संक्रांति के दिन दान आदि देने से उस व्यक्ति के जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं। इसलिए मकर संक्रांति पर्व पर दान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करने पर पूर्व सभासद भाजपा नेता दीपक वत्स और उनके साथियों की सराहना की। इस अवसर पर दीपक वत्स के साथ संजय प्रधान, देवदत्त वत्स, महेंद्र चंदेल, हनी वत्स, ब्रह्म सिंह आदि शामिल थे।



# गलगोटिया विश्वविद्यालय में फ्रेशर फेस्ट 2025 के अवसर पर शार्वी यादव के 'मोर्नी' और सिड के पंजाबी हिट्स ने मचाई धूम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** गलगोटिया विश्वविद्यालय के प्रांगण में शुरू हुआ। फ्रेशर फेस्ट 2025, विश्वविद्यालय के मुख्य मंच पर एक शानदार कार्यक्रम के साथ अपने रंग में रंग गया। इस महोत्सव में नए छात्रों ने अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमें पहले राउंड के बाद प्रश्नोत्तर सत्र और नोटेवदा प्रदर्शन शामिल थे।

दिन की शुरूआत टॉप 12 प्रतिभागियों के साथ हुई, जो "मिस और मिस्टर फ्रेशर" के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। जज पैनल में अक्षत अग्रवाल, देवांश कौशिक और अविनेंद्र प्रताप सिंह शामिल थे। इस शानदार कार्यक्रम में मिस फ्रेशर का खिताब इक्षा राज को और मिस्टर फ्रेशर का खिताब सुमित गंगवार को दिया गया। इसके अलावा, "मिस वेल ड्रेस्ड" का खिताब शाक्या शेक को और "मिस्टर वेल ड्रेस्ड" का खिताब सतीश जोशी को मिला।

शाम का समापन एक भव्य प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसमें शार्वी यादव ने "मोर्नी" गाना गाया, जबकि सिड के ने पंजाबी हिट्स से समां बांध दिया। इस कार्यक्रम ने न केवल नए छात्रों को एक मंच प्रदान किया, बल्कि गालगोटियास यूनिवर्सिटी के छात्र परिषद द्वारा आयोजित इस महोत्सव ने सभी को एकजुट किया।

फ्रेशर फेस्ट 2025 ने साबित कर दिया कि गालगोटियास यूनिवर्सिटी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, और यह एक यादगार शाम बन गयी। गलगोटिया विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा० ध्रुव गलगोटिया ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। और उन्होंने कहा कि भारत महान प्रतिभाशाली युवाओं का देश है। और गलगोटिया विश्वविद्यालय देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने वाले आप जैसे सभी विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास के लिये सदैव कृत संकल्पित है।



कार्यक्रम

एड़वोकेट शौकीन मलिक के निस्वार्थ समाजसेवी कार्यो, किसान हितेषी व श्रमिक वर्ग के हितों में किये जा रहे कार्यो को देखते हुए उन्हें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी है

# एड़वोकेट शौकीन मलिक बने भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** जनपद बागपत के खूबीपुर निवाड़ा गांव में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी एड़वोकेट शौकीन मलिक को भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष वकील सैफी व राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डाक्टर शकील अहमद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में आये अतिथियों का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष वकील सैफी ने एड़वोकेट शौकीन मलिक को भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के बागपत जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति का पत्र सौंपा और कहा कि संगठन ने एड़वोकेट शौकीन मलिक के निस्वार्थ समाजसेवी कार्यो व किसान तथा श्रमिक वर्ग के हितों में किये जा रहे कार्यो को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। संगठन की दिशा और दशा को मजबूत करने के लिए भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति ने एड़वोकेट शौकीन मलिक पर भरोसा जताया है। वकील सैफी ने आशा व्यक्त की कि एड़वोकेट शौकीन मलिक भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति को नई ऊँचाईयां प्रदान करेंगें। राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डाक्टर शकील अहमद ने कहा कि एड़वोकेट शौकीन मलिक जिला बार एसोसिएशन बागपत के ज्वाइंट सेक्रेटरी रह चुके है। एड़वोकेट शौकीन मलिक साफ-सुथरी छवि वाले व्यक्ति है। वह सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं। उन्होंने अपने जीवन को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित किया है और समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। जिला अध्यक्ष बनने के बाद एड़वोकेट शौकीन मलिक ने कहा कि संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसे मैं हर हाल में कायम रखूंगा। मैंने अब तक जो भी दायित्व निभाए हैं, उनमें निष्ठा और समर्पण ही मेरी पहचान रही हैं। मैं संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। इस अवसर पर नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, रालोद नेता अमित जैन, इस्लाम सैफी, इशाक, शेर मौहम्मद, कय्यूम, इरफान, शमशाद, उमरदीन, हाजी मेहरबान, इंतजार, हसरत प्रधान, नौशाद सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

**एड़वोकेट शौकीन मलिक ने अपने जीवन को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित किया है, शौकीन एक साफ-सुथरी छवि वाले व्यक्ति है - डाक्टर शकील अहमद, प्रदेश महासचिव- राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ**



# नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के सहयोग से चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट ने किया नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** धौलानाःनॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के सहयोग से चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट द्वारा नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा कुल 123

**सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गरीब वर्ग के लोगों को लाभान्वित करने ही लक्ष्यः विकास अग्रवाल**

मरीजों के नेत्रों की जाँच की गई।शिविर का शुभारंभ नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के चीफ फाइनेंस अधिकारी विकास अग्रवाल, सीएसआर हेड संजीव खन्ना व ट्रस्ट की सचिव पूनम परिहार ने दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर के बारे में जानकारी देते हुए संस्था की सचिव पूनम परिहार ने बताया कि आंखें हमारे शरीर का सबसे नाजुक व महत्वपूर्ण अंग हैं।इसकी नियमित देखभाल करना बेहद जरूरी हैं क्योंकि नेत्रों के बिना जीवन बहुत कठिन हो जाता हैं।जिसमें मोतियाबिंद की पहचान कर उनका ब्लड प्रेशर व शुगर की जाँच की जाती हैं।जाँच में सही पाये जाने पर उनका निःशुल्क ऑपरेशन आई लॉयन्स हॉस्पिटल में कराया जाता हैं।तथा मरीजों को एक सप्ताह की दवाईयाँ भी निःशुल्क दी जाती हैं।विकास अग्रवाल ने बताया कि नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत सहयोग कर इस तरह के शिविरों का आयोजन कर स्वास्थ्य के प्रति विभिन्न प्रकार से लाभान्वित करने का प्रयास किया जाता हैं।संस्था के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना ने बताया कि शिविर से पहले आसपास के गाँवों में संस्था की टीम द्वारा प्रचार किया जाता हैं। उसके पश्चात शिविर में आये मरीजों की जाँच कर उन्हें आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाईयाँ दी जाती हैं।इस शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए कुल 70 मरीजों को चिन्हित किया गया है।इस शिविर में गाँव देहरा,धौलाना,ऊंचा अमीपुर, हसनपुर,सिकन्द्राबाद,नन्दपुर, शिवाया, फगौता, मेरठ व पिलखुवा के मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया।इस अवसर पर परियोजना समन्वयक ग्रामीण विकास संजीव भारद्वाज,सुमित कुमार,शालू राघव,रेखा,अनुराग सिंह, सुशीला व चवल सिंह का सहयोग रहा।






# दूसरे की जमीन दिखाकर लाखों रुपए की ठगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** जालसाजों ने मिलकर गांव फलैदा स्थित एक किसान की जमीन को फर्जी तरीके से बेचने के लिए सौदा तय कर दिया। इसके लिए जालसाजों ने खरीददार से करीब 59 लख रुपए ऐंठ लिए। इसी दौरान गांव में जानकारी करने पर पीड़ित को धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित ने जालसाजों के खिलाफ रबूपुरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।
ग्रेटर नोएडा निवासी राजन कुमार शर्मा ने पुलिस को सौंपे शिकायती पत्र में बताया है कि, कुछ समय पहले गांव नियाना, थाना कासना निवासी रविन्द्र भाटी व तीन अज्ञात लोगों के माध्यम से उसने फलैदा गांव के पास एक खेती की जमीन खरीदने के लिए सौदा तय किया था। इन लोगों ने जमीन के तमाम कागजात भी उसे दिखाएं और एक व्यक्ति को जमीन का मालिक बताकर एग्रीमेंट कराया और किस्तों में करीब 59 लाख रुपए ले लिए। कुछ दिन बाद जमीन मालिक के बारे में उन्होंने फलैदा गांव में जानकारी की। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा उसे बताया गया कि एग्रीमेंट पर जो हस्ताक्षर हैं वह जमीन के वास्तविक मालिक किसान अल्लू के नहीं हैं। क्योंकि किसान अनपढ़ है। अपने साथ हुई जालसाजी का पता चलने पर पीड़ित ने रविन्द्र भाटी से संपर्क किया। आरोप है कि रविन्द्र भाटी व उसके साथियों ने पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर, जांच शुरू कर दी है।

# शायर मरहूम मुनव्वर राणा प्रथम पूर्ण तिथि पर याद किये गये

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ।** हिंदुस्तान की मशहूर शख्सियत और एक अजीम धरोहर शायर मरहूम मुनव्वर राणा की प्रथम पूर्ण तिथि पर अलीगढ़ आना हुआ । इस अवसर पर अमीर चौधरी महानगर उपाध्यक्ष अलीगढ़ ने अपने आवास पर उनकी याद में एक शोक सभा का आयोजन किया एवं उनकी उनकी बेटी राष्ट्रीय प्रवक्ता समाजवादी पार्टी सुमैया राणा जी को एक भेंट के रूप में एक स्मृति चिन्ह और सम्मान स्वरूप उन्हें एक शाल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और सभी साथियों ने साथ मैं लंच किया ,साथ मैं महानगर कोल के पूर्व प्रत्याशी अज्जू इशाक जी का सहयोग रहा, पूर्व जिला महासचिव मुकेश माहेश्वरी जी,महानगर उपाध्यक्ष वसीम राणा जी,प्रदेश सचिव इनामुल हक जी,फिरोज भाई, शेबी भाई,अली भाई,पार्षद जावेद भाई,पार्षद तारिक भाई, चौधरी आहिल,चौधरी अलमीर, चौधरी हजिक, आदि लोग मौजूद रहे।

# आनंदा डेयरी लिमिटेड ने भव्य "आनंदा उत्सव" का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** गांव खैरपुर खैराबाद स्थित आनंदानगर, आनंदा डेयरी लिमिटेड ने अपने पिलखुआ स्थित मुख्य परिसर में "आनंदा उत्सव" का आयोजन किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों पशुपालक किसान, डिस्ट्रीब्यूटर और आनंदा टीम के कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ने किसानों, डिस्ट्रीब्यूटरों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए गोल्ड , सिल्वर और ब्रॉन्ज प्रशस्ति पत्रों के साथ पुरस्कार प्रदान किए।
विशेष आयोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आनंदा डेयरी के चेयरमैन डॉ. राधेश्याम दीक्षित ने कार्यक्रम में आए सभी परिवारों को संबोधित करते हुए सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण का शुद्धिकरण होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।
उत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें फोक डांस, जादूगर शो, राम कीर्तन और झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। बच्चों के लिए विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को आनंदा की डायरेक्टर सुनीता दीक्षित ने पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कीमहत्वपूर्ण उपस्थितिकार्यक्रम में रघुराज प्रताप कोतवाली प्रभारी पिलखुवा,सतपाल सिंह भाजपा जिला प्रभारी अमरोहा,आनंदा की डायरेक्टर सुनीता दीक्षित, सूरज दीक्षित, राहुल दीक्षित, प्रवीण मित्तल, दिनेश प्रधान खेरपुर खेराबाद भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी और अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। आनंदा का संकल्पयह उत्सव आनंदा डेयरी के प्रति किसानों, डिस्ट्रीब्यूटर्स और कर्मचारियों के योगदान को सराहने और उनके साथ साझेदारी को मजबूत करने का प्रतीक है। आनंदा हमेशा अपने उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आगे भी हम नए उत्पादों के आरएनडी और विकास में लगातार जुटे रहेंगे।







# बिना हेलमेट पेट्रोल ना देने पर विद्युत कर्मचारी ने काटी पंप की बिजली, 20 मिनट तक पेट्रोल पम्प रहा ठप्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** परतापुर फाटक स्थित पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट के पेट्रोल ना देने पर विद्युत कर्मचारी ने काटी लाइन । परतापुर रोड स्थित श्री जी पेट्रोल पर बीते दिन एक विद्युत कर्मचारी पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल लेने पहुंचा। पम्प के कर्मचारियों ने बिना हेलमेट के पेट्रोल देने से मना कर दिया। जिससे परेशान होकर लाइन मेन ने पेट्रोल पम्प की लाइन काट दी। पम्प मालिक को जब इस बात का पता चला तो पंप मालिक ने पुलिस को फोन कर दिया इस दौरान 20 मिनट तक पेट्रोल पंप बंद रहा। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने बताया की पेट्रोल पंप के मलिक ने कहा की जिला अधिकारी के निर्देश अनुसार बिना हेलमेट के किसी भी व्यक्ति को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा इसी क्रम में कर्मचारियों ने किसी भी व्यक्ति को पेट्रोल नहीं दिया तभी एक विद्युत कर्मी अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवाने तो उसे भी बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया तो उसने पेट्रोल पंप की लाइन काट दी।बताया जाता है कि पेट्रोल पंप मालिक से विद्युत कर्मचारी ने गलती मानी और दोनों लोगों के बीच समझौता हो गया। सब-डिविजनल ऑफि सर ने बताया कि मामले की अभी जानकारी नहीं है।





## पिता ने बेटे पर लगाया चोरी की मोटरसाईकिल रखने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** क्षेत्र के गांव आकलपुर निवासी एक पिता ने अपने ही बेटे पर गंभीर आरोप लगाए है। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव आकलपुर निवासी योगेंद्र शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि, उनके बेटे के पास एक चोरी की बाइक है। जब योगेंद्र को इसका पता लगा तो उन्होंने बाइक रखने का विरोध किया। आरोप है कि, विरोध करने पर आरोपी बेटे ने उनको तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पीड़ित ने अपनी पत्नी पर भी बेटे के गलत कामों में भी शामिल होने का आरोप लगाया है। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुस्तकालय के निर्माण का विधायक ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बुलंदशहर।** सिकन्द्राबाद विधानसभा के ग्राम बैलाना में पुस्तकालय के निर्माण का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने किया और बताया कि पुस्तकालय की स्थापना गांव के युवाओं के लिए की गई है। जोकि एक अच्छे और बौद्धिक समाज की पहचान है। शिक्षा के अभाव में सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। पुस्तकालय में अच्छे समाज के निर्माण की नींव तैयार होती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी विषयों व पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आधुनिक निःशुल्क पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। इस अवसर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष भाटी मंडल अध्यक्ष काकोड ललित भाटी विकास धनौरा अमित प्रधान रविंद्र ठेकेदार सोनु शर्मा अरुण प्रजापति गौरव भाटिया अभिषेक सम्राट आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नवविवाहिता को कमरे में नग्न किया और फिर-महिला ने होश में आकर सुनाई हैवानियत की दास्तां

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** गाजियाबाद में दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता के साथ हैवानियत की सारी हदें पार की गई। नवविवाहिता का आरोप है कि पति ने शरीर पर गर्म चाय फेंकी। कमरे में नग्न कर बेल्ट से पिटाई की। जबरन अप्राकृतिक सेक्स करने के बाद शरीर को कई जगह से काटा। पुलिस ने मामले की सुनवाई नहीं कि तब पीड़िता ने महिला आयोग में शिकायत कर केस दर्ज कराया है।
जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती की शादी बीते वर्ष 19 फरवरी को नंदग्राम निवासी युवक से हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के अगले दिन से ही उन्हें 10 लाख रुपये दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा। पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि 31 मई को पीड़िता के पति ने उससे अपने भाइयों की मालिश करने के लिए कहा था, लेकिन उसने मना कर दिया। इससे गुस्साए पति ने उस दिन मारपीट कर गर्म चाय फेंक दी। इससे भी आरोपित का मन नहीं भरा तो रात में महिला के कपड़े उतारकर बेल्ट से बेरहमी से पिटाई की।
पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पति ने कई बार शरीर पर काटा और जबरन अप्राकृतिक सेक्स किया। पीड़िता का आरोप है कि सात जुलाई को ससुर ने उसके साथ छेड़खानी की। रात को जब इसकी जानकारी उन्होंने पति को दी तो पति ने दीवार में सिर देकर मार दिया। इससे पीड़िता बेहोश हो गई। जब होश आया तो सास को घटना की जानकारी दी। इसी बीच कमरे में ससुर भी आ गया।

# ससुराल से नहीं आई पत्नी तो गुस्से में भतीजे को उतारा मौत के घाट, फांसी का फंदा लगाकर कर चाचा ने किया सुसाइड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सीतापुर।** सीतापुर में पत्नी के सुसराल से न आने पर गुस्से में चाचा ने अपने 5 साल के भतीजे की हत्या कर सुसाइड कर लिया भतीजे को गुब्बारा दिलाने का बहाना बनाकर साथ ले गया इसके बाद सुनसान जगह पर ले जाकर उसका गला दबा दिया इसके बाद आम के पेड़ पर गमछे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली वहां से गुजर रहे लोगों ने बॉडी देखी तो परिजनों को सूचना दी इसके बाद बच्चे की तलाश शुरू की गई तो कुछ दूर पर उसकी भी लाश मिल गई पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम अधवारी में नंदराम परिवार के साथ रहते हैं उनके तीन बेटे हैं बड़ा बेटा कपिल, फिर अजय और सबसे छोटा छोटेलाल है इनमें दो की शादी हुई है बड़े बेटे अनुराग के दो बेटे हैं कपिल का बड़ा बेटा पांच साल का अनुराग है उससे छोटा तीन साल का अभिषेक है वहीं अजय की शादी 2023 में लखीमपुर जिले में हुई थी 3 महीने ससुराल में रहने के बाद उसकी पत्नी मायके चली गई तब से वह लौटकर ससुराल नहीं आई इसके पीछे दोनों में घरेलू विवाद की वजह थी अजय ने सुसराल वालों पर पत्नी को विदा कराने का कई बार दबाव बनाया इसके बाद ससुराल वालों ने अजय पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज करा दिया इस वजह से वह काफी तनाव में रहता था परिवार वालों के मुताबिक, मंगलवार दोपहर को उसका पांच साल का भतीजा अनुराग घर के बाहर खेल रहा था अजय भी वहीं था अजय की उस पर नजर पड़ी तो उसे अपने पास बुलाया पहले तो उसने खेलने के चक्कर में आने से मना कर दिया लेकिन जब अजय ने भतीजे को गुब्बार दिलाने का लालच दिया तो वह चाचा के पास आ गया अजय भतीजे को 200 मीटर दूर दुकान लेकर आया यहां गुब्बारा दिलाने के बाद सुनसान जगह पर ले जाकर खेत में उसका गला दबा दिया इसके बाद उसी गमछे से कुछ दूर आकर पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी काफी देर तक जब दोनों वापस नहीं आए तो उनकी तलाश शुरू हुई इसी दौरान गांव वालों ने अजय की फंदे से लटकी लाश देखी ली पुलिस को सूचना दी गई परिजन भी मौके पर पहुंच गए बच्चा वहां नहीं दिखा तो उसकी तलाश शुरू हुई कुछ दूर पर बच्चे की खेत के पास पड़ी लाश मिली उसके गले पर निशाने थे घटना स्थल घर से करीब 1 किलोमीटर दूर है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया पुलिस ने परिजनों से मामले की जानकारी ली दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है गांव वालों के अनुसार अजय शादी के बाद उसकी पत्नी ज्यादा दिन यहां रही ही नहीं दोनों में लड़ाई होती थी इस कारण वह मायके चली गई फिर लौटकर नहीं आई अजय बहुत परेशान रहता था घर में भी झगड़ता था वह बहुत चिड़चिड़ा हो गया था प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है परिजनों के बयानों के आधार पर केस दर्ज कार्रवाई की जाएगी!!



## दिल्ली विधानसभा चुनाव मे सैफी समाज के उम्मीदवारो को सैफी संघर्ष समिति का समर्थन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** सैफी संघर्ष समिति की राष्ट्रीय कोरकमेटी की हुई बैठक मे अहम फैसला लिया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन सैफी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव मे सैफी समाज के उम्मीदवार चाहे किसी भी पार्टी से ताल्लुक रखते हो सभी को समर्थन देने का ऐलान किया है। इसके साथ ही समाज के सभी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करने का भी आश्वासन दिया है।




**संक्रान्ति पर्व**

**मकर संक्रान्ति के दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान करने से परमेश्वर की विशेष कृपा प्राप्त होती है - कुसुम चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापिका- भूदृष्टि फाउण्डेशन**

# भूदृष्टि फाउण्डेशन ने मकर संक्रान्ति पर्व पर किया खिचड़ी का वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** बड़ौत नगर में भूदृष्टि फाउण्डेशन द्वारा मकर संक्रान्ति का पर्व

**मकर संक्रांन्ति के दिन भगवान सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करते है - अंजू खोखर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति**

बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर फाउण्ड़ेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कोताना रोड़ पर सीएचसी के सामने, काशीराम कॉलोनी व छपरौली रोड़ पर लोगों को खिचड़ी का वितरण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय जाट महासभा की प्रदेश महासचिव व मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंजू खोखर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। भूदृष्टि फाउण्डेशन ने आने वाले अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। अंजू खोखर ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। भूदृष्टि फाउण्डेषन की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापिका कुसुम चौहान ने बताया कि हिन्दू धर्म में मकर संक्रांति बहुत महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन भगवान सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान करने से परमेश्वर की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस दिन खिचड़ी बनाकर खिलाने से घर में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।
इस अवसर पर भूदृष्टि फाउण्डेशन की महासचिव विमला शर्मा, अनिता कौशिक, मधु धामा, रेनू शर्मा, मेघा गुप्ता, नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, अमरवीर खोखर, सुधा शर्मा, चांदनी जैन, गीता राणा, सीमा शर्मा, किरण बालियान, अश्वनी शर्मा, उत्तम चौहान, मयंक चौहान, प्राची चौहान, धर्मेन्द्र कुमार सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।




# रैलिंग तोड़ने का विरोध करने पर मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** क्षेत्र के गांव रौनिजा निवासी शिब्बू का आरोप है कि, गांव निवासी पप्पू व मुकेश उनके ऑफिस में लगी रैलिंग को तोड़ रहे थे। आरोप है कि, विरोध करने पर उक्त आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मारपीट में घायल शिब्बू को क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



# मकर संक्रांति पर जगह-जगह वितरण किया गया खिचड़ी का प्रसाद, किन्नर समाज ने भी मां भगवती का विशाल जागरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में दौरान उन्होंने मां भगवती के विशाल जागरण में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।वही भगवती गंज में स्थित शिव मंदिर व नवदीप नर्सिंग होम में भी खिचड़ी का वितरित





खिचड़ी वितरण किया गया। वही इसके साथ ही हरौडा रोड पर स्थित एक फार्म हाउस पर किन्नर समाज ने भी मकर संक्रांति के उपलक्ष में मां भागवती का विशाल जागरण किया इस किया है। इस दौरान डॉक्टर पवन सिरोही, प्रिंस गोयल, सोनू, राधेश्याम, जितेंद्र कुमार,देवेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह,अर्जुन, गिट्टी उर्फ रजनी, दीपा समेत मौजूद रहे।

# जिले में मकर संक्रान्ति पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया

- विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी का प्रसाद व भंडारे का किया आयोजन
- लोगों गरीबों में चावल,तिल व मूंगफली का दान किया
- श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट गंगा नदी में लगाई आस्था की डुबकी
- ब्रजघाट गंगा घाटों पुलिस बल रहा तैनात,गोताखोर रहे सक्रिय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद में मंगलवार को मकर संक्रान्ति का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया,भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों गरीब लोगों को भोजन कराकर पुण्य अर्जित किया। महिलाओं ने घरों में मूंगफली व तिल का पूजन प्रसाद घरों में वितरित किया। श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट स्थित गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। वहीं ब्रजघाट गंगा घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा और गोताखोर भी सक्रिय रहे।

आपको बता दें कि अंग्रेजी कलेण्डर के अनुसार मकर संक्रान्ति पर सदैव 14 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन चावल,दाल,तिल व मूंगफली का दान करने का महत्व माना जाता है। महिलाओं ने अपने घरों में सुबह मूंगफली और तिल का पूजन कर प्रसाद लोगों और बच्चों में वितरित किया। वहीं श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट स्थित गंगा नदी में आस्था की डुबकी भी लगाई। मकर संक्रांति के दिन चावल दान करने के लिए लोगों ने नगर में बुलन्दशहर रोड,मेरठ रोड,दिल्ली रोड,गढ़ रोड व स्वर्ग आश्रम रोड,दिल्ली रोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया। जहां खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करने के लिए गरीब लोगों की सुबह से शाम भीड़ लगी रही। इस दिन दान करने के महत्व को देखते हुए शहर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें गरीब लोगों को भोजन कराकर पुण्य अर्जित किया। शहर में खिचड़ी का प्रसाद सुबह से शाम तक वितरित किया गया जहां प्रसाद ग्रहण करने वाले गरीब लोगों की भीड़ लगी रही। महिलाओं और लोगों ने गरीब लोगों को वस्त्र इत्यादि का भी दान किया। बुजुर्ग महिलाओं का कहना कि इस दिन अपनों से रूठों को मनाया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए महिलाओं ने अपने रूठे सगे संबंधियों को मनाया। दूसरी ओर मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर गंगा घाटों पर विभिन्न स्थानों पर महिला व पुरुष पुलिस बल तैनात रहा। इसके घाटों पर गोताखोर भी सक्रिय रहे।







# एसडीएम साहिबा...वाल्मीकि समाज की समस्या के समाधान में अधिकारी नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली ब्लॉक के गांव बक्सर में वाल्मीकि समाज के मोहल्ले में पानी

- ग्राम समाज और तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप
- कई घरों के लोग अन्य जगहों पर रहने को मजबूत
- संक्रमित बीमारी फैलने का खतरा

निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी भरा हुआ है।जिस कारण संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं लोगों ने





ब्लॉक प्रशासन और ग्राम पंचायत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर समस्या के समाधान की मांग उठाई है। प्रदर्शनकारियों ने बताया क्षेत्र में साफ-सफाई में विशेष योगदान देने वाले समाज के लोग ग्राम पंचायत और ब्लॉक के अधिकारियों की अनदेखी के कारण गंदगी में रहने को मजबूर है। वही मोहल्ले में कई घरों में लगातार पानी भरा हुआ है।जिससे कई घरों के लोग अन्य जगहों पर रहने की मजबूर है। संचारी रोगों को लेकर प्रशासन ने पूरी तरह सतर्क रहने निर्देश दिए है। वही समाज के लोगों ने ब्लॉक प्रशासन और तहसील के खिलाफ प्रदर्शन कर समस्या के समाधान की मांग उठाई है। इस मौके पर अजय कुमार, सतीश,सोनवीर, ओमबीर,बचन सिंह, ओमवीर, रोहित, आसेराम, सविता, प्रेमवती, ओमवती, मुन्नी देवी, सीमा, संदीप होंडा, सभाष आदि मौजूद रहे।

इस संबंध में एसडीएम साक्षी शर्मा ने बताया की बीडीओ से बात कर जल्दी समस्या का समाधान कराया जाएगा।


# बाइक सवार युवक से दिनदहाड़े लूट से मचा हड़कंप, पुलिस मामले की जांच में जुटी, पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर ।** सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत पशु की खरीदारी करने जा रहे बाइक सवार युवक के साथ दिनदहाड़े हुई लूट से मचा हड़कंप।पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की लगाई गुहार।पुलिस जांच करने में जुटी हुई है।

आपको बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नवादा कला निवासी समरजीत उर्फ सुमित पुत्र प्रताप सिंह ने थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया है कि वह 13 जनवरी को पड़ोस के गांव धनपुरा में भैंसा खरीदने के लिए गया था। पैसे कम पड़ने पर वह अपने घर से ?30 हजार की नगदी लेकर बाइक से जा रहा था।

जैसे ही वह नवादा नहर पुल पर पहुंचा।तभी वहां पहले से घात लगाए बैठे पांच लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए 30 हजार रुपए की नगदी, मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन लूट कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।जिसको लेकर पीड़ित ने थाने में



तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

वही पीड़ित समरजीत उर्फ सुमित का कहना है कि स्थानीय पुलिस मामले की लीपा पोती करने में लगी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक शयोपाल सिंह कहना है कि मामला आपसी मारपीट का लग रहा है फिर भी जांच करा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी को अगवा कर ले जाने के आरोपी को दबोचा, धौलाना के गांव लालपुर से हुई थी किशोरी अगवा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** थाना धौलाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान किशोरी को अगवा कर भगाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने

**दरोगा जब्बार अहमद और पिंटू कुमार ने तीन दिन किया किशोरी को बरामद**

में सफलता प्राप्त की है ।

पूरे मामले में धौलाना थानेदार देवेन्द्र कुमार बिष्ट ने बताया कि किशोरी के अगवा करने के आरोपी को दबोचने के लिए एस एसआई जब्बार अहमद की




टीम लगी थी । उप निरीक्षक जब्बार अहमद उप निरीक्षक पिंटू कुमार को मिली सूचना पर आरोपी वाहिद पुत्र सरफराज निवासी ग्राम लालपुर थाना धौलाना को निधावली नहर पटरी से देहरा की और जाने वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया गया । जो कही भागने की फिराक में था । थानेदार देवेन्द्र सिंह बिष्ट के मुताबिक आरोपी वाहिद को गम्भीर धाराओं में निरुद्ध कर जेल भेज दिया गया है ।

# ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश,दो शातिर ठग गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के दो शातिर अभियुक्तों को

**6500 रुपये,तीन जोड़ी कुंडल,दो जोड़ी बाली व एक गले का लाकेट बरामद**

गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से 6500 रुपये,तीन जोड़ी कुंडल,दो जोड़ी बाली व एक गले का लाकेट बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त भोले भाले पुरुष व महिलाओं को चिन्हित कर अपना शिकार बनाते है। मंगलवार को सदर कोतवाली में आयोजित पत्रकार वार्ता में सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देश पर आपराधिक वारदातों पर अंकुश





लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में थाना हापुड़ नगर पुलिस ने रेलवे गोदाम के निकट से दो शातिर ठगों को गिरफ्तार कर एक ठगी की घटना का खुलासा कर दिया। गिरफ्तार ठगों से 6500 रुपये,तीन जोड़ी कुंडल,दो जोड़ी बाली व एक गले का लाकेट बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार ठगों के नाम हिमांशु पुत्र सुनील व सूरज पुत्र पूरन निवासी सुल्तानपुरी थाना सुल्तानपुरी दिल्ली है। ये ठग रास्ते में भोले भाले महिला पुरुषों को चिन्हित कर उन्हें बातों में उलझाकर रुपये व कीमती आभूषण आदि ठगकर मौके से फरार हो जाते है। ये शातिर किस्म के अपराधी है।

**श्रीमद्भागवत कथा**

## हमें ईश्वर को प्रतिदिन याद करते रहना चाहिए: आचार्य राजीव कृष्ण

# कृष्ण जन्म की मनमोहक झांकियां देखने श्रद्धालुओं की उमड़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** व्यासपीठ आचार्य राजीव कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि जब प्राणी पर कष्ट आता है,तो वह ईश्वर को याद करता है,और जब सुखी रहता है,तो ईश्वर को भूल जाता है। यदि

- आज श्रीमद्भागवत कथा में गोवर्धन पूजा व छप्पन भोग का होगा आयोजन
- भाजपा सांसद ने आचार्य राजीव कृष्ण भारद्वाज से लिया आशीर्वाद

प्रत्येक परिस्थिति में ईश्वर का चिंतन करने पर कष्ट नहीं आएगा,हमें ईश्वर को प्रतिदिन याद करते रहना चाहिए।

बुलंदशहर रोड स्थित श्री मां मनसा देवी मंदिर समिति द्वारा वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में चल रही मंदिर प्रांगण श्रीमद् भागवत कथा चतुर्थ दिवस पर राजीव कृष्ण





भारद्वाज ने रामकथा का संक्षिप्त वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम ने अवतार लेकर भक्तों की रक्षा की तथा राक्षसों का उद्धार किया और पूरे संसार को शिक्षा दी कि गुरु,पिता,माता के वचनों को हमेशा स्वीकार करना चाहिए। चन्द्रवंश में बड़े प्रतापी राजा हुए ययाति,इन्हीं के पुत्र यदु महाराज से यादव वंश चला इसी वंश में वासुदेव देवकी के यहाँ जेल में श्री कृष्ण अवतार हुआ,वसुदेव ने जैसे ही कृष्ण को लिया सभी पहिरेदार सो गए,ताले खुल गए ..... यानि जीव जब ईश्वर का सहारा लेता है तो सभी बंधन खुल जाते है और जब माया का आश्रय लेता है तो बंधन में बंध जाता है नन्द घर आनद भयो जय कन्हैया लाल की आदि भजनों पर भक्तों ने खूब नृत्य किया तथा कृष्ण जन्म की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। जिन्हें देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार को श्रीमतद्भागवत कथा में पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,वर्तमान गाजियाबाद धौलाना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने कथा स्थल में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा सुनी व आचार्य राजीव कृष्ण भारद्वाज महाराज का आशीर्वाद लिया

आज के मुख्य यजमान अजय गर्ग रीमा गर्ग,यादराम सैनी रेखा सैनी रहे। इस अवसर पर शिवकुमार मित्तल, महेश तोमर, विजेंद्र कंसल, खैलेन्द्र सैनी, सुरेश चंद्र गुप्ता, लाल राजकिशोर, राकेश माहेश्वरी, हनी सैनी, सोनू सैनी, कालीचरण सैनी, गौरव, नितिन सैनी, हरदोई शर्मा, रितु मित्तल,कविता कंसल, दुर्गेश तोमर,शांति देवी,कविता,सावित्री देवी आदि मौजूद रहे।

# नवोदय युवा समिति ने राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में विवेकानंद को नमन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नवोदय युवा समिति द्वारा मंडी स्थित कार्यालय में विवेकानंद जयंती मनाई गई इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने राष्ट्रीय चेतना के पुंज स्वामी

**स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धापूर्वक नमन किया**

विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया ।

इस मौके पर बतौर अतिथि पधारे ओम प्रकाश शर्मा ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग तथा उनके प्रमुख उद्घोषों पर चर्चा करते हुए उनके आदर्शों का अनुसरण किया इस मौके पर संजय अग्रवाल ने कहा कि उनके संकल्प लक्ष्य प्राप्ति तक नहीं रुकना को याद किया गया डोली कार्दमवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती को भारत सरकार ने राष्ट्रीय युवा दिवस



के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया जो स्वामी जी को सच्ची श्रद्धांजलि है स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस थे जो खुद अपने समय के बहुत प्रसिद्ध योगी रह चुके हैं राष्ट्रीय युवा दिवस हमें सिखाता है कि अगर सही दिशा में युवाओं को मार्गदर्शन मिले तो वह अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठी ने कहा कि विवेकानंद जी का मानना था कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती बल्कि यह जीवन के हर पहलू में आत्मविश्वास और साहस को विकसित करने की प्रक्रिया है जिससे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। इस मौके पर विनय शर्मा,तरुण, बबीता सिंघवाल,नरेंद्र टोंक ,रामअवतार वर्मा, रितु सिंह ,निकिता आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय


# पूंजीवादी व्यवस्था और आदर्श समाज की स्थापना



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

इतिहास के पृष्ठों में यह सवाल बार-बार उभरता रहा है कि किसी भी समय का कोई समाज आदर्श के कितना नजदीक या दूर रहा है, पर इसके बावजूद यह आदर्श समाज या देश कैसा होना चाहिए इसके बारे में मतभेद आज तक बने हुए हैं। अनेक बड़े स्वार्थ और ताकतें अपने हितों के अनुसार इस आदर्श समाज की सोच प्रस्तुत करते हैं और फिर अपने संसाधनों के भरपूर उपयोग से इस सोच का ही प्रचार-प्रसार करवाते हैं और अनुचित को उचित, गलत को सही सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। इसका एक उदाहरण तो यह सोच है कि किसी एक देश का विश्व पर या बड़े क्षेत्र पर दबदबा या आधिपत्य उस देश का आदर्श है। इस तरह की सोच से किसी का भी भला नहीं होगा और बहुत सी हिंसा नाहक होगी पर शक्तिशाली देशों के असरदार व्यक्ति ऐसी सोच को तरह-तरह की आकषर्क शब्दावली में प्रस्तुत करते हैं तो उनका बहुत महिमा-मंडन किया जाता है क्योंकि शक्तिशाली और संसाधन संपन्नों को ऐसी सोच की जरूरत है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पूंजीवादी और साम्यवादी देशों में एक होड़ थी कि किस व्यवस्था को विश्व में अधिक लोग अपने आदर्श के रूप में देखें और अपनाएं। दोनों व्यवस्थाओं ने अपना खूब प्रचार किया पर अपनी भीतरी समस्याओं और विसंगतियों को दूर नहीं किया। अतः पूंजीवादी व्यवस्था में शोषण और विषमता, पर्यावरण विनाश और युद्ध को बढ़ाने की प्रवृत्ति बनी रही तो साम्यवादी व्यवस्थाओं में अपने ही लोगों पर अत्याचार हुए और इसका पर्याप्त विरोध भी वहां नहीं किया जा सका। सोवियत संघ के विघटन के बाद चीन ने भी पूंजीवादी देशों से सहयोग का रास्ता ही अपनाया और ऐसा लगा और प्रचारित भी हुआ कि अब तो पूंजीवाद की ही जीत है पर इस तरह की बहुत अनुकूल स्थितियों के बाद सबसे शक्तिशाली देशों ने युद्ध की प्रवृत्ति को छोड़ा नहीं अपितु विनाशकारी युद्धों और हमलों में दुनिया को उलझा दिया। यहां तक कि इस कारण तीसरे महायुद्ध का खतरा भी सामने आ गया। आक्रामकता के साथ पूंजीवाद की स्व-विनाशकारी प्रवृत्तियां भी नजर आई और अनुकूल स्थितियों के रहते हुए भी प्रमुख पूंजीवादी देशों (जैसे अमेरिका और ब्रिटेन) में बड़ी संख्या में लोग बुनियादी जरूरतों को जुटाने तक के लिए संघर्ष करते हुए पाए गए हैं, जबकि आज जर्मनी भी अपनी बिगड़ती आर्थिक स्थिति के बारे में बहुत चिंतित हैं। अतः बहुत अनुकूल स्थितियां मिलने पर भी पूंजीवादी व्यवस्था आदर्श समाज की स्थापना व्यापक और दीर्घ स्तर पर करने में विफल है। कुछ छोटे देशों ने थोड़े समय के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त किए हैं, पर ये बहुत टिक नहीं पाए हैं (नार्वे, स्वीडन आदि देशों के अनुभव) और न ही ये पूंजीवाद की कुछ व्यापक विसंगतियों से बच पाए हैं। दूसरी ओर, पर्यावरण और छोटे किसानों के हितों की रक्षा न कर पाने, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक विपक्ष को उचित मान्यता न देने के कारण साम्यवादी व्यवस्थाएं भी अपनी इस मान्यता को तेजी से खो रही हैं जो उन्होंने बहुत से न्यायप्रिय व्यक्तियों के बीच एक समय प्राप्त की थीं। इन निराशाओं के बावजूद मनुष्य की आदर्श व्यवस्था के लिए तलाश जारी रहेगी और अधिक सार्थक परिणाम के लिए उसे पहले की गलतियों से सीखते हुए ही आगे बढ?ा होगा। मौजूदा समय विशेष कठिनाइयों का समय है क्योंकि अनेक पर्यावरणीय समस्याएं एक साथ विकट होती जा रही हैं, युद्ध अधिक खतरनाक होते जा रहे हैं और हथियार अधिक विनाशकारी होते जा रहे हैं। यह समय बहुत सावधानी से सही मार्ग खोजने का है, और उसी राह पर आगे बढने का है।इस स्थिति में यदि आदर्श समाज को इस तरह परिभाषित कर सकें जो सरल होते हुए भी तर्कसंगत हो और जिसे बहुत से लोग आसानी से समझ कर अपना सकें तो यह बहुत उपयोगी होगा। आदर्श समाज वह समाज है जो न्याय और समता, अमन-शांति और लोकतंत्र, पर्यावरण, सामाजिक संबंधों की प्रगाढ़ता, ईमानदारी, महिला-सम्मान, भेदभाव की समाप्ति और सभी जीवन-रूपों के लिए करुणा पर आधारित है। इन सभी जीवन-मूल्यों को स्थानीय स्थितियों के आधार पर अपनाना चाहिए और इस तरह आदर्श समाज का रूप विश्व में विभिन्न स्थानों पर कुछ अलग जरूर होगा पर फिर भी चूंकि बुनियादी जीवन-मूल्य एक ही हैं, तो इसमें बहुत समानता भी होगी। यह सोच एक स्तर पर सरल और सीधी-सादी है और यह ऐसा गुण है जिसके आधार पर इसे बहुत से लोग आसानी से अपना सकते हैं।

# राजेंद्र शर्मा के तीन व्यंग्य



### 1. नॉन-बायोलॉजीकल से बायोलॉजीकल भये, कर-कर लंबी बात

अब बोलें, जिन्हें मोदी जी के राज में विकास दिखाई ही नहीं देता है। यह उनकी आंखों में सिर्फ मोतियाबिंद उतर आने का मामला नहीं है, हमें तो लगता है कि उनकी नजर ही जाती रही है। वर्ना मोदी जी ने तो ऐसी-ऐसी जगहों पर और ऐसा-ऐसा विकास कर दिया है, जिसकी अब तक किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। नेहरू-वेहरू खानदान वालों की तो खैर बात ही क्या करना, किसी नरसिंह राव या मनमोहन सिंह ने भी नहीं और यहां तक कि प्रातःस्मरणीय वाजपेयी जी तक ने नहीं।

पहले कभी किसी ने सुना था कि कोई नॉन-बायोलॉजीकल से विकास कर के बायोलॉजीकल हो गया हो और वह भी देश के किसी कोने-कुचारे में नहीं, प्रधानमंत्री की गद्दी पर बैठे-बैठे! पहले नहीं सुना था ना! पर अब मोदी ने सुनवा भी दिया और वीडियो जारी कर के दिखवा भी दिया। नॉन-बॉयोलॉजीकल से बायोलॉजीकल और वह भी सिर्फ छः महीने में। यानी न सिर्फ विकास, बल्कि ताबड़तोड़ विकास, तूफानी विकास, धुआंधार विकास। तुमको और कितना विकास मांगता है, भारतवर्ष वालों!

पर हाय, नकारात्मकता के मारे भारत देश। मोदी जी के विरोधी इस मौके पर भी अपनी नेगेटिविटी छोड़ने को तैयार नहीं हैं। उल्टे पूछ रहे हैं कि नॉन-बायोलॉजीकल से बायोलॉजीकल होना विकास कैसे हो गया? बायोलॉजीकल तो वैसे भी नॉन-बायोलाजीकल से छोटा शब्द है। बड़े से छोटे की ओर यात्रा को विकास कैसे कह सकते हैं। हमें तो ये ह्रास को ही विकास कहकर बेचे जाने का मामला लगता है, जिसमें मोदी जी का स्पेशलाइजेशन है। भाई लोग इतने तक ही रुक जाते, तब तो फिर भी गनीमत थी। विकास की रफ्तार पर भी सवाल उठा रहे हैं और इसे ताबड़तोड़ ह्रास का मामला बता रहे हैं। और कह रहे हैं कि यह ताबड़तोड़ ह्रास चुनाव में पब्लिक के जोर का धक्का, जोर से ही लगाने की वजह से हुआ है। जब तक चार सौ पार की उम्मीद थी, मोदी जी नॉन-बायोलॉजीकल होने में जुटे हुए थे। पर चुनाव में पब्लिक ने ठुकरा दिया, दो सौ चालीस पर ही रोक दिया, नायडू और नीतीश की बैसाखियों का सहारा लेने पर मजबूर कर दिया, तो मोदी जी को बोध प्राप्त हो गया कि वह तो बायोलॉजीकल हैं, बाकी सब की तरह। गलतियां उनसे भी हो सकती हैं, होंगी भी, देवता थोड़े ही हैं! यह बाकी सब के जैसा होने का बोध-वोध कुछ नहीं है, यह तो रपट पड़े की हर-हर गंगा है। बेशक, ये विरोधी जबर्दस्ती विकास को ह्रास साबित करने और उसे चुनाव जैसी दुनियावी चीजों से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। पर मोदी जी, बाकी सब के जैसे होते हुए भी, इन सब से ऊपर हैं। दरअस्ल, नॉन-बायोलॉजीकल से बॉयोलॉजीकल की यात्रा के पीछे, मोदी जी की गहरी दार्शनिक विकास यात्रा है। बल्कि यहां तो मोदी जी वास्तव में भौतिकवादी-विकासवादियों की कतार में आगे लगे दिखाई देते हैं। भौतिकवादी, यही तो मानते हैं कि पदार्थ से जीव बना है। नॉन-बायोलॉजीकल से बायोलॉजीकल बना है। मोदी जी उसका साक्षात प्रमाण बन रहे हैं, तो विरोधियों को दिक्कत हो रही है।

दरअस्ल, ये विरोधी ऊपर से कितना ही सेकुलर होने का चोला ओढ़ें, भीतर से ये भी भौतिकवाद के विरोधी ही निकलेंगे। और तो और, कम्युनिस्ट तक मोदी जी का विरोध करने के चक्कर में, भौतिकवाद का भी विरोध कर रहे हैं और नॉन-बायोलॉजीकल से बायोलॉजीकल होने पर सवाल उठा रहे हैं। दार्शनिक दृष्टि से एक और अधकचरी दलील मोदी जी के विरोधियों की यह है कि आम चुनाव के टैम पर मोदी जी नॉन-बायोलॉजीकल हो चुके थे, इसके तो साक्ष्य खुद मोदी जी की ही जुबान में मौजूद हैं। लेकिन, उससे पहले मोदी जी क्या थे -- बायोलॉजीकल या नान-बायोलॉजीकल या इल्लॉजीकल!

आखिर, जब तक मां जिंदा थीं, तब तक तो मोदी जी को भी यही लगता था कि उन्हें बायोलॉजीकली पैदा किया गया था यानी बायोलॉजीकल थे! तो पहले बायोलॉजीकल, फिर नान-बायोलॉजीकल और अब फिर से बायोलॉजीकल, इसमें कोई भी, कैसा भी विकास कहां हुआ। यह तो लौट के बुद्धू घर को आए हुआ। यानी चले तो खूब पर, रहे वहीं के वहीं ; ऐसे चलने को यात्रा नहीं कहते। विकास की यात्रा कहने का तो खैर सवाल ही नहीं है। बस इसमें मोदी जी एक ही बात का संतोष कर सकते हैं कि जहां यात्रा ही नहीं है, वहां अगर विकास नहीं हो सकता, तो ह्रास भी नहीं होगा। बस मुंबइया जुबान में थंबा होगा! पर मोदी जी मूल रूप से इल्लॉजीकल ही रहे हों और बाद में नॉन बायोलॉजीकल और अब बायोलॉजीकल उसी में से निकले हों तो? है कोई जवाब!

पर मोदी जी के विरोधी भी उतने ही ढीठ हैं, दुष्टता से अब भी बाज नहीं आ रहे। कह रहे हैं कि मोदी जी के बायोलॉजीकल होने से सबसे ज्यादा खुशी भगवा पार्टी के मार्गदर्शक मंडल में हैं। अडवाणी जी, जोशी जी के मन में नयी उम्मीद जाग गयी है कि मोदी जी जैसे ही 75 पार कर जाएंगे, बाकी सब की तरह वह भी मार्गदर्शक मंडल की शोभा बढ़ाने आ जाएंगे। कुछ तो नया होगा, कुछ तो बोरियत घटेगी! बस उनके मन में एक ही आशंका है -- जो बंदा एक बार बायोलॉजीकल से नान बायोलॉजीकल और नान बायोलॉजीकल से बायोलॉजीकल हो सकता है, वह 75 तक पहुंचते-पहुंचते फिर से पल्टी नहीं मार जाएगा और फिर से बायोलॉजीकल से नान-बायोलॉजीकल नहीं बन जाएगा, इसकी क्या गारंटी है? बायोलॉजीकल को तो वैसे भी कुर्सी का प्रेम तो बांधता ही है।

हद तो यह है कि विरोधी बायोलॉजीकल मोदी जी के यह मानने से भी खुश होकर राजी नहीं हैं कि उनसे भी गलतियां हो सकती हैं, वह देवता थोड़े ही हैं। विरोधियों के पास 2002 के गुजरात से लेकर, नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन तक, लंबी सूची है गलतियां मनवाने के लिए। उल्टे यह कहकर डरा और रहे हैं कि मोदी जी की और जोखिम उठाने की क्षमता अभी भी बाकी है यानी लोग नोटबंदी 2.0 के लिए तैयार रहें या गुजरात 2.0 के लिए! नान बायोलॉजीकल से डर नहीं लगता है साहब, बायोलॉजीकल से लगता है।

### 2. शीश महल बनाम स्वर्ण कुटी

भाई मानना पड़ेगा, मोदी जी की फकीरी को। करोड़ों लोगों के सिर पर पक्की छत का इंतजाम करने में लगे हुए हैं। इसी सब के लिए अठारह-अठारह घंटे काम कर रहे हैं। पर अपने लिए एक पक्का तो क्या, कच्चा घर तक नहीं बनवाया है। सिर पर पक्की छत की बात तो भूल ही जाएं, अगले ने अपने लिए न खपरैल की न फूस की, न तिरपाल की, किसी तरह की छत का इंतजाम ही नहीं कराया है। मोदी जी ने जब से दिल्ली में अपनी पार्टी का चुनाव प्रचार शुरू करते हुए अपनी इस फकीरी की याद दिलायी है, बेचारे दिल्ली वासियों को बड़ा गिल्ट-सा महसूस हो रहा है। उनमें से ज्यादातर के सिर पर तो फिर भी पक्की नहीं तो कच्ची, अपनी नहीं, तो किराए की या झुग्गी की ही कम-से-कम छत तो है, जबकि देश का प्रधानमंत्री बेचारा खुले आसमान के नीचे रातें गुजार रहा है ; सर्दियों में ठिठुर-ठिठुर कर, गर्मियों में झुलस-झुलस कर और बारिश में भीग-भीग कर। इसके बाद भी विरोधी हैं कि



मोदी जी के खुद को देश का प्रथम सेवक बताने पर, उनके हवाई जहाजों के दाम के ताने मारते हैं। इसका भी ख्याल नहीं करते कि वे दो हवाई जहाज, वे छः-छः करोड़ की गाड़ियां, वगैरह सब कुछ तो देश के प्रधानमंत्री की ऑफीशियल सुविधा के लिए है, नरेंद्र दामोदर दास मोदी के निजी उपयोग के लिए थोड़े ही है!

ऐसा ठंड में ठिठुर-ठिठुर कर रातें गुजारने वाला प्रधानमंत्री अगर दिल्ली वाले अरविंद केजरीवाल के शीश महल को गलत कहे, तो क्या गलत है? कहां केजरीवाल, जो एक राज्य का मामूली मुख्यमंत्री है, वह भी केंद्र शासित क्षेत्र यानी आधे-अधूरे राज्य का, उसके ऊपर से मोदी के राज में आधे-अधूरे राज का यानी लैफ्टीनेंट गवर्नर के पौने राज्य के अंगूठे तले, तिहाई-चौथाई राज्य का नाम के वास्ते पूर्व-मुख्यमंत्री और कहां अखंड भारत का यशस्वी प्रधानमंत्री। फिर भी देख लीजिए, छोटे सरकार के नाम शीश महल और बड़े सरकार के नाम सिर्फ हवा महल, बिना छत और बिना दरो-दीवार! उस पर दिलजले के मुंह से एक आह भी निकल जाए, तो विरोधी जान के पीछे पड़ जाएं कि इतनी ऊंची गद्दी पर बैठकर, इतनी छोटी बात मुंह से कैसे निकाल दी! उल्टे विरोधी अब तो इल्जाम लगा रहे हैं कि मोदी जी के सिर के ऊपर छत ही न होने के दावे झूठे हैं। केजरीवाल ने शीश महल बनवाया, बुरा किया, नहीं बनवाना चाहिए था। फिर भी शीश महल हो या जो भी कुछ हो, था तो सरकारी। तभी तो केजरीवाल के सीएम की कुर्सी छोड? की देर थी, शीश महल खुद-ब-खुद छूट गया। लेकिन, इतना ही सरकारी चांदी का महल तो मोदी जी के पास भी है। दस साल में उसके नवीनीकरण के खर्चों का हिसाब-किताब भी तो मोदी जी को देना चाहिए या उसे भी अपनी डिग्री की तरह राष्ट्रहित में गोपनीय ही बनाए रखेंगे। और मोदी जी जो साढ़े चार सौ करोड़ से ज्यादा में अपना सोने का महल, नये सेंट्रल विस्टा के हिस्से के तौर पर बनवा रहे हैं, उसका क्या? सुनते हैं कि मोदी जी के नये महल में तो शाही जमानों की तरह निजी गुप्त सुरंगें भी होंगी, दफ्तर से सीधे बैड रूम तक जाने वाली। मोदी जी उसका नाम भले ही स्वर्ण कुटी रखवा दें, पर होगा तो वह शीश महल से दसियों गुना बढकर ही। खैर जो भी हो, मोदी जी पर शीशे के महल में बैठकर, दूसरों के घर पर पत्थर फैंकने का इल्जाम कोई नहीं लगा सकता है। मोदी जी ने पहले ही पूरी सावधानी बरती है, चांदी के महल में बैठकर, शीशे के महल वालों पर पत्थर फैंक रहे हैं!

### 3. दुनिया के मजदूरो मशीन बनो!

अब कोई कुछ भी कहे, एल एंड टी कंपनी वाले सुब्रमण्यम साहब की बात में हमें तो दम नजर आता है। सिंपल सी बात है। इतवार की छुट्टी यानी सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार...किसी भी दिन की छुट्टी की मजदूरों-कर्मचारियों को जरूरत ही क्या है? बिल्कुल टाइम वेस्ट। घर पर बैठकर बीवी का चेहरा ताकते रहो, ताकते रहो, ताकते रहो ; यह भी कोई करने वाला काम है। इससे अच्छा तो सातों दिन, बारहों महीना कारखाने, दफ्तर में काम करो। पैदावार ज्यादा तो मुनाफा भी ज्यादा और जीडीपी भी ज्यादा। और जीडीपी ज्यादा तो सरकार के खजाने में पैसा ज्यादा। यानी मालिक भी खुश और निर्मला ताई भी खुश। सिर्फ बीबी को खुश करने के चक्कर में देश की जीडीपी क्यों डुबो रहे हैं ये मजदूर-वजदूर।

इतनी अक्ल की बात करने में सुब्रमण्यम जी अकेले नहीं हैं। उनसे पहले इन्फोसिस वाले नारायण मूर्ति जी भी यही एडवाइज दे चुके थे। बस वो इतवार वगैरह की छुट्टी के चक्कर में नहीं पड़े थे और सीधे पाइंट पर आ गए। दिन में काम के घंटे कम से कम बाहर-चौदह तो होने ही चाहिए। और वह देश के प्रधानमंत्री, मोदी जी को फॉलो कर रहे थे। जब नारायण मूर्ति की कान में यह बात पड़ी कि मोदी जी दिन में अठारह-अठारह घंटे काम करते हैं, तो एकदम से उन्हें बोध प्राप्त हो गया। यही तो सारी समस्याओं का समाधान है, सारे रोगों की रामबाण औषधि है। सब ज्यादा घंटे काम करें, देश खुद-ब-खुद आगे बढ़ जाएगा। सुब्रमण्यम जी ने गेंद और आगे बढ़ा दी। सवाल उनकी कंपनी में शनिवार की छुट्टी नहीं देने पर पूछा गया था, उन्होंने इतवार की छुट्टी को भी नजर लगा दी।

सुब्रमण्यम साहब, मूर्ति साहब, मोदी साहब लोगों की बदकिस्मती से, इन मजदूरों-वजदूरों के साथ एक बड़ी प्राब्लम है। जब तक काम नहीं मिलता, तब तो फिर भी ठीक रहते हैं, पर काम मिला नहीं कि ये खुद को इंसान समझने लगते हैं। खुद को तो खुद को, अपनी बीबी, बच्चों को भी इंसान समझने लगते हैं। उनकी तरफ इंसानों की नजर से देखने लगते हैं। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि किसी मिडास मंतर से सारे मेहनत करने वालों को मशीन बना दिया जाए? न कोई बीवी को निहारते बैठेगा और न छुट्टी के नाम पर किसी भी दिन की बर्बादी होगी। मजदूरी की झिकझिक भी खत्म।


(व्यंग्यकार वरिष्ठ पत्रकार और 'लोक लहर' के संपादक हैं।)

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# सीबीएसई/आईसीएसई/ राज्य बोर्ड परीक्षा: अंतिम समय में तैयारी के टिप्स जो आपको बेहतर स्कोर करने में मदद करेंगे



विजय गर्ग

जैसे-जैसे सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आती हैं, छात्रों को अपनी तैयारी तेज करने पर ध्यान देना चाहिए। जैसे-जैसे शैक्षणिक वर्ष समाप्त हो रहा है, छात्र अपनी अंतिम परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। जबकि कुछ का मानना है कि इन पेपरों में सफलता केवल तभी प्राप्त की जा सकती है जब हम बाकी सब कुछ छोड़ दें, अधिक संतुलित दृष्टिकोण अक्सर बेहतर परिणाम देता है। तो, हम अपने शिक्षार्थियों को उनकी बहुप्रतीक्षित परीक्षाओं की तैयारी में कैसे समर्थन दे सकते हैं? सीखना हमेशा रैखिक नहीं होता. कभी-कभी, आप जल्दी सीखते हैं, कभी-कभी धीरे-धीरे, और कभी-कभी, ऐसा लगता है कि आप कुछ भी नहीं सीख रहे हैं... यहां तक कि आइंस्टीन ने भी इन चुनौतियों का सामना किया था! सबसे महत्वपूर्ण बात यह सुनिश्चित करना है कि बाद में आपको यह अहसास न हो कि आप बेहतर कर सकते थे। सकारात्मक बने रहें: उन विषयों और विषयों से शुरूआत करें जिनमें आप आश्वस्त हैं। शुरूआती सफलता का अनुभव प्रेरणा और बाद में अधिक चुनौतीपूर्ण सामग्री से निपटने के लिए आपके आत्मविश्वास दोनों को बढ़ाता है। एक वैयक्तिकृत पुनरीक्षण समय सारिणी बनाएं और एक योजनाकार या चार्ट का उपयोग करके अपनी प्रगति को ट्रैक करें। अपने चार्ट को पूर्ण विषयों से भरा हुआ देखना अविश्वसनीय रूप से संतोषजनक हो सकता है। अभी शुरू करें... परीक्षाएं कुछ सप्ताह दूर हैं, इसलिए आपकी दीर्घकालिक और अल्पकालिक स्मृति एक साथ प्रभावी ढंग से काम कर सकती है, और परीक्षा के समय तक, अंतिम मिनट में दोहराव प्रबंधनीय प्रतीत होगा। केवल उत्तर याद न रखें. इसके बजाय, अपनी अध्ययन सामग्री को बार-बार पढ़ें। इससे न केवल आपको अवधारणाओं को समझने और तथ्यों को बनाए रखने में मदद मिलेगी, बल्कि यह आपकी वर्तनी में भी सुधार करेगा। जब चीजें समझ में न आएं, तो दूसरे अर्थ को शामिल करने के लिए जोर से पढ़ने का प्रयास करें। कई छात्रों को यह कठिन विचारों को स्पष्ट करने में मदद करता है। नोट बनाओ: जैसे ही आप किसी अध्याय को निपटाते हैं, महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित करें और उन्हें अपने शब्दों में लिखने का प्रयास करें। यह आपकी समझ को सुदृढ़ करने में मदद करता है और संशोधन के दौरान त्वरित संदर्भ के रूप में कार्य करता है। निबंध-आधारित उत्तरों के लिए, आप अपनी समीक्षा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए उन्हें बिंदुओं में फिर से लिखने का प्रयास कर सकते हैं। प्रश्न पूछें: क्या? कब? कहाँ? कैसे? जब आपको कोई विषय समझ में न आए, तो अपने शिक्षकों से पूछने या अन्य शिक्षण संसाधनों का पता लगाने में संकोच न करें। याद रखें: किसी अवधारणा को पूरी तरह से समझना बेहतर ग्रेड की कुंजी है, इसलिए याद रखने की बजाय स्पष्टता पर ध्यान दें। अपना समय संतुलित करें: यदि आपको लगता है कि आप पूरा दिन पढ़ रहे हैं, तो अपने शेड्यूल का पुनर्मूल्यांकन करें। अपने लिए एक संतुलित दैनिक समय सारिणी बनाएं जिसमें पढ़ाई, खेलना (और शायद अपने पसंदीदा शो देखने का समय भी शामिल हो)। बर्नआउट से बचने के लिए छोटे-छोटे ब्रेक के साथ 1-2 घंटे के ब्लॉक में अध्ययन करें। सप्ताहांत में, आपके पास अध्ययन के लंबे घंटे हो सकते हैं लेकिन सुनिश्चित करें कि आपको अभी भी आराम करने और तरोताजा होने के लिए समय मिले। स्वस्थ रहें और विकर्षणों से बचें: एक स्वस्थ शरीर स्वस्थ दिमाग का समर्थन करता है। पौष्टिक भोजन करें, हाइड्रेटेड रहें, नियमित व्यायाम करें और पर्याप्त नींद लें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका ध्यान अपने लक्ष्यों पर बना रहे, स्क्रीन समय सीमित करें और सोशल मीडिया विकर्षणों को प्रबंधित करें। परीक्षा कौशल का निर्माण करें: परीक्षाएँ केवल सामग्री ज्ञान से अधिक का मूल्यांकन करती हैं - वे आपके समय प्रबंधन और उत्तरों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की क्षमता का भी परीक्षण करती हैं। मूल्यांकन के लिए मूल्यांकन मानदंड, ब्लूप्रिंट और रूब्रिक्स से खुद को परिचित करें। यह समझने के लिए मॉडल उत्तरों का अध्ययन करें कि अपनी प्रतिक्रियाओं को प्रभावी ढंग से कैसे तैयार किया जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आप सामग्री के बारे में अपनी समझ और इस समझ को स्थितियों और केस अध्ययनों पर लागू करने की क्षमता को संप्रेषित कर सकें। स्वयं की जांच करो: जैसे ही आप दोहराते हैं, संभावित प्रश्न लिख लें और बाद में स्वयं का परीक्षण करें। पारस्परिक प्रतिक्रिया के लिए स्व-मूल्यांकन करें या किसी मित्र के साथ कागजात का आदान-प्रदान करें।अभ्यास पत्रों में गलतियाँ सीखने के मूल्यवान अवसर हैं क्योंकि वे उन क्षेत्रों को उजागर करती हैं जिन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अभ्यास ही कुंजी है, इसलिए समयबद्ध अभ्यास पत्रों के साथ परीक्षा स्थितियों का अनुकरण करें। अपनी चिंता प्रबंधित करें: जहां थोड़ी सी घबराहट आपका ध्यान केंद्रित कर सकती है, वहीं अत्यधिक चिंता प्रदर्शन में बाधा डाल सकती है।

## बुधवार का राशिफल

मेष — संतान के लिए कुछ कर पाएंगे, टूर ट्रैवल व्यवसाय, यात्रा से लाभ होगा, किसी नई तकनीक को सीख सकते है। भाग्य प्रतिशत-85

वृषभ — ज्योतिषी से सलाह लेंगे, बहुत सी चीजों पर काम करना होगा, कुछ भी हाथ से जाने ना दे, गलतफहमी होगी।
भाग्य प्रतिशत-58

मिथुन — काम के लिए लोगों से मिलेंगे, हो सकता है लोग आपको देर से काम दे, जो भी बोले नाप तोलेकर बोले।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क — किसी गुरु से अच्छी सीख मिलेगी,बनावटी रिश्तों मे फंस सकते है, वायु एवं कफ रोग सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-54

सिंह — अब कुछ नया सीखने और खुद को बनाने का समय है, परिस्थिति विपरित है, धार्मिक कार्य से लाभ सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-59

कन्या — प्रयास बढ़ाने होंगे,आलस्य ना करे, परिवार में किसी बात पर चर्चा करेंगे, बिजनेस प्लान बनाने का अच्छा समय है। भाग्य प्रतिशत-67

तुला — करियर ग्रोथ प्रभावित रहेगी, ले देकर काम चलाना पड़ सकता है,आध्यात्मिक दिशा के लिए शुभ समय है, निर्णय प्रभावित होंगे।
भाग्य प्रतिशत-49

वृश्चिक — गुप्त शारीरिक समस्या रहेगी, अच्छी शिक्षा लेकर भी करियर में अच्छा परीणाम नहीं मिलेगा, मन दूसरे देश या शहर में बसने का होगा।
भाग्य प्रतिशत-54

धनु — कार्य बनेंगे लेकिन रोग भी रहेगा, खर्चा आ सकता है, नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन दिखता है, व्यग्रता रहेगी। भाग्य प्रतिशत-55

मकर — आर्थिक विकास होगा, लोगों से ज्यादा मिलना जुलना नहीं चाहेंगे, प्रेम समबन्ध प्रभावित होगा, शरीर में कैल्शियम घटेगा।भाग्य प्रतिशत-50

कुंभ — परिवार में मिलना जुलना बढ़ेगा, अधिक लाभ के लिए गलत जगह धन ना लगा दे ध्यान रखे, तकनीकी क्षेत्र में उन्नति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-58

मीन — पारिवारिक जीवन बिगड़ सकता है, कार्यक्षेत्र मे बदलाव सम्भव है, सीए, सॉफ्टवेयर, लेनदेन कार्य में मध्यम सफलता मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-53



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# घटते छात्र,बढ़ते स्कूल: क्या शिक्षा नहीं अनुकूल?



प्रियंका सौरभ

शिक्षा के लिए एकीकृत ज़िला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5, 000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14, 89, 115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26, 52, 35, 830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्त्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुँच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है?

सरकारी स्कूलों में बेहतरीन सुविधाएँ उपलब्ध होने के बावजूद, दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि नहीं हो रही है। सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाओं के बावजूद, खराब गुणवत्ता वाली शिक्षा, अपर्याप्त शिक्षक प्रशिक्षण, जवाबदेही की कमी, निजी स्कूलों से प्रतिस्पर्धा और कुछ क्षेत्रों में अच्छे सरकारी स्कूलों की उपलब्धता के बावजूद निजी स्कूलों में बेहतर शिक्षण परिणाम देने की धारणा के कारण अक्सर छात्रों का नामांकन कम रहता है; इससे माता-पिता निजी स्कूलों को चुनते हैं, भले ही वे सरकारी शिक्षा का खर्च वहन कर सकें। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि आजकल छात्र और उनके माता-पिता सरकारी स्कूलों की तुलना में निजी स्कूलों में दाखिला लेना पसंद करते हैं। हम ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही प्रवृत्ति देखते हैं, जहाँ अधिकांश माता-पिता कृषि पर निर्भर हैं और कम आर्थिक वर्ग से हैं।हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे स्कूलों में बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक छात्रों को सरकारी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए आकर्षित किया जा सके। सुविधाओं में सुधार के बावजूद सरकारी स्कूलों में कम नामांकन के मुख्य कारण हैं अपर्याप्त शिक्षक प्रशिक्षण, कम प्रेरणा और शिक्षकों की उच्च अनुपस्थिति सरकारी स्कूलों में सीखने की गुणवत्ता को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती है, जिससे माता-पिता बेहतर शिक्षक मानकों वाले निजी स्कूलों का विकल्प चुनते हैं। जब सरकारी स्कूलों में अच्छा बुनियादी ढांचा होता है, तब भी माता-पिता के बीच यह धारणा बनी रहती है कि निजी स्कूल बेहतर शिक्षा प्रदान करते हैं, जिससे निजी संस्थानों को प्राथमिकता मिलती है। सरकारी स्कूलों में खराब निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली शिक्षा की असंगत गुणवत्ता को जन्म दे सकती है, जिससे माता-पिता का आत्मविश्वास और भी कम हो सकता है। सुविधाओं और मार्केटिंग रणनीतियों वाले निजी स्कूलों की तेजी से वृद्धि अक्सर छात्रों को सरकारी स्कूलों से दूर कर देती है, यहाँ तक कि उन क्षेत्रों में भी जहाँ सार्वजनिक शिक्षा के अच्छे विकल्प हैं। कुछ मामलों में, माता-पिता सामाजिक दबाव या उच्च सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले साथियों के नेटवर्क तक पहुँचने की इच्छा के कारण निजी स्कूलों का चयन कर सकते हैं। सरकारी स्कूल हमेशा अपने पाठ्यक्रम और शिक्षण विधियों को आधुनिक शैक्षिक प्रथाओं के साथ संरेखित करने के लिए अपडेट नहीं कर सकते हैं, जिससे गुणवत्ता में अंतर पैदा होता है। हमें सच्चाई को स्वीकार करना होगा, हालाँकि यह कड़वी है। अपर्याप्त सुविधाएँ, शिक्षकों की कम उपस्थिति और पुरानी शिक्षण पद्धतियाँ कुछ ऐसे कारण हैं, जिनके कारण लोग मुफ्त सरकारी स्कूलों को छोड़कर महंगी फीस वाले निजी संस्थानों को चुन रहे हैं, जो कि बहुत अच्छा संकेत नहीं है। समस्या केवल यह नहीं है कि निजी स्कूलों में सरकारी स्कूलों की तुलना में दाखिले अधिक होते हैं। सरकारी स्कूलों में देखभाल और ध्यान कम होगा। सरकारी स्कूलों में प्रक्रिया पर औसत नजर रहेगी। उचित बुनियादी ढांचे की उपलब्धता का सवाल ही नहीं उठता। अपर्याप्त स्टाफ के साथ चलने वाले ज्यादातर स्कूलों में यह बहुत आम बात है। मुख्य रूप से माता-पिता के प्रति उनके बच्चों की शिक्षा के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है। जबकि निजी स्कूलों में उपर्युक्त रणनीति के फॉमूर्लेशन उपलब्ध होंगे, इसके अलावा स्कूल की क्षमता बढ़ाने के लिए व्यावसायिक हथकंडे भी जोड़े जाएँगे। देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है।

सरकारी स्कूलों में शिक्षण मानकों को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण, योग्य शिक्षकों की भर्ती और प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन को प्राथमिकता दें। स्कूल के प्रदर्शन की निगरानी करने, सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने और छात्रों के सीखने के परिणामों के लिए स्कूलों को जवाबदेह बनाने के लिए मजबूत सिस्टम लागू करें। विश्वास बनाने और सरकारी स्कूलों को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के निर्णय लेने में माता-पिता और समुदाय के नेताओं को शामिल करें। प्रासंगिकता और वर्तमान आवश्यकताओं के साथ संरेखण सुनिश्चित करने के लिए पाठ्यक्रम की नियमित समीक्षा करें और उसे अद्यतन करें। अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए सरकारी स्कूलों में भौतिक बुनियादी ढांचे में सुधार करने में निवेश करना जारी रखें। नकारात्मक धारणाओं को दूर करने और नामांकन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी स्कूलों में उपलब्ध शिक्षा की गुणवत्ता को उजागर करने वाले अभियान चलाएँ। शिक्षा प्रणाली में कुछ चुनौतियाँ हैं जिनके कारण भारत इष्टतम विकास को पूरा करने में सक्षम नहीं है। भारत में शिक्षा के परिदृश्य को बेहतर बनाने एवं छात्रों के नामांकन को बढ़ाने के लिए उन नीतियों पर सख्ती से काम करने की आवश्यकता है जो भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली सुनिश्चित करें।

# कांग्रेस कार्यकताओं ने आईटीआई रोड पर खिचड़ी वितरण की

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ।** मकर संक्रांति के उपलक्ष में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओ ने पुलिस चैकी के नजदीक आईटीआई रोड पर खिचड़ी वितरण की अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव सागर सिंह तोमर जिला महामंत्री कैलाश गौतम,दीपेश सिंह, कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सीता शर्मा, श्रीमती अखिलेश यादव,वैभव शर्मा,रोहित शर्मा लोगों ने प्रसाद वितरण किया वही सागर सिंह तोमर ने कहा हम सभी लोग एक प्रतिज्ञा ले मोनो काइट मजे से कभी पतंग ना उड़ाए इससे काफी जीव जंतु पक्षियों को और मासूम बच्चों को बहुत क्षति पहुंचती है सरकार को भी संज्ञान लेना चाहिए इसकी मैन्युफैक्क्रिंग पर प्रतिबंध लगाना चाहिए जिससे आने वाले समय में यह मार्केट में दिखाई ना दे कुछ दिन पहले ही शाहजहांपुर के कांस्टेबल की गर्दन इस मजे से कट गई थी जिससे उनकी मृत्यु हो गई थी सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए।

# भाकियू कार्यकर्ताओ ने किया थाने का घेराव पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** भारतीय किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने थाने का घेराव करते हुए पुलिस पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न करने पर धरना शुरू कर दिया।जिसमें पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त कराया। जानकारी के अनुसार भारतीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष अंकित भारद्वाज खेड़ा को बैठे दिनों जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसमें अंकित भारद्वाज ने बताया कि पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे नाराज भारतीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ मंगलवार को सरधना थाने का घेराव पहुंचे। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने भारतीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष को आश्वासन देते हुए अगले 24 घंटे में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिसमें भारतीय किसान मजदूर संगठन में धरना समाप्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह, राष्ट्रीय प्रभारी जीशान कुरैशी, प्रदेश अध्यक्ष वकील राणा,रईस, आसिफ,युवा जिला अध्यक्ष आशीष,शोएब,प्रमोद,फुरकान, ताहिर,आदि मौजूद रहे।







# टेहरकी गांव में जल निकासी न होने से सड़क पर भरा गंदा पानी दे रहा बीमारियों को दावत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सरधना (जावेद अब्बासी)।** स्वच्छता अभियान के तहत टेहरकी गांव में एक ओर सफाई में सुधार के दावे किए जाते हैं, लेकिन असलियत में ये दावे सच्चाई से कोसों दूर हैं।क्षेत्र के टेहरकी गांव में नाला ओवरफ्लो की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।नाले से निकला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति के लिए ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं और कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा है। वहीं जल भराव की समस्या को लेकर ग्रामीण नवागत एसडीएम नारायणी भाटिया से मिले और समस्या का समाधान करने की मांग की।शिकायत के बाद एसडीएम नारायणी भाटिया ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नाली की सफाई के निर्देश जारी कर दिए हैं।उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा और लोगों को राहत मिलेगी।

रास्ते में जलभराव के कारण गांव के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी पैदा हो रही है। जलभराव एवं कीचड़ के कारण राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा पड़ रहा है।

**ग्रामीण शाहबाज खान**

जलभराव होने से मच्छरों की तादात बढ़ती जा रही है। ऐसे में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने से भी इंकार नहीं किया जा सकता। डीएम के निर्देश के बाद भी यहां दवा का छिड़काव तक नहीं कराया गया।

# श्री ब्रह्मानंद क्रांतिकारी परिषद ने धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति पर्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ।** श्री ब्रह्मानंद क्रांतिकारी परिषद द्वारा शिव मंदिर धर्मशाला कृष्णापुरी मठिया पर मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम आचार्यों द्वारा यज्ञध्हवन किया गया। देव पूजा तथा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सर्व पं प्रेमपाल पाठक, कृष्ण कांत मिश्रा नंदलाल झा, नरेश चंद्र शास्त्री, तेज प्रकाश शर्मा, द्वारा संपन्न हुआ यज्ञ, हवन की उपरांत कार्यक्रम संचालक तथा श्री ब्रह्मानंद क्रांतिकारी परिषद के महामंत्री पंडित विजय कुमार शर्मा, शिबट्ट द्वारा सर्वश्री पंडित सत्येंद्र कुमार शर्मा, जगबीर प्रसाद मिश्रा, केके मिश्रा, सेवा राम शर्मा, नारायण दत्त शर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, भैया जी, आचार्य नंदलाल झा तथा कार्यक्रम संयोजक विनोद शर्मा, संजय मिश्रा को मंचासीन कराया गया। ब्रह्मानंद आदेश पत्रिका के प्रधान संपादक सेवाराम शर्मा ने मकर संक्रांति पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मकर संक्रांति पर्व सूर्य देव के दक्षिणायन से उत्तरायण होने पर मनाया जाता है। भारतीय पर्वों को शास्त्रों में ब्रह्मांडीय घटनाओं से जोड़ दिया गया है। इसी दिन से भारतीय ज्योतिष के अनुसार दिन बड़ा होने लगता है इस दिन स्नान दान का विशेष महत्व है यज्ञ ध्हवन करना, कराना दान देना ,दान लेना पढ़नाऔर पढ़ाना ब्राह्मणों के छै कर्तव्यों में सम्मिलित किया गया है । अतः सभी विप्र बंधु अपने संस्कारों से जुड़े पं बी एल शर्मा ने बताया कि गजक तथा खिचड़ी आदि इस अवसर पर प्रयोग की जाती है खिचड़ी समरसता का प्रतीक है समाज को आपस में मिलकर इसी प्रकार से रहना चाहिए जिस तरीके से खिचड़ी में विभिन्न वस्तुएं मिल जाती है इसी प्रकार समाज में सभी एक दूसरे से संबंधित होकर करें। छात्र अंश शर्मा ने एक मधुर कविता द्वारा सभी उपस्थित जनों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। उद्बोधन के पश्चात आर्थिक रूप से विपन्न बालकों को स्वेटर तथा मोजे वितरित किए गए स्वेटर वितरण वीरेंद्र शर्मा भैया,जवाहरलाल शर्मा , जयप्रकाश शर्मा, माया शंकर शर्मा, अजय शर्मा, जितेंद्र देव शर्मा का विशेष सहयोग रहा। 125 बच्चों को स्वेटर व मोजे वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट खिचड़ी तथा गजक रेवड़ी के प्रसाद से हुआ कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्री राज बहादुर मिश्रा विजय प्रकाश वत्स राजा बाबू शर्मा, त्रिभुवन प्रकाश झा, पार्षद सुभाष चंद्र शर्मा, शिवम शर्मा, टीपी शर्मा, शिवचरण लाल झा, भारतेश शर्मा, आदि विप्र जन उपस्थित रहे।

# अमृत स्नान पर भी श्रद्धालुओं पर हुई पुष्पवर्षा, लगे जयकारे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- योगी सरकार की ओर से लगातार दूसरे दिन सभी घाटों और अखाड़ों पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा
- सभी प्रमुख स्नान पर्व और अमृत स्नान पर पुष्पवर्षा की है योगी सरकार की तैयारी

**अलीगढ/ महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति के दिन मंगववार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए।महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा को लेकर योगी सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पिछले काफी समय से तैयारी कर रखी थी। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई थी। महाकुम्भ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश करने की तैयारी है, जिसकी श्रृंखला में पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान पर सोमवार को श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गई थीं, जबकि दूसरे दिन यानी मंगलवार को मकर संक्रांति पर अमृत स्नान के दौरान भी पुष्पवर्षा से श्रद्धालु अभिभूत नजर आए। मालूम हो कि उद्यान विभाग की ओर से पहले दो दिनों के लिए पर्याप्त फूलों की व्यवस्था की गई है। उद्यान विभाग की ओर से इन दो दिनों के लिए 40 क्विंटल से अधिक मात्रा में गुलाब के फूलों का स्टॉक जमा किया गया था।

## असमिया संस्कृति का प्रतीक है भोगाली बिहू पर्व

# महाकुम्भ में पहली बार मनाया गया भोगाली बिहू पर्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- मकर संक्रांति के अवसर पर मेला क्षेत्र में बिहू नृत्य का हुआ आयोजन
- नामघर में नाम कीर्तन का परंपरागत तरीके से हुआ आयोजन

**अलीगढ।** महाकुम्भ प्रयागराज में इस बार पूर्वोत्तर के राज्यों की कई परंपराएं पहली बार देखने को मिल रही हैं। इसी कड़ी में महाकुम्भ मेला परिसर में पहली बार पूर्वोत्तर का प्रसिद्ध पर्व भोगाली बिहू मनाया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्वोत्तर के संतों के शिविर प्राग ज्योतिषपुर में मंगलवार तड़के सुबह विशेष आयोजन किया गया, जिसमें परंपरागत रूप से पर्व मनाने के साथ ही कई राज्यों से आई महिला श्रद्धालुओं ने बिहू नृत्य किया। सुबह के समय चावल से बने व्यंजन को वितरित किया गया। नामघर में नाम कीर्तन का आयोजन हुआ। इससे पहले मेला परिसर की महिला श्रद्धालुओं ने बिहू नृत्य प्रस्तुत कर पूर्वोत्तर की असमिया संस्कृति का रंग महाकुम्भ मेला परिसर में बिखेर दिया। इस अवसर पर एक दिन पूर्व रात में धान के पुआल से बनाए गए भेलाघर और बांस की मदद से बनाए गए मेजी को मंगलवार सुबह जला दिया गया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर के राज्यों के संत, साधक और श्रद्धालु मौजूद रहे।योगाश्रम बिहलांगिनी असम के महामंडलेश्वर स्वामी केशव दास जी महाराज ने बताया कि महाकुम्भ में पहली बार मकर संक्रांति पर मनाया जाने वाला भोगाली बिहू पर्व मनाया गया है। असमिया संस्कृति और पूर्वोत्तर की संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए महाकुम्भ में यह अनूठा आयोजन किया गया है। यह आयोजन महाकुम्भ के सामाजिक और सांस्कृतिक दायरे का विस्तार करने के उद्देश्य किया गया है।



# राष्ट्रीय व्यापार मडल ने मकर संक्रांति पर खिचड़ी का प्रसाद बांटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** मकर संक्रांति पर नगर में विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गुजरान गेट पर राहगीरों व लोगों को खिचड़ी व कम्बल वितरण किए। बाजार में खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आलोक जैन,मंगू प्रधान, डॉ ओमकुमार पुंडीर, नवीन त्यागी, संजीव त्यागी, सुखबीर सिंह, पिंकी सोम, उमा भारती, पारुल सिरोही, आदि मौजूद रहें।



# महिला ने पड़ोसी पर लगाया दुष्कर्म का आरोप पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सरधना।** थाना क्षेत्र के मौहल्ला मंडी चमारान निवासी युवक ने युवती को पहले प्रेमजाल में फंसाया। इसके बाद युवती की अश्लील वीडियो बनाकर वायरल की धमकी देना शुरू कर दिया। पीड़िता ने विरोध जताया तो जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है।करीब ढाई साल पहले नगर के मौहल्ला मंडी चमारान के में रहने वाली एक युवती को मौहल्ले के सूफियान पुत्र इस्लाम ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। इसके बाद दोनों का साथ आना-जाना शुरू हो गया। इसी बीच पीड़िता को विश्वास में लेकर आरोपी युवक ने अश्लील वीडियो बना ली। इसकी जानकारी पीड़िता को हुई तो दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पीड़ित युवती के पिता ने कोतवाली पुलिस को बताया कि बीती 1 जनवरी को मेरी बेटी शबनूर घर पर अकेली थी तभी मौहल्ले का ही रहने वाला सोफियान पुत्र इस्लाम मेरे घर में घुस आया ओर मेरी बेटी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। तभी से मेरी बेटी गुम सुम थी जैसे ही मेरी पत्नी ने बेटी से जोर देकर पूछा तो उसने बताया कि मौहल्ले का ही सोफियान पुत्र इस्लाम पीछले ढाई साल से मेरे साथ जबरदस्ती बलात्कार कर रहा है ओर उसने मेरी अश्लील विडियो भी बना रखी है और वह लगातार धमकी दें रहा हैं कि अगर तूने किसी से यह बात बतायी तो मैं तेरी अश्लील वीडियो वायरल कर दूंगा। वही युवक ऐसे में आरोपी लगातार अश्लील वीडियो वायरल की धमकियां दे रहा है। ऐसे में पीड़ित परिवार सहम गया है। आनन-फानन में पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों ने लिया खिचड़ी का स्वाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर बहसूमा क्षेत्र में जगह-जगह खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया। विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के अलावा बड़ी संख्या में राहगीरों ने खिचड़ी का स्वाद चखा। खिचड़ी वितरण के दौरान स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इसे धर्म और सेवा का अनूठा संगम बताया। बता दें कि मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व पर श्री मनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज बहसूमा के प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह के द्वारा नगर के मुख्य चौराहे पर खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया।






## सनातन संस्कृति | ग्लैमर और विज्ञान की दुनिया से आध्यात्म की ओर बढ़ा रुझान,महाकुम्भ में इंजीनियर बाबा और ग्लैमर वर्ल्ड छोड़कर आई हर्षा बनीं नजीर

# इंजीनियरिंग और मॉडलिंग छोड़ पुरातन सनातन से जुड़ रहे युवा, प्रोफेशनल्स में बढ़ रहा सनातन संस्कृति का आकर्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**अलीगढ/महाकुम्भनगर।** प्रोफेशनल लाइफ जी रहे आज के दौर के युवाओं में पुरातन सनातन संस्कृति का आकर्षण लगातार बढ़ता जा रहा है। देश-विदेश में स्थापित एंकर, मॉडल और इंजीनियर जैसे पेशेवर अब भारतीय परंपराओं और अध्यात्म से गहराई से जुड़ रहे हैं। महाकुम्भ के दौरान ऐसे तमाम उदाहरण सामने आए। इनमें एक ओर उत्तराखंड की युवती ने ग्लैमर की दुनिया छोड़कर स्वामी कैलाशानंद गिरि से दीक्षा ली, तो दूसरी ओर आईआईटी बॉम्बे के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के स्टूडेंट रहे इंजीनियर बाबा ने विज्ञान के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्म की गहराइयों से परिचित कराया।

**ग्लैमर की दुनिया से सनातन धर्म की शरण में आई युवती**

उत्तराखंड निवासी हर्षा देश और विदेश में ग्लैमर इंडस्ट्री का हिस्सा रही हैं। उन्होंने महाकुम्भ में सनातन धर्म की दीक्षा ली। उन्होंने कहा, प्रोफेशनल लाइफ में दिखावे और आडंबर से भरी जिंदगी ने मुझे उबा दिया। मैंने महसूस किया कि वास्तविक सुख और शांति केवल सनातन धर्म की शरण में ही है। स्वामी कैलाशानंद गिरि से दीक्षा लेने के बाद मैंने जीवन का नया अर्थ समझा है।

**इंजीनियर बाबा बोले, विज्ञान और अध्यात्म का संगम है महाकुम्भ**

हरियाणा के मूल निवासी और आईआईटी बॉम्बे के पूर्व छात्र अभय सिंह को अब इंजीनियर बाबा के नाम से जाना जाता है। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को विज्ञान और अध्यात्म का अनोखा संगम समझा रहे हैं। बाबा जी ने एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में अपने गहन ज्ञान का उपयोग करते हुए, कॉपी और डायग्राम के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन और अध्यात्म का महत्व समझाया। बाबा जी ने कहा, साइंस केवल भौतिक जगत को समझाने का माध्यम है, लेकिन इसका गहन अध्ययन हमें अध्यात्म की ओर ले जाता है। जो व्यक्ति जीवन को पूर्ण रूप से समझ लेता है, वह अंततः आध्यात्म की गोद में चला जाता है।

**महाकुम्भ ने बढ़ाया सनातन धर्म का प्रभाव**

महाकुम्भ में आए लाखों श्रद्धालु भारतीय संस्कृति और आध्यात्म की विविधता से परिचित हो रहे हैं। इंजीनियर बाबा जैसे लोग और ग्लैमर की दुनिया से आई युवती हर्षा का सनातन धर्म के प्रति झुकाव इस बात का प्रमाण है कि आधुनिक जीवन शैली से ऊबकर लोग शांति और स्थायित्व की तलाश में भारतीय परंपराओं की ओर रुख कर रहे हैं। महाकुम्भ के इस आयोजन ने न केवल सनातन धर्म की महानता को प्रदर्शित किया, बल्कि प्रोफेशनल्स और युवाओं के जीवन में आध्यात्मिकता की आवश्यकता को भी उजागर किया। यह आयोजन आधुनिक और पारंपरिक मूल्यों के संगम का प्रतीक बनता जा रहा है।

# संभल रथयात्रा में गदा थामकर बुरे फंसे उड अनुज चौधरी, वर्दी में 'हनुमानजी' बनकर घूमना पड़ा भारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल।** संभल में सीओ अनुज चौधरी द्वारा धार्मिक कार्यक्रम में वर्दी धारण किए गदा उठाने के मामले में जांच की मीडिया रिपोर्ट्स सामने आ रही है। बताया जा रहा है आजाद अधिकार सेना सीओ के खिलाफ शिकायत की थी। डीआईजी के निर्देश पर सीओ अनुज चौधरी के खिलाफ जांच शुरू करने के निर्देश और नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराने को कहा है।

अमित ठाकुर ने कहा था कि अनुज चौधरी ऑन ड्यूटी लगातार विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते नजर आ रहे है। वहीं एक धार्मिक कार्यक्रम में जुलूस के दौरान गदा उठाने और उसे पूजारी को देने,विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते दिखे थे। वहीं अब वर्दी नियमों के उल्लंघन से संबंधित संभल सीओ अनुज चौधरी के खिलाफ जांच बैठाई गई है। कहा जा रहा है कि आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने सीओ अनुज चौधरी के बावत शिकायत डीजीपी से की थी। अमिताभ ठाकुर ने कहा था कि सीओ अनुज चौधरी संभल ड्यूटी के दौरान लगातार विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते दिख रहे है। उन्होंने इसे यूपी सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 के नियम तीन व चार का उल्लंघन के साथ वादी पहनकर उक्त संबंध में डीजीपी के सर्कुलर दिनांक 6 अक्टूबर 2014 का स्पष्ट उल्लंघन कहा था। इस मामले में एएसपी श्रीचंद्र ने आख्या तैयार की है और लिखा है कि डीआईजी मुरादाबाद के आदेश पर सीओ अनुज चौधरी के खिलाफ जांच शुरू की गई है।

सीओ अनुज चौधरी को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। प्रकरण में जांच तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होना माना जा रहा है हालांकि सीओ अनुज चौधरी जहां भी धार्मिक कार्यक्रम में मौजूद रहे वहां वो अपनी ड्यूटी के दौरान फर्ज निभाते नजर आए हैं।



46 साल बाद खुले मंदिर के कपाट खोले जाने पर सीओ व अन्य पुलिस अधिकारियों ने वहां शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए खुद ही मंदिर की साफ-सफाई शुरू की तो वहीं एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान पूजारी द्वारा गदा उन्हें कुछ देर के लिए पकड़ा दिया तब उन्होंने पकड़ लिया था ऐसा उन्होंने उस वक्त कहा भी था फिलाल अब जांच में क्या निकलकर सामने आएगा यह जांच रिपोर्ट के तथ्य सामने आने के बाद ही पता चलेगा।

# नगर निगम की अनदेखी: गौवंशीय पशुओं की हो रही दुर्गति,भूख और बदहाली से त्रस्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (आशू बेग)।** शहर में गौवंशीय पशुओं की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। नगर निगम के तमाम दावों के बावजूद ये बेसहारा पशु भूख, कुपोषण और दुर्दशा का शिकार हो रहे हैं। कहीं ये नाकाफी है या फिर प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ गई है।

**सड़कों पर बढ़ता खतरा**

सड़कों पर भटकते गौवंशीय पशु न केवल खुद के लिए खतरा हैं, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी परेशानी का कारण बन रहे हैं। अक्सर इनकी वजह से सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, और वहां उचित भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करे।

2. सड़कों से गौवंशीय पशुओं को हटाने की मुहिमः प्रशासन को नियमित रूप से सड़कों पर भटक रहे पशुओं को गौशालाओं में भेजने का काम करना चाहिए।

3. स्थानीय संगठनों का सहयोगः



पशु कूड़े के ढेर में भोजन तलाशते नजर आते हैं, तो कहीं नालों में गिरकर तड़पते दिखाई देते हैं। यह न केवल मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है, बल्कि शहर की साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

**नगर निगम के खोखले दावे**

नगर निगम का दावा है कि शहर में बेसहारा गौवंशीय पशुओं के लिए गौशालाओं की व्यवस्था की गई है और उनकी देखभाल की जा रही है। हालांकि, शहर की सड़कों पर इन पशुओं की स्थिति कुछ और ही कहानी बयां करती है। जगह-जगह भूख से तड़पते और घायल पशुओं को देखकर यह साफ होता है कि गौशालाओं की व्यवस्था या तो जिससे जान-माल का नुकसान होता है। इसके अलावा, ये पशु कूड़े में प्लास्टिक और अन्य हानिकारक पदार्थ खा रहे हैं, जिससे उनकी सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

**स्थानीय निवासियों की नाराजगी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नगर निगम से शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। ह्नहमने कई बार इन बेसहारा पशुओं की हालत सुधारने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन हर बार हमें सिर्फ आश्वासन ही मिला,ह्व एक निवासी ने बताया।

**क्या हो सकते हैं समाधान?**

1. गौशालाओं की संख्या बढ़ाई जाएः नगर निगम को चाहिए कि शहर में अधिक गौशालाओं की स्थापना करे सामाजिक और गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर इन पशुओं की देखभाल के लिए ठोस योजना बनाई जा सकती है।

4. जनजागरूकता अभियानः नागरिकों को भी शिक्षित किया जाए कि वे कूड़े में प्लास्टिक और हानिकारक कचरा न फेंके।

नगर निगम की लापरवाही से गौवंशीय पशुओं की दुर्दशा एक गंभीर समस्या बन चुकी है। यह समय है कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से ले और इन पशुओं की सुरक्षा और देखभाल के लिए ठोस कदम उठाए। साथ ही, शहरवासियों को भी इस दिशा में अपनी भूमिका निभानी होगी, ताकि इन बेजुबान जीवों को एक सम्मानजनक जीवन मिल सके।

# रोटरी क्लब चन्दौसी अमन ने खिचड़ी बांट कर मनाया मकर संक्रांति पर्व

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के मोहल्ला घास मंडी में रोटरी क्लब चंदौसी अमन द्वारा मकर सक्रांति के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देशी घी से निर्मित खिचड़ी और तिल खोया के लड्डू का वितरण किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर ग्रुप के सभी सदस्यों को दुआएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या भोग करा कर किया गया। खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में क्लब के सदस्य रो० प्रवीन अग्रवाल पीनू के साथ ग्रुप के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद रहे। टीटेश काका क्लब अध्यक्ष अमित अप्पू ,क्लब सचिव अतुल गुड्डू ,वरिष्ठ सदस्य गिरीश, भुवनेश वार्ष्णेय, , पवन साडीज, विकास मेन्था,दीपेश कंप्यूटर, विनय अग्रवाल, कमल किशोर, टीटेश काका,विपुल भगत, अमित चौधरी, विजय कुमार,राहुल अग्रवाल,साधना वार्ष्णेय,रितिका अग्रवाल, वीनेश वार्ष्णेय, साक्षी काका, मान गुप्ता,नैतिक अग्रवाल और कल्पना अप्पू आदि।

# मकर संक्रांति के उपलक्ष पर किया, भारत विकास परिषद नवउदय शाखा ने खिचड़ी वितरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के स्टेशन रोड पर भारत विकास परिषद नवउदय शाखा के द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष प्रभाष चंद्र चौधरी ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व हमारे हिंदू धर्म में एक प्रमुख पर्व माना गया है इसके अंतर्गत गंगा स्नान एवं दान इत्यादि का अत्यंत महत्व है। भारत विकास परिषद का ध्येय वाक्य सेवा और समर्पण है इसीके अंतर्गत हमारी शाखा समय-समय पर सेवा कार्य करती रहती है। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रहे। पराग बंसल, अतुल शंकर चौधरी, सुनीता शर्मा, विकास गोयल, एडवोकेट दीपक गुप्ता, अंकुर गोयल, अशोक अग्रवाल, एडवोकेट विष्णु शर्मा, ई. सौरभ गुप्ता, नीलिमा गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, कल्पना गुप्ता, मोहित गोयल एवम मधुर वार्ष्णेय आदि।




# "डीआईजी मेरठ के निर्देशन में ऑपरेशन संचार के तहत सीयूजी सिम आवंटन का कार्य हुआ पूर्ण"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** डीआइजी मेरठ कलानिधि नैथानी द्वारा रेंज की कानून व्यवस्था को मजबूत, अपराध नियंत्रण की व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखनें, पीड़ितों की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण हेतु, रेंज के सभी थानों के अंतर्गत आने वाली चौकियों/हल्कों के स्थाई सी0यू0जी0 नम्बरों की सूची जारी करते हुए बताया कि रेंज के सभी चौकियों/हल्के में पुलिस अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया जाये। जनता के व्यक्तियों से किसी भी परिस्थिति में पुलिस को त्वरित सूचना तथा सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

1- परिक्षेत्र के चौकी प्रभारी/हल्का प्रभारी के स्थाई सी0यू0जी0 नम्बर उपलब्ध कराये गये हैं, जिन्हें 247 सी0यू0जी0 नम्बरों पर उपलब्ध रहकर सीधे चौकी इंचार्ज/हल्का प्रभारी को जिम्मेदार बनाने के लिए एवं आम जनमानस के प्रति सीधे सुलभ तरीके से फोन कॉल पर उपलब्ध रहने हेतु निर्देशित किया गया।



2- इस नई व्यवस्था के बाद यदि कोई दरोगा किसी चौकी/हल्के से स्थानांतरित होता है तो चौकी/हल्के का सी0यू0जी0 मोबाइल नंबर वही रहेगा और नवागत चौकी इंचार्ज को हस्तगत होगा।

3- जनसुनवाई में बेहतरी लाने एवं ट्रैफिक चालान व अन्य एप्प के प्रचलन में बढ़ोतरी लाने आदि के संबंध में सीधे चौकी इंचार्ज/हल्का प्रभारी को जिम्मेदार बनाने के लिए एवं आम जनमानस के प्रति सीधे सुलभ तरीके से फोन कॉल पर उपलब्ध रहने हेतु डाटा पैकेज सहित सिम कार्ड आवंटित किए गए जिससे डाटा पैकेज की मदद से सभी चौकी इंचार्ज ऑनलाइन चालान भी कर सकते हैं, जिससे चालानों में भी बढ़ोतरी होगी।

4- उपरोक्त नंबरों को ह्नसार्वजनिक स्थलों जैसे चौकी, थाना, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, एंव अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा/प्रकाशन करें ताकि आकस्मिक परिस्थितियों में लोग सीधे अपने चौकी इंचार्ज/हल्का प्रभारी से संपर्क कर सकें, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा सके।

# बिजेपी नेताओं ने कवि व शायर कुमार मनोज दीप को सम्मान पत्र व साल उढाकर किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**आँवला (सददाम खान)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित अहिच्छत्र रामनगर आंवला में पांचाल महोत्सव में कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें युवा कवि कुमार मनोज दीप ने अपनी शायरी एवं गजल से शमां बांधने का काम किया शायर ने अपनी प्रस्तुति की शुरूआत में कहा गुमनाम था इसलिए दरबार में नहीं आया बिकने कभी दौलत के बाजार में नहीं आया यूं तो मुझको पढ़ता रहा दीप मुद्दतों जमाना मगर मैं वो शायर था जो कभी अखबार में नहीं आया । को पढ़कर सभी श्रोताओं एवं मंच पर बैठे कई वरिष्ठ कवियों का भी मन मोह लिया कुमार मनोज दीप को मंच पर बैठे कई कवियों ने आने वाले समय का उभरता हुआ सितारा बताते हुए श्री राधे का पटका पहनाकर सम्मानित किया जिसमें पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप चैयरमेन संजीव सक्सेना ब्लॉक प्रमुख पति आलमपुर जाफराबाद वेद प्रकाश यादव समाजसेवी निहाल सिंह लोधी ब्लॉक प्रमुख पति रामनगर मित्र पाल सिंह ने कंधे पर साल उढ़ाकर एवं अहिल्याबाई होल्कर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।




# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पीएल पुनिया से जुबेर खान की मुलाकात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (सददाम खान)।** बरेली के कांग्रेस नेता मोहम्मद जुबेर खान ने आज अपने सथियो के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीएल पुनिया से उनके आवास लखनऊ जाकर मुलाकात की जुबेर खान बताया कि उनकी यह मुलाकात शिष्टाचार मुलाकात थी पुनिता जी बहुत अच्छे व मिलनसार व्यक्ति है इस मौके पर साथ रहे बाराबंकी की कांग्रेस नेत्री शाइस्ता परवीन सददाम खान गुड्डू खान रिजवान अंसारी साथ रहे।



# मकर संक्रांति के उपलक्ष में भंडारे का किया गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** चंदौसी तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बेरनी में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त छाबड़ा मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव ने अपने आवास पर गत वर्षों की भांति नव वर्ष 2025 के प्रथम त्यौहार मकर संक्रांति पर विशाल भंडारे का आयोजन किया । आपको बताते चलें कि इस तरह के विशाल भंडारे का आयोजन मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव पूर्व में भी वर्षों से लगातार करते चले आ रहे हैं। कार्यक्रम में संभल जिला पंचायत अध्यक्ष पति नीलेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र सिंह यादव, एड० राजेंद्र सिंह यादव राजथल, पूर्व जिला कारवां संजीव यादव,ग्राम प्रधान कुढ़फतेहगढ़ हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव, ग्राम प्रधान रतनपुर खुर्द रामप्रकाश यादव,वरिष्ठ भाजपा नेता सोमपाल सिंह यादव, छाबड़ा मंडल महामंत्री ठाकुर राजेंद्र सिंह, विजेन्द्र सिंह राघव, सभी सेक्टरों के सेक्टर संयोजक व बूथ अध्यक्ष एवं क्षेत्र के समस्त अधिकारीगण तथा संभ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति रही।



# मकर संक्रांति के पावन पर्व पर किया खिचड़ी वितरण कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के आवास विकास स्थित शिवालय मंदिर पर जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी और जायंट्स ग्रुप संकल्प चंदौसी द्वारा संयुक्त रूप से मकर संक्रांति के पावन अवसर पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां ग्रुप की अध्यक्ष शोभा शर्मा, सचिव मोना शर्मा, कोषाध्यक्ष नीतू रस्तोगी ने बताया कि हमें अपने त्यौहार को प्रेम पूर्वक मनाना चाहिए जिससे आपस में प्रेम भाव बढ़ सकें साथ ही ठंड के मौसम में लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण कर ग्रुप के सभी सदस्यों को दुआएं दी। इस दौरान मौजूद रही। ग्रुप की अध्यक्ष शिवानी शर्मा सचिव दामिनी वार्ष्णेय कोषाध्यक्ष स्वाती शर्मा,सुमन शर्मा, विमलेश सैनी, शालिनी सक्सेना, नंदिनी अग्रवाल, सुनीता शर्मा, सोनिया गर्ग ,नीरू सिंह, अंजू शर्मा, जौली, वीना गुप्ता, नूतन अग्रवाल, ग्रुप डायरेक्टर शिखा शर्मा आदि।




**कार्यवाही** नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रापर्टी डीलरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की

# सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने की बड़ी कार्यवाही

**लखनऊ।** लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देशन में सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के अभियान के तहत लखनऊ जिले के ग्राम हरिहरपुर, तहसील सरोजनी नगर में बड़ी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रापर्टी डीलरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। कार्यवाही का नेतृत्व नायब तहसीलदार श्री नीरज कटियार ने किया, जिसमें राजस्व निरीक्षक अविनाश चन्द्र तिवारी, तहसील सरोजनी नगर के क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश कुमार, नगर निगम लेखपाल सुभाष कौशल, अनूप गुप्ता, लालू प्रसाद यादव और संदीप यादव द्वितीय सहित थाना-सुशांत गोल्फ सिटी द्वारा उपलब्ध करायी गई पुलिस बल और नगर निगम के प्रवर्तन दल का सहयोग प्राप्त हुआ।कार्यवाही के दौरान अवैध रूप से सरकारी भूमि पर की गई प्लाटिंग, अस्थाई बाउण्ड्रीवाल और सड़क निर्माण को जे.सी.बी. मशीन की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्यवाही में कुल 1.059 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया, जिसमें खसरा संख्या 706 (0.250 हेक्टेयर), 323 (0.100 हेक्टेयर), 377 (0.050 हेक्टेयर), 320 (0.190 हेक्टेयर), 440 (0.450 हेक्टेयर) और 322 (0.019 हेक्टेयर) शामिल हैं।



कार्यवाही के दौरान कुछ प्रापर्टी डीलरों ने विरोध किया, लेकिन शांतिपूर्ण तरीके से इसे संपन्न कर लिया गया। इस अभियान से बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कर लिया गया।

# दो दिन धूप के बाद मौसम का मिजाज फिर बदला,दिन भर कोहरे से रहे लोग परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली/बदायूं।** बरेली में दो दिन धूप के बाद मंगलवार को फिर से मौसम के मिजाज में तब्दीली आ गई। मकर संक्रांति पर तड़के चार बजे से ही घना कोहरा छा गया। दोपहर 12 बजे तक सूरज के दर्शन नहीं हुए। लोग ठंड से ठिठुरते दिखे। इससे पूर्व पश्चिमी विक्षोभ घिरने से शनिवार को रातभर हुई बारिश से वातावरण में नमी का स्तर 97 फीसदी पहुंच गया था। सोमवार को दिनभर धूप खिली रही। न्यूनतम तापमान दो डिग्री लुढ़ककर 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अधिकतम तापमान एक डिग्री बढ़त के बाद सामान्य से तीन डिग्री अधिक 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक घना कोहरा छाने की संभावना जताई है। बदायूं में मकर संक्रांति पर मंगलवार को इस सीजन में अब तक का सबसे ज्यादा कोहरा दिखाई दिया। सुबह दस बजे तक सड़कों पर जबरदस्त कोहरा रहा। जिस कारण लोगों को वाहन लाइट जलाकर चलाना पड़ा। कोहरे के कारण हाईवे पर कई वाहन ढाबों पर ही रुक गए। शहर में बाजार भी देर से खुला। एकाएक छाए कोहरे के कारण ठंड में भी इजाफा हो गया। गलन बढ़ गई है।



# मकर संक्रांति पर कानपुर में लाखों ने लगाई गंगा में डुबकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** मंगलवार को यहां मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाने के साथ ही लाखों लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। आज मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शहर के बिठूर, अटल, परमट, सरसैया, मैस्कर, सिद्धनाथ, शुक्लागंज समेत सभी 14 घाटों पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे्। इसके लिए घाटों पर श्रद्धालुओं के कपड़े बदलने के साथ ही उनके सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये थे। आज मकर संक्रांति के पर्व के लिए अटल घाट से सरसैया घाट के बीच जल पुलिस के जवान के साथ ही 10 गोताखोरों तैनाती रहे। बैरीकेडिंग के साथ ही सरसैया घाट पर गंगा तट तक पहुंचाने के लिये 5 वैकल्पिक मार्ग भी तैयार किये गये थे। साथ ही स्नान को लेकर अटल, परमट और सरसैया घाट पर विशेष तैयारी की गई थी। यहां घाटों को सजाया गया था। बल्लियां लगाकर झालर लगाई गईं थीं। सरैसाया घाट पर विशेष गंगा आरती के लिये स्थल भी बनाया गया था। मकर संक्रांति के इस मौके यहां भजनों और आरती की रसधार भी बहती नजर आई। श्रद्धालुओं के कपड़े बदलने के लिये 23 आस्थायी चेजिंग रूम और पूजा कराने के लिए 25 से 30 कुटिया भी बनाई गईं थीं। साथ ही कुंड भी तैयार किया गया था। इस मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुये पुलिस बल के साथ ही 4 कंपनी पीएसी भी तैनात रही।

# लखनऊ छावनी में मनाया गया सशस्त्र भूतपूर्व सैनिक दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** सूर्या कमान के तत्वाधान में लखनऊ छावनी में 9वां सशस्त्र भूतपूर्व सैनिक दिवस बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 800 पूर्व सैनिकों की उपस्थिति रही जो सशस्त्र बलों में उनके विश्वास और समाज के साथ उनके मजबूत संबंध का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में मध्य कमान के जीओसी-इन-सी (जनरल अफसर कमांडिंग-इन-चीफ) लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता और स्टेशन से बड़ी संख्या में सेवारत अधिकारी उपस्थित थे। समारोह में अपने पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने और सेवारत कर्मियों और वेटरन्स समुदाय के बीच एक मजबूत बंधन को बढ़ावा देने के प्रति भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला ।

समारोह की शुरूआत मध्य कमान के युद्ध स्मारक "स्मृतिका" पर पुष्पांजलि समारोह के साथ हुई। मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने वरिष्ठ पूर्व सैनिकों के साथ उन शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इस दौरान सूर्या ऑडिटोरियम में पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने लिए एक समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्र और समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दस प्रतिष्ठित पूर्व सैनिकों को उनके उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। पूर्व सैनिकों के लिए की गई विभिन्न कल्याणकारी पहलों पर भी उन्हें जानकारी दी गई। साथ ही अनुभव, अनुशासन और सेवा-उन्मुख लोकाचार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में पूर्व सैनिकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान सूर्या ऑडिटोरियम में लेफ्टिनेंट कर्नल हेम लोहुमी, कर्नल दुष्यंत सिंह, कर्नल आशुतोष मिश्रा (सेवानिवृत्त), स्क्वाड्रन लीडर राखी अग्रवाल, स्क्वाड्रन लीडर अभय प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त), कर्नल बीकेडी बैजल, सूबेदार मेजर ऋषि दीक्षित (सेवानिवृत्त), सूबेदार (मानद कैप्टन) इंदल सिंह (सेवानिवृत्त), नायक कमलेश कुमार पांडे (सेवानिवृत्त) और सूबेदार राजकुमार सिंह (सेवानिवृत्त) को राष्ट्र और समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। साथ ही अनुभव, अनुशासन और सेवा-उन्मुख लोकाचार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में पूर्व सैनिकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने पूर्व सैनिकों के साथ बातचीत की, उनकी शिकायतों को संबोधित किया और सुझाव लिए। उन्होंने पूर्व सैनिकों को अपने पूर्व सैनिकों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।





# मकर संक्रांति के पावन पर्व पिलखुवा में जगह जगह खिचड़ी वितरण, भन्डारे का आयोजन









बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बाबा जानकी नाथ चेरिटेबल ट्रस्ट छिपीवाड़ा, पिलखुवा द्वारा परतापुर रोड पर प्रहलाद नगर स्थित मंदिर पर 2 कुंटल खिचड़ी के प्रसाद का वितरण कराया गया एवं गरीब कन्याओं को गरम मोजे बाटे गये। इस संस्था का मुख्य उदेश्य गरीब कन्याओ का विवाह कराना एवं गरीब कन्याओ को शिक्षा प्राप्त कराना है। इस पावन अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु राणा, अमित सिरोही, तारा चंद रुहेला , धर्मवीर लाला, पुनीत मित्तल, सीमा मित्तल, आरती, नरेश, विनोद तोमर, गौरव रुहेला, पलक्षा रुहेला, मनोज तोमर, प्रदीप कुमार, सुखवीर सिंह फौजी आदि लोग उपस्थित रहे । नगर में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें खिचड़ी पकौड़ी का वितरण किया गया। वहीं गत वर्षों की भांति इस बार भी किन्नरों ने अपने किन्नर गुरु शोभा बुआ की बैंड बाजों के साथ रेलवे रोड से शोभा यात्रा निकाली जिसमें नगर के की बैंड बाजों को शामिल किया गया शोभा यात्रा रेलवे रोड से शुरू हो कर मंडी तिराहा, जवाहर बाजार,मेन तिराहा, गांधी बाजार से निकली जो कि शिवाजी नगर में संपन्न हुई। शोभा यात्रा में दूर दराज से किन्नर शामिल हुए। चंडी रोड स्थित पर मनीष किराना स्टोर खिचड़ी वितरित की गई जिसमें ललित गर्ग, मनीष सिंघल,रवीष सिंघल, पीयूष गर्ग, प्रभात,के एल एन बिजनेस एक्सपर्ट द्वारा नगर पालिका पिलखुवा और चंडी मंदिर पर भंडारा कर लोगो की सेवा की जिसमे गुरमीत चौधरी, वंश प्रताप सिंह, अमरजीत चौधरी, विशाल रावत, अजय रावत, अभिषेक सिंह, मनी शर्मा, सनी पंडित, कपिल तोमर, निक्की यादव, मनीष सैनी, दीपांशु वशिष्ट, धनञ्जय तोमर ने मिलकर भंडारे की सारी व्यवस्था देखी रेलवे रोड पर। पिलखुवा मे आज दिनांक 14.01.2025 मकरसंक्रांति के तोहार पर अग्रवाल मोबाईल रेलवे रोड पिलखुवा पर प्रसाद बाटते हुए प्रसाद को लोगों ने लेकर खाया जिस विनोद अग्रवाल,धनेश किताब वाले सचिन निशु बिट्टू शर्मा माधव अर्जुन आशु संजय टी वी रामगोपाल, रामकुमार गजेंद्र राठी आदि उपस्थित रहे विनोद अग्रवाल,गोलू, रामकुमार पूर्व सभासद आदि ने खिचड़ी वितरित की।

# आलमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया और एमिटी यूनिवर्सिटी ने फिटनेस टैलेंट हंट के साथ राष्ट्रीय बादाम दिवस मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** हर साल 23 जनवरी को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय बादाम दिवस बादाम के अनगिनत स्वास्थ्य लाभों और दैनिक आहार में शामिल किए जाने पर स्वास्थ्य और समग्र तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने में उनके योगदान पर प्रकाश डालता है। इस अवसर को मनाने के लिए, आलमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया ने एमिटी यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी में फिटनेस टैलेंट हंट शोः हेल्थ एंबेसडर ऑफ द ईयर की मेजबानी की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बादाम के अविश्वसनीय और व्यापक लाभों पर प्रकाश डालते हुए एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रमुख वैज्ञानिक पत्रिकाओं में 200 से अधिक प्रकाशित शोधपत्रों द्वारा समर्थित, बादाम पोषण का एक पावरहाउस है, जिसमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन और स्वस्थ वसा जैसे 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। ये नट्स कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं जैसे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करना और हृदय को स्वस्थ रखना, ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देना, मांसपेशियों की रिकवरी में सहायता करना और वजन को नियंत्रित करना और त्वचा को लाभ पहुँचाना। एक सरल, पौष्टिक नाश्ता, बादाम उन लोगों के लिए एक स्मार्ट विकल्प है जो अपने समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाना चाहते हैं।

बहुप्रतीक्षित हेल्थ एम्बेसडर ऑफ द ईयर टैलेंट शो में कम से कम 100 छात्र भाग लेंगे और प्रत्येक कैंपस से 50 प्रतिभाशाली प्रतिभागी भाग लेंगे। एमिटी यूनिवर्सिटी के जयपुर/लखनऊ/नोएडा कैंपस में टैलेंट हंट के तीन आकर्षक राउंड आयोजित किए गए। फिटनेस चैलेंज में भाग लेने वाले छात्रों के बीच नियमित शारीरिक गतिविधि और टीम वर्क के महत्व पर प्रकाश डाला गया। रेसिपी क्यूरेशन राउंड ने रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया, क्योंकि छात्रों ने स्वाद, प्रस्तुति और पोषण मूल्य के आधार पर मूल्यांकन किए गए अभिनव बादाम-आधारित व्यंजन तैयार किए। हेल्थ क्विज ने छात्रों को मजेदार और इंटरैक्टिव तरीके से एक साथ लाया, जिससे उन्हें एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जजिंग पैनल में मैक्स हेल्थकेयर - नई दिल्ली की रीजनल हेड-डाइटेटिक्स रितिका समद्दर, लोकप्रिय अभिनेत्री पंखुड़ी अवस्थी और एमिटी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ नुट्रिशन साइंस के प्रोफेसर शेफ गौरव तिवारी शामिल थे। तीनों राउंड के मूल्यांकन के बाद, अविनाश कुमार को 'हेल्थ एंबेसडर ऑफ द ईयर' का खिताब दिया गया। विजेता को ट्रॉफी दी गई और विजेता और उपविजेता को आलमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया की ओर से उपहार हैम्पर्स भेंट किए गए।

मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की डायटेटिक्स की रीजनल हेड रितिका समद्दर ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, ह्युवा छात्रों के इतने ऊजार्वान और जिज्ञासु समूह को इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेते देखना प्रेरणादायक था। आज के युवाओं के लिए, जल्दी से एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाना आवश्यक है, और इस तरह के आयोजन उस मानसिकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे युवाओं को अपने स्वास्थ्य के बारे में सूचित निर्णय लेने के महत्व को समझने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया बादाम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करना इस दिशा में एक बड़ा कदम है। 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर बादाम रक्त शर्करा प्रबंधन में सहायता करते हैं, वजन नियंत्रण में सहायता करते हैं, और समग्र स्वास्थ्य में योगदान करते हैं। चूंकि युवा लोग तनाव, खराब खान-पान की आदतों और व्यस्त कार्यक्रम जैसी बढ़ती चुनौतियों का सामना करते हैं, इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों का चयन करना महत्वपूर्ण है जो शरीर को पोषण देते हैं और लंबे समय तक लाभ प्रदान करते हैं। कैलिफोर्निया बादाम एक आदर्श विकल्प के रूप में काम करते हैं, जो उनके सक्रिय जीवन के लिए स्वास्थ्य लाभ और सुविधा दोनों प्रदान करते हैं।

अभिनेत्री पंखुड़ी अवस्थी ने अपनी भागीदारी पर विचार करते हुए कहा, "युवा छात्रों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस को प्रोत्साहित करने वाली पहल का हिस्सा बनना अविश्वसनीय रूप से संतुष्टिदायक रहा है। फिटनेस की यात्रा की शुरूआत जल्दी करना दीर्घकालिक स्वास्थ्य की नींव है, और यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि छात्र मूल्यवान जानकारी लेकर जाएं। व्यक्तिगत रूप से, कैलिफोर्निया बादाम मेरी दिनचर्या का एक अभिन्न अंग हैं, जो कसरत के बाद मेरा पसंदीदा नाश्ता है। विटामिन ई जैसे एंटीऑक्सीडेंट सहित अपने समृद्ध पोषक तत्व प्रोफाइल के साथ, बादाम न केवल मुझे सक्रिय रखने में मदद करते हैं बल्कि स्वस्थ त्वचा और समग्र स्वास्थ्य का भी समर्थन करते हैं।"



एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ की डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर (डॉ.) मंजू अग्रवाल ने कहा, "युवा पीढ़ी के बीच स्वास्थ्य और खुशी को बढ़ावा देना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। हेल्थ एंबेसडर ऑफ द ईयर टैलेंट हंट उस दिशा में एक शानदार कदम था। इस आयोजन के लिए आलमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया के साथ साझेदारी करने से हमें छात्रों को कई मजेदार गतिविधियों में शामिल करने का मौका मिला, जिससे उन्हें बादाम के विभिन्न लाभों के बारे में भी पता चला। छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए देखना प्रेरणादायक था, साथ ही वे स्वास्थ्य के बारे में गहरी समझ भी हासिल कर रहे थे। एमिटी यूनिवर्सिटी में, हम समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और यह आयोजन हमारे दृष्टिकोण के साथ खूबसूरती से जुड़ा हुआ है।"

# भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर व पदाधिकारीयों का हुआ जोरदार स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक सभा बहसूमा कस्बे में हुई जहां पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर व संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार चौधरी इंद्रजीत सिंह सांगवान व पूरी टीम का किसानों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। बता दें कि मंगलवार को बहसूमा कस्बे में भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें किसानों ने अनेकों समस्या उठाई। जिसमें बिजली की समस्या के अलावा आवारा पशुओं की समस्या पुरजोर तरीके से उठी। किसान नेता लोकेश सिरोही ने बिजली की समस्या व किसानों को अपने खेत से मिट्टी उठाने की समस्या व अपने खेत से पेड़ काटने की समस्या उठाई।उन्होंने कहा कि सड़कों पर मिट्टी से भरे ओवरलोड वाहन दौड़ रहे हैं लेकिन अगर किसान अपने खेत से मिट्टी उठाता है या अपने खेत पेड़ कटवाता है तो उसको परेशान किया जाता है। चौधरी संजीव तोमर ने किसानों की समस्याओं का समाधान का आश्वासन दिया। वहीं सभा में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने संगठन का विस्तार किया। सभा में दर्जनों लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंगलवार को आयोजित सभा में भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय सलाहकार इंद्रजीत सिंह सांगवान ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन तोमर की कार्य शैली से क्षेत्र का किसान प्रभावित है यही वजह है कि दूसरे संगठनों से हटकर लोग भाकियू तोमर का दामन थाम रहे हैं क्योंकि इस संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान मिलता है। उन्होंने किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए कहा कि यदि कोई भी विभाग किसानों का उत्पीड़न करता हो तो उसकी जानकारी तुरंत पदाधिकारी को दें ताकि संगठन के बैनर तले समस्याओं का समाधान कराया जा सके। उन्होंने सभी से संगठन की मजबूती के लिए निष्पक्षता और कर्तव्य निष्ठा के साथ काम करने की अपेक्षा की।

**शुभम लांबा को संगठन में युवा जिला अध्यक्ष मेरठ व अभिषेक चौधरी को युवा जिला उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी**





**संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई**

सभा के दौरान भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने राष्ट्रीय सलाहकार इंद्रजीत सिंह सांगवान व पूरी टीम की उपस्थिति में शुभम लांबा को भारतीय किसान यूनियन का युवा जिला अध्यक्ष मेरठ व अभिषेक चौधरी को युवा जिला उपाध्यक्ष मेरठ नियुक्त किया।वहीं दर्जनों लोगों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई इसमें कई लोगों को पदाधिकारी भी बनाया गया। जिन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया गया।

**सभा को संबोधित करते हुए क्या बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर**

सभा को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि संगठन उत्तराखंड सहित देश के तमाम राज्यों में मजबूती के साथ किसान मजदूर की आवाज उठा रहा है और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहा है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन तोमर पिछले कई वर्षों से किसान व आमजन की निस्वार्थ सेवा करता आ रहा है और उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन तोमर 36 बिरादरियों का संगठन है हर वर्ग का मान सम्मान संगठन में होता है जहां भी किसानों का शोषण होता है वहां भारतीय किसान यूनियन तोमर किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। अधिकारियों से वार्ता की जाएगी आवश्यकता पड़ने पर धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। सभा के दौरान किसानों व मजदूरों ने भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करने का भरोसा दिलाया।सभा में शुभम लांबा को युवा जिला अध्यक्ष मेरठ व अभिषेक चौधरी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।इस दौरान भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर, राष्ट्रीय सलाहकार इंद्रजीत सिंह सांगवान, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, एसपी सिंह, जितेंद्र राठी, बिंदर चाहल, शुभम लांबा,अभिषेक चौधरी, चैंयरमेन सचिन सुकड़ी ,सभासद अरुण जाटव के साथ भारतीय किसान यूनियन तोमर की पूरी टीम मौजूद रही।

## संक्षिप्त समाचार

### मकर संक्रांति के पावन पर्व पर प्रसाद वितरण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** सर्व सेवा सम्मान समिति द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर तहरी प्रसाद वितरण शिव चौक पर किया गया इस शुभ अवसर पर समिति के मार्ग दर्शक श्री अरविंद द्दष्टा जी महाराज, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री घनश्याम दास गर्ग, सत्र संयोजक गिरधारी लाल नारंग, अजय गर्ग, अध्यक्ष अंकुर आर्य, सचिव



संदीप विश्वकर्मा,कोषाध्यक्ष भूपेंद्र खन्ना संरक्षक ,सुरेंद्र बंसल, सतीष गोयल, वीरेंद्र संगल, गिरिश तायल,,मनुज कांबोज, विक्की जैन, सुशील अग्रवाल, अनिल कुमार, जगदीश प्रसाद, रोबिन गर्ग, तरुण नरूला, डॉक्टर नीरज गोयल, देविंद्र धानिया, दीपक कौशिक, राजू प्रमोद मेंबर और परिवार के सदस्य उपस्थित रहे मकर संक्रांति कि आप सभी को बहुत बहुत शुभ कामनाएं।

### युवती के पिता ने कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव उटरावली से एक युवती घर से स्कूल बताकर कहीं गायब हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदगढ़ थाने में युवती (छात्रा)के पिता ने तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती के पिता ने बताया है कि मेरी पुत्री स्कूल जाने की कहकर घर से निकली थी लेकिन वह घर आज तक वापस नहीं लौटी है मैंने सभी रिश्तेदारियों में उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा है। उसके बाद मैंने अहमदगढ़ थाने में पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए युवती की तलाश में पुलिस टीम लगा दी गई है।जल्द ही लड़की को बरामद किया जाएगा।

**बैठक** अध्यक्षता प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने की

# राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में प्रोफेशनल मंच की हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** आज राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में प्रोफेशनल मंच की बैठक प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय मौजूद रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि किसी भी पार्टी की राजनैतिक ताकत तभी मजबूत होती है जब उसका संगठन मजबूत होता है इसी क्रम में उन्होंने पार्टी के संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल मंच के माध्यम से पार्टी में प्रोफेशनल लोगो को पार्टी से जुड़ने का मौका मिलेगा और वह सब एक मंच के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने में सक्षम होंगे। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि पार्टी में सभी को एक साथ मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है जिससे राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों का प्रचार प्रसार सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देष में हों। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों से आग्रह किया वह जल्द जल्द से अपने प्रकोष्ठों को मजबूत करें।

प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल इस मंच के माध्यम से पूरे प्रदेश में अधिवक्ता साथी, डॉक्टर, इंजीनियर एवं अन्य प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ने का अभियान चलाया जायेगा। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयंत चौधरी एन0डी0ए0 सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के माध्यम से उ0प्र0 ही नहीं पूरे देष में युवाओं को रोजगार के नये अवसर मुहैया करा रहे हैं। प्रोफेशनल मंच का उद्देश्य भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा और नीतियों को प्रदेश के प्रोफेशनल लोगों के माध्यम से जन जन तक पहुंचाना होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवकरण सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल दुबे, राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा एवं राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी डॉ0 सुरेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, नरेन्द्र बघेल, युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, प्रदेश महासचिव, संतोष यादव, मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, शालिनी सिंह, नम्रता शुक्ला, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल, रामगोपाल चंदेल, सम्राट सिंह चौहान, अकील अहमद, सुमित सिंह, अमरेन्द्र सिंह, मुकेश वर्मा, सुरजीत श्रीवास्तव, डॉ0 अनिल त्रिपाठी, विनीत सिंह आदि लोग मौजूद रहे। बैठक का संचालन पी0सी0 पाण्डेय ने किया।



# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में डिजिटल लेनदेन व साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह के दिशा निर्देशन में ग्राम मौढ़ी हजरतपुर में तथा छात्रा इकाई की स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी ऊषा सिंह के दिशा निर्देशन में ग्राम गुलड़िया में डिजिटल वित्तीय लेन देन एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूकता रैली निकाली और घर-घर जाकर लोगों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक किया इसके पश्चात दिन के दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया'बौद्धिक संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में अपेक्षा निम्बाडिया (क्षेत्राधिकार तहसील कांठ) के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ प्रारम्भ हुआ छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ-साथ साइबर क्राइम व डिजिटल लेनदेन के प्रति अनेक कविताओं के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने विभिन्न प्रकारों एवं सावधानियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए साइबर क्राइम से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार की जानकारियां साझा करते हुए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया तथा समाज के लोगों को भी साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि समय-समय पर नई-नई वैज्ञानिक कार्य पद्धतियां हमारे जीवन को आसान बनाती हैं अतः हमें इनकी जानकारी प्राप्त करके समाज को जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना चाहिए बौद्धिक संगोष्ठी के उपरांत प्रधानाचार्य मदन सिंह व स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया'राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, उषा सिंह, निशिकांत पाठक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संचालन आयुषी विश्नोई व दिव्या बिश्नोई ने किया।

## समाजसेविका हृदेश कुमारी शर्मा का हृदय गति रुकने से हुआ निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर की समाज सेविका एवं सेवानिवृत्ति अध्यापिका हृदेश कुमारी शर्मा का आज हृदय गति रुकने से हैदराबाद में निधन हो गया' उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई ' नगर के मोक्ष धाम पर 15 जनवरी को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा' उनके निधन पर अनेक लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है' नगर के मोहल्ला फकीर गंज निवासी अशोक कुमार शर्मा की धर्मपत्नी हृदेश कुमारी शर्मा (68) काफी समय से बीमार चल रही थी 10 जनवरी को वह उपचार के लिए बेटे आशीष शर्मा के पास हैदराबाद गई थी आज सुबह उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मत घोषित कर दिया ' उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत शिक्षिका नगर में स्टेशन रोड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय से 2019 में सेवानिवृत हुई थी सामाजिक कार्यों में वे बढ़ चढ़कर भाग लेती थी उनके पति आर्य समाज में संरक्षक एवं नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में व्यवस्थाओं के पद पर रह चुके हैं ' परिवार के लोगों ने देर "बुलंद संदेश" को



बताया कि उनका पार्थिव शरीर हैदराबाद से विमान द्वारा यहां लाया जा रहा है' खबर लिखे जाने तक उनका पार्थिव शरीर दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंच गया था देर रात नगर में पहुंचने की उम्मीद है' नगर के मोक्ष धाम पर बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा' सेवानिवृत शिक्षिका के निधन पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, डॉक्टर पंकज बिश्नोई(डीएम ), भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, शिक्षिका वंदना विश्नोई, तारावती चौहान, शिक्षक रितेश शर्मा, अनिल बिश्नोई, सेवानिवृत शिक्षक भूपाल सिंह, समाज सेविका सुनीता देवी, राजीव बिश्नोई, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, महेश चंद्र गुप्ता, विकास शर्मा आदि लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है ।

## कक्षा 8 तक के विद्यालय 15 एवं 16 जनवरी तक रहेंगे बंद, जिला अधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आदेश किया जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने अत्यधिक शीतलहर के कारण छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य के दृष्टिगत जनपद में संचालित कक्षा-नर्सरी से कक्षा-8 तक समस्त परिषदीय / सहायता प्राप्त / मान्यता प्राप्त / यू०पी०बोर्ड / सी०बी०एस०ई०बोर्ड / आई०सी०एस०ई०बोर्ड एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 15 एवं 16 जनवरी को अवकाश घोषित किया है ' जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किया है' आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।




## कांठ में मकर संक्रांति का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया, भाजपा ने किया खिचड़ी प्रसाद का वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मकर संक्रांति का पर्व आज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत रूप से मनाया गया'भाजपा मंडल छजलैट के द्वारा मकर संक्रांति पर खिचड़ी का (प्रसाद) वितरण किया गया।। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू , जिला अध्यक्ष भाजपा आकाश पाल, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हुकम सिंह,गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल, मंडल अध्यक्ष आंचल चौधरी,रामकिशोर सिंह, विक्रांत सिंह, सुमित दिवाकर, विशेश्वर प्रसाद शर्मा, मीडिया प्रभारी संजय ढाका, उधम सिंह, अखिलेश विश्नोई, सुभाष सिंह, संजीव कुमार, सत्यवान सिंह, अशोक त्यागी, अंकित गुप्ता, विक्रम सिंह, हरिओम शर्मा, हेमपाल सिंह, सौवीर सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चीनी मांझे की बिक्री और प्रयोग पर रोक लगाने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** एसएसपी सतपाल अंतिल ने ऑनलाइन मीटिंग कर सभी थाना प्रभारियों को चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद थाना प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करना भी शुरू कर दिया है। शाहजहांपुर में शनिवार को अमरोहा निवासी सिपाही शाहरुख की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई थी। जिसमें सिपाही की मौत हो गई थी। इस तरह के हादसे मुरादाबाद में भी हो चुके हैं।




ऐसे हादसे दोबारा न हों।इसके लिए एसएसपी सतपाल अंतिल ने मुरादाबाद में चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं।

## नेशनल हाईवे पर मौजूद ब्लैक स्पॉट 20 दिन में ठीक करने के जिला अधिकारी ने दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कलक्ट्रेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति व जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई। डीएम ने स्कूल के वाहनों की फिटनेस दुरुस्त रखने के लिए सख्त निर्देश दिए। साथ ही नेशनल हाईवे पर चिह्नित ब्लैक स्पॉट को 20 दिन के अंदर ठीक करने को कहा।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनुज सिंह ने स्कूलों के प्रधानाचार्यों और विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति को सक्रिय रहना होगा। कहा कि स्कूलों के वाहन चलाने वाले चालक परिचालक का चरित्र सत्यापन 31 जनवरी तक जरूर करा लें। बिना चरित्र सत्यापन कराए कोई भी स्कूली वाहन नहीं चलेगा। विद्यालय के 18 वर्ष से कम आयु वाले छात्र छात्राओं को दोपहिया वाहन का संचालन न करने दें।बैठक में डीएम ने कहा कि चिह्नित सभी ब्लैक स्पॉट को दुरुस्त कराएं, जिससे हाईवे पर होने वाले हादसों में कमी आ सके। उन्होंने हाईवे पर भारी वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं हाईवे पर पाकबड़ा- डींगरपुर अंडरपास पर होने वाले जलभराव से निपटने की व्यवस्था करने के एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने को भी कहा। इस दौरान पाकबड़ा थाने के सामने मार्ग पर रेलिंग लगाएं और डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर एडीएम प्रशासन गुलाब चंद, एसपी यातायात सुभाष चंद गंगवार, स्मार्ट सिटी के अभियंता एके मित्तल आदि मौजूद रहे।

## हरि कथा का हुआ समापन: विशाल यज्ञ में पर्यावरण की रक्षा एवं नशा छोड़ने का लिया गया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** फतेहपुर बिश्नोई गांव में आयोजित श्री हरि कथा के समापन पर विशाल यज्ञ में आहुति देकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया गया' मंगलवार को हरि कथा के समापन पर बिश्नोई समाज के प्रसिद्ध संत स्वामी राजेंद्रानंद (हरिद्वार), स्वामी प्रणवानंद, अशोक आनंद, जगदेव आनंद, मुक्तानंद, गोविंदनंद, अमृतानंद आदि संतों के साथ समाज के लोगों ने हवन किया' यज्ञ में श्री ओम बिश्नोई, संजय सिंह, ओमेंद्र सिंह, अनुज बिश्नोई, ओमवीर सिंह, विनोद कुमार, राम सिंह, अनुज फौजी और समस्त क्षेत्रवासी मौजूद थे' हवन में सुख शांति का संकल्प लिया गया 'गांव के युवाओं ने काफी संख्या में नशा छोड़ने का यज्ञ में संकल्प लिया।




# टीएमयू में लोहड़ी पर खूब थिरके स्टुडेंट्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** ढोल की थाप हो... डीजे की बीट्स हों... खुला मैदान हो.. चौतरफा ठंड हो... और बीचों-बीच लोहड़ी की तपिश... तो पैर तो थिरकेंगे ही... ठुमके लगेंगे ही... कुछ ऐसे ही मंजर रहे तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के संग-संग गर्ल्स हॉस्टल और ब्वॉयज हॉस्टल तक....।

हजारों स्टुडेंट्स और फैकल्टीज ने लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया। कैंपस में लोहड़ी के विधि विधान से पूजन हुए। बारी-बारी से फैकल्टीज और छात्र-छात्राओं ने प्रसाद चढ़ाया। गुरुजनों ने अग्नि प्रज्वलन से पूर्व लोहड़ी पर प्रसाद चढ़ाकर सात या ग्यारह परिक्रमा की। ऐसे ही गर्ल्स और ब्वॉयज हॉस्टल्स के हजारों स्टुडेंट्स ने परिक्रमा के बाद हाथ जोड़कर अपनी-अपनी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की। अंत में एक-दूसरे को बधाई के संग मूंगफली, रेवड़ी और पॉपकॉर्न का प्रसाद वितरित हुआ।



तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के संग-संग गर्ल्स और ब्वॉयज के सात हॉस्टल्स में हजारों छात्र-छात्राओं ने पंजाबी गीतों से लेकर बालीवुड सांग्स पर जमकर नृत्य किया। सेल्फी से लेकर सामूहिक फोटोग्राफी हुई। स्टुडेंट्स ने प्रज्वलित लोहड़ी के दृश्यों को अपने मोबाइल में कैद किया। मेडिकल कॉलेज के स्टुडेंट्स की ओर से आयोजित लोहड़ी के पर्व पर मेडिकल के डीन एकेडमिक प्रो. एसके जैन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. रवि जैन, श्रीमती नम्रता जैन, डॉ. सादाफ अली, श्रीमती अहिंसा जैन के अलावा हॉस्टल वार्डन, एमबीबीएस इंटर्न डॉ. रितिक नारंग भी गरिमामयी उपस्थिति रही। दूसरी ओर लोहड़ी की पूर्व संध्या पर फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग और फैकल्टी ऑफ एजुकेशन में स्टाफ ने धूमधाम से लोहड़ी का पर्व मनाया। एफओई के लोहड़ी पर्व के कार्यक्रम में डीन प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. अशोक कुमार, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. शालिनी जेड निनोरिया, डॉ. संदीप वर्मा, श्रीमती स्वाति चौहान, जबकि फैकल्टी ऑफ एजुकेशन में प्रिंसिपल प्रो. विनोद जैन, डॉ. शेफाली जैन, डॉ. अर्पिता त्रिपाठी, डॉ. सुगन्धा जैन, श्री महेश कुमार की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

## जैन सिराज ने 2.14 मिनट में लिए 195 देशों के नाम, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पांच साल के जैन सिराज ने दो मिनट 14 सेकेंड में 195 देशों का नाम लेकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। जैन ने 23 दिसंबर को फरीदाबाद में यह कीर्तिमान बनाया था।



अब उनके नाम को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल कर उन्हें प्रमाणपत्र सौंपा गया है।

मुरादाबाद की जिगर कॉलोनी के रहने वाले डॉ. सिराज अहमद ने बताया कि उनके बेटे जैन ने महज तीन साल की उम्र में ही 195 देशों के नाम याद कर लिए थे। 23 दिसंबर को फरीदाबाद में इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स की टीम के सामने बिना कहीं देखे जैन ने 134 सेकेंड में 195 देशों के नाम सुनाए थे।

## गणतंत्र दिवस पर "चौराहों पर गूंजेंगे देशभक्ति के गीत"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** डीएम अनुज सिंह ने गणतंत्र दिवस के पहले सभी विभागों को सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। बताया कि महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास सफाई के साथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त होना चाहिए। डीएम अनुज सिंह ने गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होंने कहा कि नगर निगम और पुलिस के अधिकारी पब्लिक एड्रेस सिस्टम से देशभक्ति गीतों का प्रसारण कराएंगे। मलिन बस्तियों में साफ सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन एवं चौराहों आदि के साफ-सफाई पर ध्यान देना होगा। इसके साथ ही सूफी अंबा प्रसाद के हाथी वाली मंदिर स्थित छापेखाने की सफाई पुताई एवं प्रकाश व्यवस्था करना जरूरी है। महानगर में जहां पर भी महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। सभी अधिकारी सरकारी भवनों, कार्यालयों में साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देंगे।




## फरवरी में शुरू होगा गति कार्गो टर्मिनल, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के कारोबारी होगा फायदा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** दलपतपुर में बना गति शक्ति कार्गो टर्मिनल फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगा। इस टर्मिनल से देश के विभिन्न स्थानों पर सामान भेजना आसान होगा। टर्मिनल की रेल और सड़क मार्ग से सीधी कनेक्टिविटी रहेगी। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कारोबारियों को इससे बड़ा फायदा पहुंचेगा।सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि दलपतपुर में गति शक्ति मल्टी कार्गो टर्मिनल बनकर तैयार हो गया है। इसके अलावा मंडल के पथरी स्टेशन पर भी गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का निर्माण जल्द शुरू हो जाएगा। मंडल के हकीमपुर , अगवानपुर, कौड़ा, बुंदकी में नए गुड्स शेड का निर्माण किया जाएगा।

रेल मंडल में लूप लाइन पर अब 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेनें चलेंगी। अब तक इन लूप लाइनों पर 15 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें चल रही थीं। रेलवे बोर्ड से लूपलाइनों पर ट्रेनों की गति दोगुनी करने की स्वीकृति मिल गई है। मंडल के माधोगंज, मल्लांवा, बांगरमऊ, सफीपुर, माखी, पतियारा में सिंगल लाइन और लूपलाइन पर ट्रेनों की गति बढ़ेगी।

## बरात का इस्लाम धर्म में तो कोई इतिहास है ही नहीं : बी.एच.मिल्की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** बरात भारत में तब शुरू की गई जब दुल्हन को शादी करके अपने घर लेकर आते समय दूल्हा-दुल्हन को लूट लिया जाने लगा । यह बात दहेज विरोधी मंच के संयोजक डॉक्टर बी एच मिल्की ने कही लूट के डर होने की वजह से इस लिए लोगों ने दूल्हे के साथ 10-20 लोगों को ले जाना शुरू कर दिया जिससे रास्ते में चोरों से बचा जा सके, क्योंकि पैदल चलने का दौर था शादियाँ अक्सर दूर दूर हुआ करती थी यातायात का कोई साधन नहीं था बैलगाड़ी या पैदल आया जाया करते थे उस दौर में लोग समूह के रूप में चलते थे जिससे रास्ते में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े धीरे-धीरे यह लोगों ने बरात रूपी समूह को बढ़ाना शुरू कर दिया और लोगों की संख्या बढ़ती चली गई इस प्रकार बरात रूपी कलंक समाज पर हावी हो गया । लेकिन आजकल यातायात के साधन बहुत हैं और आने-जाने में कोई खतरा भी नहीं है तो बरात का कोई महत्व नहीं रह जाता, और लडकी वाले पर अतिरिक्त बोझ भी पड़ता है जिससे कई लोगों को आर्थिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

इसलिए अब बरात जैसी कुप्रथा को समाप्त कर लड़की वाले को राहत देनी चाहिए

लोगों को समझना चाहिए कि वो बरात में सिर्फ खाना खाने के लिए जाते हैं बाकि उनका कोई काम नहीं है और एक दिन किसी के घर खाने से कोई भला नहीं हो सकता लेकिन लड़की वाले का जरूर भला हो सकता है लड़की वाला जरूर कर्ज से बच सकता है, इसलिए आप से गुजारिश की बरात में आना जाना बंद करें,वलीमे में शिरकत करें या लडकी वाले की तरफ से जाये और तोहफा के रूप में बेटी वाले की कुछ मदद करें जिसे बेटी वाले को परेशानी का सामना न करना पड़े और बेटियों को समाज में सम्मान पूर्वक देखा जाने लगे ।

**संक्रांति पर्व** — यज्ञ के बाद पंचामृत (खिचड़ी) के प्रसाद का वितरण कराया गया

# स्नान दान और यज्ञ का पर्व है मकर संक्रांति पर्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी)।** तहसील के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सौजन्य से मकर संक्रांति पर्व धूम-धाम से मनाया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में कार्यक्रम से पूर्व 5 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। गायत्री परिजनो ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व हिंदुओं का प्रमुख पर्व है और संपूर्ण भारत में विभिन्न रूपों में मनाया जाने वाला पर्व है। इस अवसर पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ । यज्ञ के बाद पंचामृत (खिचड़ी) के प्रसाद का वितरण कराया गया।

मंगलवार को आयोजित मकर संक्रांति पर्व पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, आदि शक्ति मां गायत्री शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया।







देश, क्षेत्र व समाज की खुशहाली तथा महकुम्भ की सफलता के लिए गायत्री यज्ञ में विशेष आहुतियां समर्पित की। इस दौरान गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता व प्रधानाचार्य आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने मकर संक्रांति पर्व के विषय में बताया कि प्रयाग में गंगा यमुना सरस्वती के संगम पर एक माह तक लगने वाले इस मेले को माघ मेले के नाम से जाना जाता है। यह हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार है। इस दिन उड़द, चावल ,तेल, गो ,वस्त्र आदि दान करने का बहुत महत्व है। मकर संक्रांति के पर्व पर नई फसल के आने तथा शीत ऋतु की विदाई का संकेत देने वाला पर्व है । इस उत्साह और ऊर्जा से ही हमारे जीवन में हर दिन हर क्षण नव विचार का संचार होता है । आतंकी गतिविधियों, प्राकृतिक आपदाओं से बचने तथा महकुम्भ की सफलता के लिए यज्ञ भगवान को श्रद्धालुओं ने विशेष आहुतियां समर्पित की। इस दौरान विद्यालय के 65 बच्चों को गर्म कपड़े विद्यालय प्रबंधक प्रेमपाल सिंह की प्रेरणा से वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदित्य राघव अनिल चौहान ,अंकित, आदित्य,शिवम ,वीरेश कुमार, सौरभ, चमन कश्यप, गुरमीत, अनिकेत, श्याम,सुषमा राघव, कुमारीज्योति, सजल राघव, नीलम,मगन, सलोनी, रजनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, राधा, सोनी, हीरवती, कुमारी आकांक्षा सहित अनेकों ने भाग लिया ।

## मकर संक्रान्ति पर्व पर जरूरत मंदों को बांटा गया कम्बल, राहत



**लालगंज, प्रतापगढ़।** मकर संक्रान्ति के पर्व पर क्षेत्र के गोड़वा के ककोरिहा गांव में जरूरतमंदो को कंबल वितरित किया गया। बाला जी धाम पर परम्परागत आयोजन में सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए आयोजन समिति द्वारा सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी कालिका प्रसाद पाण्डेय ने अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं पूर्व प्रधान केडी मिश्र, पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, पूर्व जिपंस दीपक मिश्र, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी आदि को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। ठण्ड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर संतोष देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन फूलचंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर सुभाषचंद्र पाण्डेय, सालिकराम तिवारी, महेन्द्र मिश्र, श्याम नारायण तिवारी, रामसेवक सरोज, कमला सरोज, मोती गुप्ता आदि रहे। इधर नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में भी विद्या मंदिर मार्ग पर मकर संक्रान्ति पर कंबल वितरण किया गया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जरूरतमंदो को कंबल बांटे। इस मौके पर लेखपाल संघ के अध्यक्ष केके सरोज, शिवम सिंह, विनोद सोनी, बाबूलाल सोनी, मनमोहन यादव आदि रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# सनी लियोनी को लगता है भगवान उन्हें धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे

अभिनेत्री सनी लियोन जो फिलहाल मलेशिया में हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है जैसे भगवान उन्हें धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे हैं।सनी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह डेक पर खड़ी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में बादलों से घिरा आसमान, समुद्र और रेत नजर आ रही है।वीडियो में अभिनेत्री ने कुछ खास ब्यौरा नहीं दिया। कहा, हम्म, हां, हम कहां हो सकते हैं? यहां बहुत रहस्यमयी चीजें हो रही हैं। इसके बाद उन्होंने एक रहस्यमय संदेश साझा किया, जिसमें लिखा थाः मुझे लगता है कि भगवान मुझे धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे हैं। काश मुझे चेतावनी मिल जाती ताकि मैं मानसिक रूप से तैयार हो पाती। सोशल मीडिया पर एक्टिव सनी ने शेयर किया कि 'रील बनाने के पीछे असल में क्या होता है।इ उन्होंने रील बनाने के पीछे असल में क्या होता है का एक मजेदार बिहाइंड-द-सीन वीडियो पोस्ट किया।

सनी ने फोटो-शेयरिंग वेबसाइट पर एक वीडियो पोस्ट की। क्लिप में वह अपनी टीम के साथ रील के लिए पोज देती नजर आ रही हैं।

वह अपनी टीम की साथी से कहती सुनाई देती है, इसे छिपाओ।

जैसे ही सनी की टीम रील बनाने के लिए तैयार हो गई और उनके एक साथी ने मजाकिया अंदाज में गिनती शुरू कर दी। अभिनेत्री अपना सिर हिलाना शुरू करती हैं और फिर रुक जाती हैं।

सनी ने वीडियो को कैप्शन दियाः रील बनाने के पीछे वास्तव में क्या होता है।

सनी और उनके पति डेनियल वेबर ने नवंबर में अपनी शादी के 13 साल बाद फिर से शादी रचाई। इस जोड़े ने 31 अक्टूबर को मालदीव में एक समारोह में अपनी प्रतिज्ञा को फिर से दोहराया। इस दौरान उनके बच्चे निशा, नूह और अशर भी उनके साथ थे।

सनी की फैन फॉलोइंग भी जबरदस्त है। कुछ अटपटी घटनाएं भी इनके नाम पर अंजाम दी गई हैं। उनके नाम का इस्तेमाल कर एक धोखाधड़ी की वारदात ने भी सुर्खियां बटोरी थीं। 23 दिसंबर को एक व्यक्ति ने राज्य सरकार से 1000 रुपये प्रति माह प्राप्त करने के लिए अभिनेत्री के नाम का उपयोग किया था। वह राज्य की कल्याणकारी योजना महतारी वंदन योजना का लाभ उठा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धोखेबाज ने राशि प्राप्त करने के लिए सनी के नाम का उपयोग किया क्योंकि यह योजना केवल विवाहित महिलाओं के लिए ही थी।

# अक्षय कुमार संग फिलम भूत बंगला में दिखेंगी तब्बू, एक्ट्रेस ने शुरू की शूटिंग

अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड हॉरर कॉमेडी भूत बंगला की शूटिंग शुरू हो गई है. दिलचस्प बात यह है कि हेरा फेरी में अक्षय कुमार के साथ नजर आने वाली एक्ट्रेस तब्बू 25 साल बाद इस फिल्म में उनके साथ स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं. एक्ट्रेस अपने आगामी प्रोजेक्ट भूत बंगला के लिए अक्षय कुमार और मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन के साथ फिर से काम करने के लिए तैयार हैं. ड्यून प्रोफेसी में अपनी परफॉर्मेंस से दिल जीतने वाली तब्बू अब हॉरर-कॉमेडी की शूटिंग शुरू करने जा रही हैं। तब्बू ने फिल्म के सेट पर अपने पहले दिन की एक झलक शेयर की, जिससे फैंस काफी एक्साइटेड हो गए क्योंकि अक्षय और तब्बू 25 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे. वहीं प्रियदर्शन के साथ भी तब्बू 25 साल बाद कोलेब करने जा रही हैं. तीनों को कल्ट क्लासिक हेरा फेरी के लिए याद किया जाता है. तब्बू ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, हम यहां बंद हैं.

प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित, भूत बंगला का को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस, केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है. फिल्म की कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है और स्क्रीन प्ले रोहन शंकर, अभिलाष नायर और प्रियदर्शन ने






लिखा है. इसके अलावा डायलॉग रोहन शंकर के हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो वामिका गब्बी अक्षय की फिल्म में शामिल हो गई हैं. भूत बंगला एक हॉरर कॉमेडी है जिसमें अक्षय तीन महिला कलाकारों के साथ एक जादूगर की भूमिका निभाएंगे. यह फिल्म काले जादू पर आधारित है. भूत बंगला 2 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार पिछली बार सरफिरा में नजर आए थे वहीं उन्होंने स्त्री 2 में एक छोटा सा कैमियो भी किया था. अब उनकी अपकमिंग फिल्म स्काई फोर्स है जो 24 जनवरी को रिलीज होने जा रही है. वहीं तब्बू की पिछली फिल्म अजय देवगन के साथ औरों में कहां दम था थी. वहीं अब वे भूत बंगला की शूटिंग करने जा रही हैं।

# निक्की तंबोली ने गोल्डन गाउन में गिराई बिजली, एक्ट्रेस ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज

बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। टीवी एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने गोल्डन गाउन में अपने ग्लैमरस लुक से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. हाल ही में निक्की ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की, जिसमें वह बेहद आकर्षक लग रही हैं. निक्की ने डीपनेक गोल्डन गाउन पहना था, जो उनके स्टाइल को और भी स्टाइलिश बना रहा था. इसके साथ उन्होंने ग्लोइंग मेकअप




किया और अपने खुले बालों में बेहद खूबसूरत पोज दिए. उनके किलर पोज और दिलकश लुक ने फैंस का दिल जीत लिया. इन तस्वीरों को देख फैंस उनके आकर्षक लुक और फैशन सेंस की तारीफ कर रहे हैं. निक्की की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं और उनके फैंस उनके इस लुक को लेकर काफी दीवाने हो गए हैं.

बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली का हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। और आए दिन वो अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ाती रहती हैं। निक्की तंबोली अपने लुक्स से बी-टाउन की बड़ी-बड़ी हसीनाओं को मात देती हैं। अभिनेत्री निक्की तंबोली फैशनिस्ट से कम नहीं हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर लाइमलाइट बटौरता रहता है।

# ज्यादा मोबाइल देखने वालों के लिए बड़ी खबर, तुरंत बदलें ये आदत, वरना कार्डियोवैस्कुलर का खतरा

आजकल हर किसी के हाथ में स्मार्टफोन दिख जाता है. यूं तो ये बहुत काम की चीज है लेकिन कुछ लोग इसे बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. अगर आप भी इनमें से एक हैं तो ये खबर आपके लिए ही है. अगर आपको भी ज्यादा फोन चलाने या देखने की आदत है तो इसे तुरंत बदल लीजिए. नहीं तो इससे आपको एक-दो नहीं बल्कि कई तरह की घातक और जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं. एक स्टडी के मुताबिक मोबाइल कॉल्स से हार्ड डिजीज बढ़



सकता है. इतना ही नहीं कैनेडियन जर्नल ऑफ कार्डियोलॉजी में पब्लिश एक रिसर्च के मुताबिक ज्यादा मोबाइल यूज करने वालों में 21 प्रतिशत तक कार्डियोवैस्कुलर का खतरा ज्यादा होता है. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से.

5 मिनट से 29 मिनट तक फोन चलाने पर क्या होता है?

रिसर्च में बताया कि एक दिन में 5 मिनट से 29 मिनट तक फोन चलाने वालों को कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 3 पर्सेंट का रहता है.

आधे घंटे फोन चलाने पर ये होता है खतरा

एक दिन में 30 मिनट से 59 मिनट तक, स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने वाले लोगों को कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 7 प्रशित परसेंट तक रहता है.

अगर 1 से 3 घंटे फोन चलाए तो क्या होगा ?

1-3 घंटे तक मोबाइल चलाने वालों के बीच में कार्डियोवैस्कुलर का जोखिम 13 परसेंट का रहता है.

4-6 घंटे फोन चलाने पर खतरा

अगर कोई 4-6 घंटे तक मोबाइल चलाता है तो उसमें कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 15 पर्सेंट तक रहता है. वहीं 6 घंटे से ज्यादा फोन चलाने वालों को यह खतरा 21 परसेंट तक रहता है.

ज्यादा स्मार्टफोन इस्तेमाल करने के नुकसान

नींद से जुड़ी समस्याएं

मानसिक तनाव का बढ़ना

आत्मविश्वास की कमी

कंप्यूटर विजन सिंड्रोम

रीढ़ की हड्डी पर गंभीर असर

स्किन से जुड़ी समस्याएं

ज्यादा फोन चलाने से सेहत को क्या होता है नुकसान?

जो व्यक्ति ज्यादा एक्टिव नहीं रहते हैं और ज्यादा वक्त स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं उन्हें  हार्ट और स्ट्रोक का खतरा का काफी ज्यादा बढ़ जाता है. वजन और प्रेशर कंट्रोल में भी रहे लेकिन हार्ट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा रहता है. उन्हें गंभीर इकोकार्डियोग्राफी बीमारी होती है. कम उम्र में मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज हो सकती है. न्यूरोडीजेनेरेटिव की बीमारी और दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा रहता है।

# पैरों में दर्द क्यों होता है? एक्सपर्ट ने बताई 5 वजह

बहुत सारे लोग अक्सर पैरों में दर्द की समस्या से परेशान रहते हैं. किसी को तलवे में तो किसी को पूरे पैर में दर्द रहता है. लोग अक्सर ये समझ नहीं पाते हैं कि पैरों में दर्द क्यों होता है? कई लोगों को खराब फिटिंग या ऊंची एड़ी वाले जूते पहनने से पैर में दर्द रहता है. तो किसी की मांसपेशियों के कमजोर होने की वजह से पैर दर्द रहता है. कुछ लोगों का वजन ज्यादा होता है उनके पैर में अक्सर दर्द करते हैं. वहीं कुछ लोगों की नौकरी ऐसी होती है जिसमें उन्हें लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है, उनके भी पैर अक्सर दर्द करते रहते हैं. शुगर और यूरिक एसिड बढ़ने पर भी एड़िया दर्द करती हैं. हेल्थ एक्सपर्ट  ने पैरों में दर्द होने की 5 वजह बताई हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

**इन 5 कारणों से आपके पैरों में होता है दर्द**

**विटामिन बी12 और विटामिन डी की कमी**

हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया कि जिन लोगों के शरीर में विटामिन ड्ड12 और विटामिन डी की कमी होती है, उनके पैर अक्सर दर्द करते हैं. क्योंकि इन विटामिन्स की कमी होने के कारण नसों की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।



**बहुत ज्यादा इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज**

जो लोग लंबे समय तक एक्सरसाइज नहीं करते हैं और अचानक से एक दिन उठकर बहुत ज्यादा एक्सरसाइज कर लेते हैं. उनके भी पैरों में दर्द हो सकता है. इसलिए अचानक से बहुत ज्यादा इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज ना करें. पहले धीरे-धीरे शुरूआत करें फिर इसे बढ़ाएं।

**मिनरल्स की कमी के कारण**

जिन लोगों के शरीर में मिनरल्स की कमी होती है उनमें भी पैर दर्द की समस्या रहती है. आयरन की कमी के चलते रक्त संचार में रुकावट आती है. मैग्नीशियम और जिंक की कमी के चलते मसल्स में खिंचाव और दर्द होता है।

**पानी की कमी के कारण**

पानी की कमी के कारण भी पैर दर्द करते हैं. डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी के कारण भी पैरों में दर्द हो सकता है. पानी की कमी के कारण रक्त संचार में रुकावट आती है, जो पैरों में दर्द का कारण बन सकता है. इसलिए दिन भर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है।

**लगातार दर्द होने पर करें ये काम**

अगर आपके पैरों में भी लगातार दर्द और है ऐंठन महसूस होती है तो आपको विटामिन बी12 और डी के स्तर को चेक कराना चाहिए. डॉक्टर के सुझाव पर आपको सप्लीमेंट्स और फूड्स को डाइट का हिस्सा बनना चाहिए।

**नसों से जुड़ी समस्या**

जिन लोगों को सायटिका की समस्या होती है उनके भी पैर दर्द करते रहते हैं. यह एक नसों से जुड़ी समस्या है जो पैरों में तीव्र दर्द का कारण बनती है,अगर आपको दर्द महसूस हो तो नसों के डॉक्टर से जरूर दिखाएं।

# वॉर 2 में इतनी दमदार बॉडी में दिखेंगे ऋतिक रोशन, तस्वीर में मसल्स देख बोले फैंस-फायर नहीं

बॉलीवुड के सुपरहीरो ऋतिक रोशन को बीते साल एरियल एक्शन फिल्म फाइटर में देखा गया था. फिल्म फाइटर ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया था. वहीं, अब ऋतिक रोशन अपनी अगली मास एक्शन फिल्म वॉर 2 से चर्चा में हैं. फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन के साथ साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी नजर आने वाले हैं. वॉर 2 मौजूदा साल के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी. इससे पहले ऋतिक रोशन ने अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है. ऋ तिक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी दमदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में ऋ तिक रोशन अपनी लीन बॉडी पर कसे हुए मसल्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं. ऋ तिक रोशन ने अपनी इस तस्वीर को शेयर कर लिखा है, जेनरेशन के लिए प्रेरणा. इस तस्वीर पर अब फैंस और सेलेब्स के रिएक्शन की बाढ़ गई है. इस तस्वीर में ऋ तिक रोशन एब्स और बाइसेप्स देख अच्छे-अच्छे हिल गए हैं. ऋ तिक रोशन की मसल्स वाली तस्वीर पर फैंस ही नहीं बल्कि सेलेब्स भी कमेंट्स पोस्ट कर रहे हैं.

ऋ तिक रोशन की तस्वीर पर फिल्म कोई मिल गया कि उनकी को-स्टार प्रीति जिंटा ने कमेंट बॉक्स में फायर इमोजी पोस्ट किए हैं. वहीं, ऋतिक रोशन की कजिन और इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस पश्मीना रोशन ने लिखा है, कोई



फायर ब्रिगेड बुलाओ. ऋतिक की तस्वीर पर उनके पिता राकेश रोशन ने भी कमेंट बॉक्स में फायर इमोजी पोस्ट किये हैं. वहीं, इस तस्वीर पर ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद का कोई रिएक्शन नहीं आया है. वहीं, ऋ तिक रोशन के फैंस की इसन तस्वीर पर आंखे फटी की फटी रह गई है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ ने मकर संक्रांति पर गरीबों को खिचड़ी खिलाकर गर्म कपड़े एवं रजाई वितरित की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ ने आज मकरसंक्रांति के अवसर पर आगरा रोड स्थित राजा भट्टे पर अप्रवासी कामगार 100 परिवारों को खिचड़ी खिलाकर उन्हें गर्म कपड़े एवम रजाई वितरित किया। प्रदेश प्रभारी डॉक्टर शैलेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि मकरसंक्रांति के दिन किया गया दान का फल बाकी दिनों के मुकाबले कई गुना अधिक होता है क्योंकि इस दिन सूर्य भगवान अपने पुत्र शनि से मिलते है इसलिए कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद लोगो को ठंड से राहत दिलाने का एक छोटा सा प्रयास है। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष जैकी ठाकुर ने कहा की संगठन प्रत्येक वर्ष शहर में गरीब लोगो को कंबल वितरित करता था लेकिन इस वर्ष अप्रवासी लोगो को कड़ाके की ठंड में कपड़े और कम्बल वितरित करके उन्हें ठंड से बचाने का संगठन का छोटा सा प्रयास हैजिलाध्यक्ष अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह ने दो भट्टो के सभी परिवारों को एक जगह एकत्रित करके उनकी टीम ने उनको खिचड़ी ,रेवड़ी और बच्चों को बिस्कुट वितरित किए जिलाध्यक्ष अध्यक्ष वीरांगना मीरा जादौन ने कहा कि सनातन धर्म में दान पुण्य का विशेष महत्व होता है इसलिए आज महिलाओं और उनके बच्चो को गर्म कपड़े शाल मोजा स्वेटर वितरित किए इस अवसर पर जिला प्रभारी जितेन्द्र राघव,प्रमोद कुमार सिंह,दीपक सिंह डोंजी,कौशल सिंह मनोज कुमार सिंह कविता राघव,प्रीति सिंह,प्रियंका सिंह,पवित्र सिंह,मेघा सिंह,सोनू ठाकुर प्रेमलता सिंह वीरपाल सिंह ,राहुल कुमार सिंह,रंजय राघव,आकाश सिंह राणा चेतन राज सिंह राहुल सिंह कपिल सिंह,अमित सारस्वत, नीरज, अंकुर, मनीष, हनी, रविता, एकता सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# बहसूमा पुलिस ने चलाया संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों का चेकिंग अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** मंगलवार को बहसूमा पुलिस ने कस्बे व क्षेत्र में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने पैदल गश्त किया और स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी और चेकिंग की।

बता दें कि थाना क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु बहसूमा पुलिस द्वारा निरंतर पैदल गश्त व वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को कस्बे में थाने के सामने बैरियर लगाकर गहन चेकिंग अभियान चलाया गया और यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। पुलिस की इस सक्रियता से स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास हो रहा है। थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने बताया कि यह पैदल गश्त निरंतर चलती रहेगी।इस अभियान में थाना प्रभारी इंदु वर्मा और पुलिस बल मौजूद रहे।





# सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को मिलेगा 25 हजार रुपए का इनाम, केंद्रीय मंत्री ने की घोषणा



**पुणे (आरएनएस)।** सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को केंद्र सरकार की तरफ से 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। फिलहाल यह राशि 5,000 रुपये है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी पुणे में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम के दौरान दी।

गडकरी ने यह भी बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में घायल लोगों को गोल्डन ऑवर के दौरान यानी एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो जीवित बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हम ऐसी व्यवस्था पर विचार कर रहे हैं कि यदि कोई गलत ढंग से सड़क पर खड़े वाहन का फोटो नंबर सहित भेजेगा और उस वाहन का चालाना हो जाएगा तो चालान की राशि का दस प्रतिशत रुपया कमीशन के रूप में सूचना देने वाले व्यक्ति को मिलेगा। इससे लोग सक्रिय और जागरूक होंगे।

# नगरपालिका की लापरवाही से गई मासूम बच्चे की जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** नगर पालिका द्वारा नगर के गुसाईयान मोहल्ले में बनवाया गया नाला पांच फुट गहरा होने के बाद भी उस नाले पर आज तक नगर पालिका परिषद ने उस पर स्लैप नहीं डलवाई है और न ही उसकी चारदीवारी करायी है। इसी वजह से आज एक मासूम की जान चली गई। विनायक बालक लगभग 3 वर्ष का है। वह अपनी दादी के साथ एक निमार्णाधीन मकान में खेलने गया था। वहां से खेलता हुआ वह नाले में गिर गया। जब विनायक 1-2 धन्टे में घर नहीं पहुंचा तो परिवार को उसकी चिन्ता हुई। परिवार और मौहल्ले के लोंगों ने जब छानबीन की तो लोंगों की नजर नाले में पड़ी। विनायक नाले में पड़ा था। लोंगों ने तुरन्त ही विनायक को नाले से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पहुंचाया। वहां पर विनायक को डाक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद भी परिवार के लोग विनायक को बुलन्दशहर भी ले गये वहां भी विनायक को मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों का रोते-रोते बुरा हाल है। पूर्व सभासद गजराज ने बताया कि हम वार्ड वासियों ने कई बार नगरपालिका को सूचित किया कि यहाँ पर रैलिंग लगवा दो या इस पर स्लैप डाल दो। मगर नगरपालिका ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की और आज इस मासूम की मौत हो गई। यदि नगरपालिका जागरूक होती तो इस पर स्लैप या रैलिग लगावा सकती थी। क्या नगरपालिका इस पीड़ित परिवार की क्षतिपूर्ती कर सकती है। वार्ड के लोगों ने बताया कि इस नाले की सफाई भी नहीं कराई जाती है। इसमें 3 से 4 फुट मलवा भरा हुआ है।





# राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में अखिलेश दास फाउंडेशन की ओर से जलवाए जा रहे अलाव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज सागर दास के निर्देश पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी लखनऊ के सभी प्रमुख अस्पतालों समेत शहर के लगभग सभी प्रमुख स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाए जा रहे हैं। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की ओर से लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ के अलग-अलग स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की गई है।

फाउंडेशन की दो टीमें शाम 5.00 बजे से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अलाव जलाने के लिए निकलती हैं। अलाव जलाने का यह सिलसिला रात 11 बजे तक चलता है। एक टीम को ट्रामा सेंटर केजीएमयू, क्वीन मेरी अस्पताल, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, बेगम हजरत महल पार्क स्थित रैन बसेरा, टाइम्स आफ इंडिया चौराहा, सिविल अस्पताल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर, योजना भवन, उदयगंज चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा स्टेशन रोड, राजेंद्र नगर, टीबी अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर गणेशगंज, कैंट पुराना किला तथा चारबाग में कुली अड्डा पर अलाव जलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दूसरी टीम को राजाजीपुरम, चौक स्टेडियम, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा, नीरा नर्सिंग होम, वाल्मीकि बस्ती मोहन मीकिंस डालीगंज, हनुमान मंदिर बाबूगंज चौराहा, कपूरथला, विकास नगर, सब्जी मंडी सीतापुर रोड, फल मंडी निशातगंज, पेपर मिल, हनुमान सेतु मंदिर, खदरा चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग, लोहिया पार्क के सामने, अलीगंज हनुमान मंदिर, पुरनिया रेलवे क्रासिंग, मेदांता अस्पताल, लोहिया अस्पताल आदि स्थानों पर अलाव जलाने का जिम्मा सौंपा गया है। बीबीडी ग्रुप के चेयरमैन, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन, तथा डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने कहा कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी होती हैं। बहुत से लोग गरीबों की पीड़ा समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल का वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को जन सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी कोशिश किसी भी तरह ठंड से बचने की होती है। बहुत से गरीबों को ठंड में खुले आसमान के नीचे कांपते- ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की ओर से भी गरीबों को राहत दिलाने के लिए छोटी सी सेवा के माध्यम से पहल की गई है। जिसके तहत कुछ दिन पूर्व कम्बल वितरण किया गया था और विभिन्न क्षेत्रों में कम्बल वितरण भी किया जा रहा है लेकिन अलाव की व्यवस्था शहर के लगभग प्रत्येक प्रमुख चौराहों पर किया गया है।





# मकर संक्रांति पर हजारों श्रद्धालूओं ने गंगनहर में स्नान कर की पूजा अर्चना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर हजारों श्रद्धालूओं ने गंगनहर में स्नान कर पूजा अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए। इसके अलावा दिल्ली मेरठ रोड पर दर्जनों स्थानों पर भंडारा लगाकर श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। मंगलवार को मकर संक्रांति पर गंगनहर स्थित शनि मंदिर घाट पर सुबह से ही श्रद्धालूओं का आना शुरू हो गया। सुबह से शाम तक श्रद्धालु गंगनहर में स्नान करने के लिए आते रहे। श्रद्धालुओं ने गंगनहर में स्नान कर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होने दान भी दिया और अपनी समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए। थानाप्र भारी मुकेश सोलंकी गंगनहर पर भारी पुलिस फॉर्स के साथ तैनात रहे। इसके अलावा समाज सेवकों द्वारा नगर में दर्जनों स्थानों पर भंडारा लगाकर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।

**जगह जगह लगे भंडारों से श्रद्धालूओं को किया खिचड़ी का प्रसाद वितरित**

# बाबा साहब के सम्मान के विरुद्ध की गई निदात्मक टिप्पणी के लिए महामहिम राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में मंगलवार को डॉ अम्बेडकर पार्क घटाघर अलीगर में श्री अमित शाह द्वारा सदन में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के विरुद्ध की गई निंदात्मक टिप्पणी के विरोध में केन्द्रीय ग्रहमंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमे ।ठै के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने कहा कि इस मांग को लेकर संगठन क्रमबद्ध तरीके से आन्दोलन कर रहा है और महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन दे रहा है, उसके उपरांत भी ।ठै की मांग आधार पर कोई कार्यवाही सरकार ने नही की, हठधर्मिता को दशार्ता है। इस देश के बहुजन समाज के लिए डॉ अंबेडकर ही भगवान है और वही उनके लिए सब कुछ है, क्योंकि बाबा साध्व के संघर्ष एवं वलिदान की नौलत ही बहुजन समाज को शिक्षा रोजी रोजगार सम्मान संविधान मिला है जिससे उसका आंशिक विकास हुआ है। पश्चिमी उ०५० प्रमादी अमिल हुए कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ गुलशन कुमार ने कहा कि बहुजन समाज को अपनी ताकत पहचाननी होगी अन्यथा विरोधी ऐसे ही बहुजन महापुरुषो का अपमान करते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित संयोजक दौलत सिह, मंडल अध्या डाँ रणवीर सिह, महामंत्री अजय कुमार मौर्य, मंडल संयोजक राधेश्याम सिंह, सत्यवीर सिंह, गीतम कुमार, उमेश कुमार जितेर कुमार, विरेद्र सिंह, मनवीर सिंह, आदिल उपस्थित सुकुमारी गौतम, भानुप्रताप, राहूलगौतम, रोहित कुमार, सेलेन्द्र कुमार, अमर बिह बोह, एड० ओमशंकर सगर, ओमवीर सिंह सुमन, रामजीलान, जितेन्द्र राधी आदि लोग उपास्थित रहे।

# पशु पालन विभाग ने सरकार को भेजा प्रस्ताव,शत्रु संपत्तियों पर गोशाला चारागाह बनाने की तैयारी,कांठ क्षेत्र में पांच संपत्तियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले की शत्रु संपत्तियों पर गौशाला और चारागाह बनाने की तैयारी है। प्रशासन ने इसका प्रस्ताव शासन को भेजा है। केंद्र सरकार की सहमति मिलने पर जमीन पशु पालन विभाग को दी जाएगी। जिले में अलग-अलग स्थानों पर 194 शत्रु संपत्तियां मौजूद हैं।

शत्रु संपत्ति अधिकारी ने जांच में पाया कि बुधबाजार रेलवे स्टेशन रोड पर 19 दुकानें शत्रु संपत्ति की हैं। इसके अलावा जीएमडी रोड स्थित कुटिया वाली गली में भी शत्रु संपत्ति है। शत्रु संपत्ति विभाग के अभिरक्षक पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम ने फरवरी में स्टेशन रोड बुधबाजार स्थित 19 दुकानों का निरीक्षण किया था। पूछताछ के दौरान जिले के अधिकारियों ने बताया कि बुधबाजार की आठ दुकानों का किराया सरकार वसूलती है लेकिन अन्य दुकानों की फाइलें अभी डीएम कार्यालय में लंबित हैं।शहरी संपत्ति के मामले में विवाद कायम है। शहरी संपत्ति को हथियाने के लिए एक दशक पहले सरकारी रिकॉर्ड भी फाड़कर गायब कर दिए गए थे। इस मामले में जिला प्रशासन ने केस दर्ज कराया था। जांच में कुछ कर्मचारियों के नाम सामने आए थे। कुछ संपत्तियों की हुई जिओ टैगिंगःकेंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर जिला प्रशासन आधे से अधिक संपत्ति की जियो टैगिंग कर चुका है। जिले के अधिकारियों की टीम ने बिलारी क्षेत्र के 18 अचल संपत्तियों की जांच की। लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग की टीमों ने आकलन किया कि अचल संपत्तियों की भूमि कृषि योग्य है। इन जमीनों की कीमत करीब 72 लाख रुपये आंकी गई थी। इसी प्रकार कांठ क्षेत्र में पांच संपत्तियां हैं। इनमें एक आवासीय भवन पृथ्वीगंज में 7400 वर्ग फुट क्षेत्रफल का है। बाकी चार संपत्तियां कृषि योग्य हैं। पांचों संपत्तियों का आकलन एक करोड़ रुपये किया गया है। ठाकुरद्वारा की संपत्तियों का आंकलन नहीं किया गया है। शहरी क्षेत्र के सैदपुर खादर की 200 बीघा जमीन का भी आकलन नहीं किया गया है। डीएम ने गोशालाओं और चारागाह के बारे में एक प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसमें एक एकड़ भूमि मिलने पर चारागाह बनाने की बात कही गई है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कंसल के मुताबिक केंद्र सरकार ने शत्रु संपत्तियों के संबंध में विवरण मांगा था। इस मामले में जिला प्रशासन की तरफ से चारागाह और गोशाला बनाने के मामले में एक प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

**आदेश बेअसर** | **भीषण ठंड में भी खुले आसमान के नीचे चारा खाने और रहने के लिए मजबूर हैं गोवंश**

# मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक का आदेश बेअसर, हरदोई की एक गौशाला के लिए जिम्मेदारों पर 6 साल में नहीं पड़ा कोई फर्क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ/हरदोई (लेखराम मौर्य)।** उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन मंत्री कई बार छुट्टा गोवंश को खेतों और सड़कों पर न घूमने देने के लिए निर्देश दे चुके हैं लेकिन अगर आवारा गोवंश को किसी ऐसी अस्थाई गौशाला में बंद कर दिया जाए जहां जाड़ा गर्मी बरसात से बचाव के लिए किसी प्रकार के कोई उपाय न किए जाएं और जिम्मेदार सिर्फ सरकारी धन की बंदर बाँट में लगे हो तो ऐसे में उन गोवंश को बंद करना एक तरह से उनको मौत के मुंह में झोंकना ही समझिए। ऐसी ही एक गौशाला राजधानी के पड़ोसी जनपद हरदोई के भरावन ब्लाक की ग्राम पंचायत पवायां में स्थित है। इस पंचायत में अस्थाई गौशाला का निर्माण करीब 6 वर्ष पूर्व किया गया था इसके निर्माण के समय कल्पना देवी ही प्रधान थी और आज भी वही प्रधान हैं और उनके पति ही सारा काम देखते हैं। कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद आज तक इस गौशाला में चारा खाने के लिए बनाई गई चरही पर छाया की व्यवस्था नहीं की गई है। इस गौशाला में काम कर रहे चौकीदारों ने भी ग्राम प्रधान से कई बार टूटी हुई चरही को बनवाने और उस पर छाया की व्यवस्था करने के लिए कहा परंतु यहां के निर्दयी प्रधान सचिव और ऊपर के जिम्मेदार अधिकारी तथा पशु चिकित्सा अधिकारी भी कई बार देखने के बावजूद भी अंजान बने हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस गौशाला का निरीक्षण करने के लिए जो भी अधिकारी आया उसने गौशाला की व्यवस्था को सुधारने के लिए निर्देश तो दिए लेकिन लौट कर नहीं आया। इस गौशाला में दो टीन शेड और एक चरही पानी पीने के लिए और दूसरी चरही चारा खाने के लिए खुले में बनी हुई है। चारा खाने वाली चरही का हाल यह है कि वह आधी टूट चुकी है जब उसमें सूखा भूसा और सूखा पुआल गोवंश को खाने के लिए डाला जाता है तो उसमें से आधा जमीन पर ही गिर जाता है जिससे जहां एक और चारे का नुकसान होता है वहीं दूसरी ओर भीषण जाड़े, गर्मी और बरसात में जानवरों को खुले आसमान के नीचे चारा खाना पड़ता है जिससे गोवंश बीमार होकर मर जाते हैं। जाड़े से बचाव के लिए एक तीन केजरीवाल आसपास तिरपाल बांधकर फर्ज अदाएगी कर दी गई है वह तिरपाल भी तीन ओर से फट चुका है इसलिए ठंड से बचाव के लिए यहां कोई व्यवस्था नहीं है। चौकीदारों ने बताया कि यहां केवल सूखा भूसा और सूखा पुवाल दिया जाता है। हरा चारा और चोकर आदि कभी नहीं दिया जाता है। जबकि सरकार ने कई माह पहले ही प्रति पशु ?50 प्रतिदिन के हिसाब से खर्च करने की अनुमति दे दी है बावजूद इसके कई जगह सूखे चारे के अलावा हरा चारा कभी नहीं दिया जाता है।





मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267